सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
13.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 328



12 दुश्मनों की कमर तोड़ने को 'रुद्रास्त्र' तैयार

## न्यूज डायरी

### सीएम हेमंत ने झारखंड की बहनों को दिया संदेश

**रांची।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत राज्य की लाखों महिलाओं को एक बार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री सम्मान निधि के तहत अप्रैल माह की 2500 की सम्मान राशि महिलाओं के बैंक खातों में पहुंचनी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि झारखंड की हर बहन और बेटी के आत्मसम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अबुआ सरकार महिलाओं के हक और अधिकार को मजबूत करने के लिए हर मोर्चे पर खड़ी है। इस योजना का लाभ उन महिलाओं को मिल रहा है, जिनकी उम्र 18 से 50 वर्ष है। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक के साथ-साथ सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाना है।

### शराब घोटाले के आरोपी के खिलाफ वारंट जारी

**रांची।** राज्य में 38 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले में आरोपी छत्तीसगढ़ के चर्चित कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया की मुश्किलें बढ़ गई है। उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। मामले के जांच अधिकारी ने एसीबी कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट प्राप्त कर लिया है। गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद उसकी गिरफ्तारी कभी भी एसीबी की टीम कर सकती है। जांच अधिकारी ने पिछले दिनों गिरफ्तारी वारंट का आवेदन देकर इसे जारी करने का अनुरोध किया था। इसी मामले में विनय कुमार सिंह के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

### 25 लाख की फिरौती के लिए युवक की हत्या

**बोकारो।** ₹25 लाख की फिरौती के लिए युवक की हत्या कर शव गेमन कॉलोनी स्थित एक परित्यक्त क्वार्टर में दफनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर शव व हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर मुख्य अभियुक्त अमन कुमार वत्स को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपित अमन ने कबूल किया कि उसने 25 लाख रुपये की फिरौती के लिए देवाशीष कुमार (19) का अपहरण किया और हत्या कर शव को क्वार्टर में दफना दिया था।

### गाजियाबाद जा रही ट्रेन बेपटरी, कोई हताहत नहीं


**नई दिल्ली।** दिल्ली के निजामुद्दीन से गाजियाबाद जा रही एक ट्रेन गुरुवार को पटरी से उतर गई। ट्रेन का चौथा डिब्बा प्रभावित हुआ है। अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और राहत एवं सुरक्षा उपायों का आकलन किया जा रहा है। उत्तर रेलवे के अनुसार, शाम 4:10 बजे के आसपास ट्रेन नंबर 64419 का एक डिब्बा शिवाजी ब्रिज के पास डाउन मेन लाइन पर पटरी से उतर गया। रेलवे अधिकारी और कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचकर बहाली के काम में जुट गए हैं। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

## अहमदाबाद में लंदन के लिए उड़ान भरने के दो मिनट बाद हुआ हादसा, 242 लोग थे सवार

# एयर इंडिया का विमान क्रैश

## गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 241 लोगों की मौत की खबर

एजेंसी | बोइंग-787 ड्रीमलाइनर | एआई-171



विजय रूपाणी, पूर्व सीएम

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास गुरुवार को लंदन जा रहा एयर इंडिया का यात्री विमान एआई-171 उड़ान भरने के दो मिनट बाद ही मेघानीनगर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बोइंग-787 ड्रीमलाइनर विमान ने दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी और तकनीकी खराबी के चलते 1.40 बजे ब्लास्ट के साथ क्रैश हो गया। हादसे के तुरंत बाद बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया गया।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने जारी बयान में बताया कि विमान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश नागरिक, सात पूर्तगाली नागरिक और कनाडा के एक समेत कुल 242 लोग सवार थे। विमान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के पास थी और उसके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। विमान में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी भी थे। इस हादसे में 241 लोगों की मौत हो गयी।

हेल्पलाइन नंबर : 9978405304 और 07923251900
हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444



### देश के बड़े विमान हादसे

**01 जनवरी 1978:** एअर इंडिया का विमान मुंबई से उड़ान भरते ही अरब सागर में गिरा, 213 लोगों की मौत। यह विमान दुबई जा रहा था।

**26 अप्रैल 1993 :** औरंगाबाद एयरपोर्ट पर ट्रक से विमान टकराया, 55 लोगों की मौत, विमान मुंबई जा रहा था।

**12 नवंबर 1996:** हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान टकराए। 349 लोगों की मौत। इनमें एक विमान सऊदी अरब और दूसरा कजाकिस्तान का था।

**22 मई, 2010:** कर्नाटक के मंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान रनवे से फिसलता हुआ खाई में गिरकर दो हिस्सों में बंटा, 158 यात्रियों की मौत।

**07 अगस्त 2020:** केरल के कोझिकोड में एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रन-वे से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त, 21 यात्रियों की मौत।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एक्स पोस्ट में कहा, विमान हादसे के बारे में जानकर बहुत दुखी हूं। यह एक हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, विमान हादसे ने हमें विनाशकारी मानवीय त्रासदी का सामना करने पर विवश कर दिया है। मेरी संवेदनाएं सभी लोगों के साथ हैं।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। मेरी संवेदनाएं प्रभावितों के साथ हैं।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा- भीषण विमान दुर्घटना दुखद और मर्माहत करने वाला है। दिवंगतों के परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स पर लिखा कि विमान क्रैश की हृदयविदारक घटना से स्तब्ध हूं। दुर्घटना में हताहत लोगों और उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनायें हैं।

## बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के मेस की छत पर गिरा विमान का हिस्सा, 20 इंटर्न डॉक्टरों की मौत की आशंका

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान क्रैश होने में बड़ा नुकसान हुआ है। बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल के मेस की छत पर विमान का हिस्सा गिरा। विमान के हिस्से के बिल्डिंग पर गिरने से 20 इंटर्न डॉक्टरों की मौत की भी आशंका है। यहां आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। हॉस्टल में काफी छात्र मौजूद थे।



हॉस्टल की मेस



विमान का मलबा

## टाटा ग्रुप देगा एक-एक करोड़ मुआवजा



एयर इंडिया के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन का बयान जारी करते हुए एक्स पर लिखा, हम एयर इंडिया फ्लाइट 171 से जुड़ी भयंकर घटना से बहुत दुखी हैं। इस समय हम जो दुःख महसूस कर रहे हैं उसे शब्दों में जाहिर नहीं किया जा सकता। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है, और जो घायल हुए हैं। टाटा समूह इस त्रासदी में जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के परिवार को 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि देगा। हम घायलों के इलाज का खर्च उठाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें सभी आवश्यक देखभाल और सहायता मिले। इसके अलावा, हम बीजे मेडिकल का हॉस्टल बनाने में मदद देंगे।

## विमान दुर्घटना में केवल एक ब्रिटिश व्यक्ति ही जीवित बचा



**अहमदाबाद।** विमान दुर्घटना में एक ब्रिटिश व्यक्ति के जीवित बचे होने की खबर है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि एक व्यक्ति जीवित बचा है, जो विमान की सीट 11-ए पर था। श्री मलिक ने कहा कि घायल व्यक्ति अस्पताल में है और उसका इलाज चल रहा है। जीवित यात्री का नाम विश्वास कुमार रमेश है और वो ब्रिटिश नागरिक हैं। मीडिया रिपोर्ट में विश्वास कुमार रमेश से बात किए जाने का ज़िक्र है और ये भी बताया जा रहा है कि उन्होंने अपना बोर्डिंग पास शेयर किया। रिपोर्ट के मुताबिक विश्वास कुमार रमेश ने कहा था, उड़ान भरने के तीस सेकंड बाद एक जोरदार आवाज हुई और फिर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह सब बहुत जल्दी हुआ।

## दस मिनट देर से पहुंची महिला की छूटी फ्लाइट,हादसे का शिकार होते-होते बची



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट दुर्घटना की शिकार होते-होते भूमि चौहान नाम की एक महिला बच गयी। व्यस्त ट्रैफिक ने उन्हें बचा लिया। ट्रैफिक में फंसने के कारण वह 10 मिनट की देरी से एयरपोर्ट पहुंची थीं। भूमि चौहान ने बताया कि फ्लाइट के टेकऑफ के लिए 1:10 बजे का समय शेड्यूल था। इसके बाद उन्हें बोर्डिंग की इजाजत नहीं मिली। इस हादसे की सूचना के मिलने के बाद वह काफी देर तक वह सदमें रही। भूमि ने बताया कि जब वह दुखी होकर एयरपोर्ट से एग्जिट गेट पर पहुंची तब उन्हें पता चला कि जिस फ्लाइट को उन्होंने मिस किया है, वह क्रैश हो गया है।

## विमान हादसे से पूरा देश सदमे में है: शाह

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।
- एयर इंडिया विमान दुर्घटना पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने कहा कि इस हादसे की निष्पक्ष और गहन जांच के आदेश दे दिए गए हैं।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया। श्री शाह ने कहा कि पूरा देश सदमे में है और जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है उनके परिजनों के साथ पूरा देश खड़ा है। उन्होंने कहा कि यात्रियों के शव दुर्घटनास्थल से लगभग बरामद कर लिये गए हैं। यात्रियों के परिजनों के डीएनए नमूने एकत्र किए गये। विदेशी यात्रियों के परिजनों से भी संपर्क किया गया है। उनके भारत पहुंचने पर उनके डीएनए नमूने भी एकत्र किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कहा इस विमान हादसे में सौभाग्य से एक यात्री बच गया और जिनसे उन्होंने मुलाकात भी की।




## पीएम ने लिखा : 11 साल पहले एक खामोश डिजिटल क्रांति शुरू हुई

# प्रौद्योगिकी गरीबों को सशक्त बनाने का बड़ा माध्यम

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी गरीबों को सशक्त बनाने का बड़ा माध्यम है। इसकी ताकत के प्रयोग से अनगिनत लाभ हुए हैं। जन सामान्य से जुड़ी सेवाओं में अभूतपूर्व पारदर्शिता आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को एक्स हैंडल पर यह टिप्पणी डिजिटल इंडिया के 11 वर्ष के अवसर पर माय गवर्नमेंट इंडिया के पोस्ट पर की है। उन्होंने लिखा कि प्रौद्योगिकी की शक्ति का लाभ उठाने से लोगों को अनगिनत लाभ हुए हैं। सेवा वितरण और पारदर्शिता में बहुत वृद्धि हुई है। इसके अलावा, प्रौद्योगिकी सबसे गरीब लोगों के जीवन को सशक्त बनाने का एक साधन बन गई है। भारत के युवाओं की मदद से हम इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के अनुप्रयोग में उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। यह आत्मनिर्भर बनने और वैश्विक तकनीकी महाशक्ति बनने के हमारे प्रयासों को भी मजबूत कर रहा है।

माय गवर्नमेंट इंडिया के एक्स हैंडल पर कहा गया है- 11 साल पहले, एक खामोश डिजिटल क्रांति शुरू हुई, जिसने भारत के जुड़ने, शासन करने और विकास करने के तरीके को नया आकार दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में डिजिटल इंडिया पहल ने प्रौद्योगिकी को सशक्तिकरण के एक उपकरण में बदल दिया है। उन्होंने लिखा कि एक बड़े अंतराल को इस क्रांति ने पाटा है। अवसरों के द्वार खोले हैं। हर नागरिक के लिए शासन को अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाया है।

माय गवर्नमेंट इंडिया की एक्स पोस्ट पर लिखा कि दूरदराज के गांवों में इंटरनेट की पहुंच से लेकर दुनिया में अग्रणी वास्तविक समय के डिजिटल भुगतान तक, यह परिवर्तन केवल संख्याओं के बारे में नहीं है, यह लोगों, प्रगति और संभावना के बारे में है। यह डिजिटल इंडिया के 11 वर्ष में समावेशी विकास, नवाचार और डिजिटल पावरहाउस के रूप में भारत के उभरने की कहानी है। भारत की तकनीकी यात्रा क्रांतिकारी है।

## केशव महतो ने दुर्धटना पर दुख व्यक्त किया

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट की दुर्घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि हादसे के बारे में सुनकर मैं स्तब्ध और दुखी हूं। अहमदाबाद में हुए यह त्रास्दी दिल दहला देने वाली है। इस दुखद समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित परिवार के साथ है। सभी यात्रियों और क्रू-मेंबर के परिवारों के साथ हमारी संवेदनाएं है। इस विपत घड़ी में ईश्वर प्रभावित परिवारों को धैर्य और सहन शक्ति प्रदान करें।

## डॉ लंबोदर ने विमान हादसे पर गहरा शोक प्रकट किया

**रांची।** अहमदाबाद विमान हादसे पर पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गहरा शोक प्रकट किया है। साथ ही इस अकल्पनीय दुर्घटना में अपने निकट संबंधियों को खोने वाले परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि यह सबसे बड़े विमान दुर्घटनाओं में से एक है।


AFFIDAVIT

Series No. 23-24/VI 15487
I, Pratibha Devi W/O Late/Prem Kumar, resident of Savita Colony, Harmu By Pass Road, Doranda, P.O. & P.S. Doranda, Dist. Ranchi-834002, Jharkhand do hereby solemnly affirm & declare as follows :-
1. That my daughter's actual and correct name is SUBEDI SANSKRITI and her actual date of birth is 31.03.2011.
2.That her mother's name is Pratibha Devi and father's name is Late.Prem Kumar.
3. That a Birth Certificate of my said daughter has been issued from RMC. Ranchi wherein her name is recorded as Sanskriti Kumari. vide Regd. RNC/RNC/BIRTH/64851 dt. 06.11.2014.
4. That Subedi Sanskriti and Sanskriti Kumari both name is one and same person who is my daughter.
5. That now I want to change her name from Sanskriti Kumari to Subedi Sanskriti in the fresh Birth Certificate hence I am doing this affidavit.
6. That purpose of this affidavit is issuance a fresh Birth Certificate in the name of Subedi Sanskriti from the concering authority.
Sworn & signed this affidavit on 9.6.2025 at Ranchi.
Ref. No. 252
Date-09.06-2025.



दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

ई-निविदा सूचना सं.: एम-41आर-एमसीसी-ओबीएचएस-2वीबी-आरएनसी-58, दिनांक: 10.06.2025: भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का नाम: 2 अदद वंदे भारत ट्रेन सेट (रांची-हावड़ा-रांची एवं रांची-वाराणसी-रांची) के लिए चार वर्षों की अवधि हेतु मार्ग में यांत्रिक कोच सफाई, पानी भरना, ओबीएचएस, कचरा संग्रहण एवं उसका निपटान। कार्य की अनुमानित लागत (जीएसटी सहित): रु. 4,25,45,627.45; बयाना राशि: रु. 3,62,700; ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 04.07.2025 को अपराह्न 03.00 बजे। वेबसाइट का विवरण एवं ब्यौरा: www.ireps.gov.in. (PR-259)



JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD
RANCHI-834001, JHARKHAND.
Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752
e-mail Id-pdt.juidco@gmail.com,juidcolimited@gmail.com

Tender Cancellation Notice

NIT No – JUIDCO Ltd/NIT/DPR-PMC/SWM/24/624
Tender ID – 2024_UDD_89210_1
PR No. – 331409
Project Title - "Request for Proposal (RFP) for selection of Consultant for providing Consultancy service for Preparation of DPR of Solid Waste Management (SWM) Project and Project Monitoring Consultancy (PMC) at Chattarpur and Hariharhganj"
The tender having details as mentioned above is cancelled due to unavoidable reasons. All bidders are therefore requested to wait for future correspondence regarding fresh tender.

Sd/-
Project Director (Tech)
JUIDCO Ltd

PR 354875 Urban Development and Housing (25-26)_D



उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(विकास शाखा)

विज्ञापन संख्या :– 02/2025

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत उपायुक्त कार्यालय, कोडरमा (DMFT Cell) में Computer Operator पद पर नियुक्ति हेतु पूर्णतः अस्थायी/संविदा पर इच्छुक अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में आवेदन आंमत्रित किया जाता है।

| क्र0 | पद का नाम | संख्या | उम्र | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | 18–35 (अधिकतम उम्र सीमा की गणना हेतु संदर्भ तिथि 01.01.2025 | अनिवार्य योग्यता :– (क) सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान(Board) से न्यूनतम इंटरमीडिएट उत्तीर्ण। (ख) सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम एक वर्ष का कम्प्यूटर कोर्स। (ग) कम्प्यूटर का ज्ञान, Hindi & English Typing, MS Office PFMS, Mis Entry आदि की जानकारी। (घ) इन्टरनेट कार्य संबंधित जानकारी। अतिरिक्त योग्यता:– (क) संबंधित कार्य क्षेत्र में कम से कम एक वर्ष का कार्य अनुभव |

आवेदन की प्रक्रिया :–
1. आवेदन विहित प्रपत्र में भरकर सभी प्रमाण पत्रों की स्वभिप्रमाणित प्रति के साथ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 26/06/2025 तक जिला विकास शाखा, कोडरमा समाहरणालय परिसर पिन– 825410" के पते पर स्वीकार किया जायेगा।
2. अन्य किसी माध्यम से अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

नियम व शर्तें :–
1. आवेदन हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। स्थानीय अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा निर्गत अधिसूचना के आधार पर कुशल श्रेणी हेतु निर्धारित दर के अनुसार मानदेय भुगतान किया जायेगा।
3. अभ्यर्थी का चयन कम्प्यूटर टेस्ट के आधार पर संधारित मेधा सूची के आधार पर किया जायेगा।
4. सेवा असंतोषजनक पाये जाने पर किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के सेवा समाप्त की जा सकती है।
5. अभ्यर्थी की नियुक्ति के उपरान्त उनके स्थायी नियुक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।
6. उक्त विज्ञापन को स्थगित/रद्द करने एवं शर्तो में परिवर्तन/संशोधन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

नोट :– उक्त संबंधी विज्ञापन की विस्तृत जानकारी एवं नियुक्ति से संबंधित सूचना समय–समय पर जिला के Website: koderma.nic.in पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त,
कोडरमा

PR 354797 (District)25-26*D


### सरकारी प्रोजेक्ट में आर्किटेक्ट की भूमिका को लेकर बड़ा बदलाव

# फेल होने के बाद 30 दिन के अंदर समाप्त हो जाएगा आर्किटेक्ट का अनुबंध, प्रस्ताव तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सरकारी परियोजनाओं में आर्किटेक्ट की भूमिका को लेकर बड़ा बदलाव किया गया है। भवन निर्माण विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार किया है। प्रस्ताव के अनुसार, यदि आर्किटेक्ट अपने हिस्से की जिम्मेदारी का पालन करने में विफल रहता है तो अनुबंध को 30 दिन का लिखित नोटिस देकर समाप्त किया जा सकता है। इसके लिए अनुबंध की समाप्ति के संबंध में समय सारणी तैयार करना अनिवार्य कर दिया गया है।

**आर्किटेक्ट की जिम्मेवारियां भी तय :** नए प्रस्ताव में आर्किटेक्ट की जिम्मेवारियां भी तय कर दी गई हैं। इसके तहत आर्किटेक्ट को डिजाइन ब्रीफ तैयार करने के साथ साइट मूल्यांकन, विश्लेषण और मौजूदा या प्रस्तावित विकास का तत्काल परिवेश पर प्रभाव का भी मूल्यांकन करना होगा। इसके अलावा डिजाइन और साइट विकास,संरचनात्मक डिजाइन, स्वच्छता, नलसाजी, जल निकासी, जल आपूर्ति,सीवरेज डिजाइन, विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक, संचार प्रणाली और डिजाइन,हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग डिजाइन (एचवीएसी) और अन्य यांत्रिक प्रणालियो पर भी ध्यान देना होगा।

इन पर भी रखनी होगी नजर

लिफ्ट, एस्केलेटर, अग्नि पहचान, अग्नि सुरक्षा और सुरक्षा प्रणाली, लैंडस्केप आर्किटे^र, आंतरिक वास्तुकला, वास्तुशिल्प संरक्षण इमारतों की रेट्रोफिटिंग और ग्राफिक डिजाइन व साइनेज पर भी ध्यान रखना होगा।

वहीं विभाग को परियोजना की विस्तृत आवश्यकता प्रदान करनी होगी। इसमें साइट योजना, मौजूदा भौतिक विशेषताएं और वैधानिक मंजूरी के संबंध में सभी शुल्क शामिल होंगे। विभाग को आर्किटेक्ट की पेशेवर सलाह को प्रभावी बनाना होगा। आर्किटेक्ट की सहमति के बिना ड्राइंग और दस्तावेजों में कोई बदलाव नहीं करना होगा।

#### नए नियम में ये भी है प्रावधान

राज्य सरकार ने सरकारी परियोजनाओं में आर्किटेक्ट की भूमिका को लेकर नए नियम जारी किए हैं। यदि आर्किटेक्ट फर्म अपना व्यवसाय बंद कर देती है या विभाग द्वारा अनुबंध समाप्त कर दिया जाता है, तो विभाग को पिछले आर्किटेक्ट फर्म को भुगतान करने के बाद कार्य पूरा करने के लिए किसी अन्य आर्किटेक्ट को नियुक्त करने का अधिकार होगा।

### क्षतिपूर्ति और जुर्माना

- **खराब प्रदर्शन के लिए जुमार्नाः** सलाहकार से अपेक्षित खराब प्रदर्शन या सेवा में कमी के लिए और अनुबंध की सामान्य शर्तों के अनुसार सलाहकार पर जुमार्ना लगाया जाएगा।
- **सरकारी अधिकारियों द्वारा जुर्मानाः** जुमार्ना सरकारी अधिकारियों, भवन निर्माण विभाग/झारखंड सरकार, रांची द्वारा लगाया जाएगा।
- **अनुबंध की शर्तो के अनुसार कार्रवाईः** विभाग द्वारा अनुबंध की शर्तों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी और सलाहकार को अपने दायित्वों का पालन करना होगा।

#### नए नियमों का उद्देश्य

- **सरकारी परियोजनाओं की गुणवत्ता में सुधारः** नए नियमों का उद्देश्य सरकारी परियोजनाओं की गुणवत्ता में सुधार करना और सुनि>ित करना है कि परियोजनाएं समय पर और निर्धारित बजट के भीतर पूरी हों।
- **आर्किटेक्ट फर्मो की जवाबदेहीः** नए नियम आर्किटेक्ट फर्मों की जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही वे अपने दायित्वों का पालन भी करेंगे।

### हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा

## लातेहार कोर्ट जैसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए क्या इंतजाम किए गए

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वर्ष 2022 में टाना भगतों द्वारा लातेहार सिविल कोर्ट में किए गए प्रदर्शन और उन पर हुए पुलिस लाठीचार्ज मामले पर स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस की बेंच ने सरकार से सख्त लहजे में पूछा कि कि ऐसी घटना दोबारा ना हो, इसके लिए क्या इंतजाम किए गए हैं। साथ ही कोर्ट ने सरकार को 7 अगस्त तक इस मामले में विस्तृत अद्यतन स्थिति रिपोर्ट (अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट) दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**जानें क्या है मामला :** दरअसल टाना भगत संघ ने वर्ष 2022 में लातेहार व्यवहार न्यायालय का घेराव किया था। संघ के लोगों ने संविधान की पांचवीं अनुसूची का हवाला देते हुए कोर्ट-कचहरी बंद करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान टाना भगतों ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश समेत पूरे न्यायालय परिसर को 4 घंटे तक घेरे रखा था। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। अधिकारियों ने टाना भगतों को काफी समझाने की कोशिश की। लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने और तोड़फोड़ शुरू कर दी। जिसके बाद स्थिति को संभालने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। इसमें अफसर इंचार्ज समेत कई अधिकारी और कई आंदोलनकारी भी घायल हुए थे।

### भाजपा मुख्यालय में हुई संगठनात्मक बैठक

## सेवा,सुशासन,गरीब कल्याण के महत्वपूर्ण 11 साल : कर्मवीर सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भाजपा मुख्यालय में गुरूवार को डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत संगठनात्मक बैठक हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के लिये समर्पित है मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति समाज के लोग प्रायः भाजपा के प्रति बढ़ चढ़ कार्य करते है। हम सभी को उस अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर लाभान्वित करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आयुष्मान कार्ड को शिविर लगाकर बनाने का निर्देश दिया। संगठन के सभी कार्यक्रम को प्राथमिकता देते हुये ईमानदारी से करे। कार्यकर्ता नई उर्जा के साथ पार्टी को नये ऊचाइयों तक पहुचाने का कार्य करें। इस अवसर पर जीतू चरण राम ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विशाल परिवार है। इसी पारिवारिक भावना और संगठनात्मक एकजुटता के बल पर आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

किशुन कुमार दास ने कहा कि संगठन के कार्यो को सुदृढ़ ढंग से आगामी कार्य को पूर्ण रूप से टोली बनाकर करें। एक पेड़ मां के नाम, अंबेडकर सम्मान अभियान, 21 जून को योग दिवस, 25 जून को आपातकाल एवं 29 जून को मन की बात सभी कार्यकर्ता बूथो में सुन कर फोटो अपलोड करें। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, प्रमंडल प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी उपस्थित थे।

# झारखंड राजद में सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया तेज, प्रदेश अध्यक्ष चुनने के लिए 21 जून को हो सकता है मतदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल में इन दिनों सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। झारखंड राजद राज्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप और सहायक राज्य निर्वाचन पदाधिकारी कलामुद्दीन खान की देखरेख में पार्टी संगठन के निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया चल रही है। झारखंड राजद सांगठनिक चुनाव 2025 के लिए राज्य सहायक निर्वाचन पदाधिकारी और प्रदेश महासचिव कलामुद्दीन खान ने बताया कि राजनीतिक दलों को हर तीन साल पर पार्टी संगठन के अंदर चुनाव कराकर निर्वाचन आयोग को इसकी जानकारी देनी होती है। राष्ट्रीय जनता दल का भी वर्ष 2025-28 के लिए कार्यकारिणी का चुनाव होना है, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है। उससे पहले राज्य इकाई में चुनावी प्रक्रिया पूरी कर लेनी है।

**प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव 21 जून को होगा :** कलामुद्दीन खान ने बताया कि राज्य के 24 में से 21 जिलों में, जिला अध्यक्ष और जिला इकाई का चुनाव हो गया है। पंचायत और प्रखंड स्तर पर भी चुनाव हो गया है। अब 21 जून को प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव होगा। उससे पहले नामांकन, स्क्रूटनी, नाम वापस लेने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**विवाद की वजह से तीन जिलों में नहीं हो सकता जिलाध्यक्ष का चुनाव**

राष्ट्रीय जनता दल के झारखंड राज्य के सहायक निर्वाचन पदाधिकारी कलामुद्दीन खान ने बताया कि राज्य के तीन जिले जामताड़ा, गिरिडीह और लोहरदगा में विवाद की वजह से पार्टी के जिला निर्वाचन पदाधिकारी चुनाव नहीं करा पाए, ऐसे में अब प्रदेश स्तर पर विवाद समाप्त कराकर राज्य निर्वाचन पदाधिकारी इन तीनों जिलों में जिला अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे।

**झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में ये होते हैं वोटर :** झारखंड राजद के सांगठनिक चुनाव संपन्न कराने के लिए सहायक चुनाव अधिकारी बनाये गए कलामुद्दीन खान ने कहा कि पार्टी संविधान के अनुसार अगर प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए एक से अधिक नामांकन हुए तो नए अध्यक्ष का चुनाव वोटिंग से होगा। ऐसे में झारखंड राज्य के सभी 24 जिलों के जिलाध्यक्ष और हर विधानसभा क्षेत्र से 01-01 राज्य परिषद सदस्य नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए मतदान करते हैं।

# आजसू 22 को मनाएगा रांची में बलिदान दिवस : सुदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** आजसू पार्टी की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने की। इस दौरान उन्होंने राज्य की मौजूदा सरकार पर तीखा हमला बोला। सुदेश महतो ने बताया कि आजसू पार्टी 22 जून को रांची में बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के इतिहास, संघर्ष, योगदान और बलिदान को याद करते हुए कार्यकर्ता उस दिन श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

उन्होंने झारखंड सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में शराब नीति चिंता का विषय बन गई है। सरकार केवल मंईयां सम्मान योजना जैसे फंड संग्रह करने वाली योजनाओं में लगी है, जबकि आम जनता की मूलभूत समस्याओं की अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पेंशन योजनाएं बाधित हैं, कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा और जिन ठेकेदारों ने काम किया है, उन्हें भुगतान तक नहीं मिला है। राज्य में भय का माहौल है और लोग खुलकर अपनी बात नहीं रख पा रहे हैं। उन्होंने इसे 'अराजकता की स्थिति' बताया। कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए सुदेश महतो ने कहा कि पेसा कानून किसी एक राज्य के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए है। कांग्रेस की सोच केवल लोगों को गुमराह करने की है। उन्होंने पूछा कि कांग्रेस रांची में किस मॉडल को लागू करना चाहती है, यह केवल कांग्रेसी ही जानते होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार ने पेसा कानून को लागू करने का वादा किया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे कई वर्ग प्रभावित हो रहे हैं। आदिवासी अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है।

उन्होंने कहा कि पहले जिन मुद्दों को लेकर सरकारें सड़कों पर उतरती थीं, आज वही सरकार लाठी और गोली से आंदोलन को दबा रही है। राज्य की जनता चाहती है कि पेसा कानून का पूरी तरह से संरक्षण हो। सुदेश महतो ने यह भी सवाल उठाया कि यह कैसी सरकार है, जो अब तक जिला-वार भाषाओं का चयन तक नहीं कर पाई है। कहा कि झारखंड विविधता का प्रदेश है, इसलिए स्थानीय भाषाओं को जिलेवार मान्यता मिलनी चाहिए।

केंद्र में एनडीए सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की कल्पना आज साकार हो रही है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक पहली बार ट्रेन सेवा शुरू की गई है, जो आजाद भारत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। बैठक में सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी, विधायक तिवारी महतो, डॉ लंबोदर महतो, केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### खबर एक नजर में

## 17 को फिलिस्तीन के साथ एकजुटता दिवस मनाओ : वामदल

**रांची।** वामदलों के अखिल भारतीय आह्वान पर झारखंड में भी वामदल 17 जून को फिलिस्तीन और विशेषकर गाजा में इस्त्राइल की बर्बर नेतन्याहू सरकार की ओर से किए जा रहे नरसंहार का विरोध करते हुए फिलिस्तीनी जनता के साथ एकजुटता दिवस मनाएंगी। उल्लेखनीय है कि पिछले दो साल से गाजा पर हो रहे हमलों से 55 हजार से ज्यादा निर्दोष नागरिकों की हत्याएं हो चुकी हैं। इनमें से 61 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। वामदलों का कहना है कि नेतन्याहू सरकार और इस्त्राइल की क्रूरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह जानबूझकर अस्पतालों, स्कूलों और आवासीय परिसरों को निशाना बना रहा है। दुनिया भर के देशों, संयुक्त राष्ट्र संघ और अंतरराष्ट्रीय कोर्ट के निदेशों को भी वह नहीं मान रहा है। वामदलों ने कहा है कि दुनिया भर से फिलिस्तीन पहुंचने वाली राहत और खाद्य सामग्री को भी वह रोक रहा है। हाल ही में उसने एक ऐसे जहाज को भी रोक लिया है जिसपर राहत का सामान जा रहा था। वामपंथी दलों ने फिलिस्तीन के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए भारत सरकार से भी मांग की है कि उसे अपने परंपरागत और फिलिस्तीन के समर्थन वाले रुख पर वापस लौटना चाहिए। वामपंथी दल 17 जून को इन मांगों के लेकर पूरे राज्य में एकजुटता दिवस मनारएंगी। बयान जारी करनेवालों में प्रकाश विप्लव सीपीआई (एम), महेंद्र पाठक सीपीआई, मनोज भक्त भाकपा माले, अरुण मंडल फारवर्ड ब्लाक, गणेश दिवान आरएसपी, मिंटू पासवान एसयुसीआई (सी) शामिल है।

## झामुमो के मीडिया पैनल सदस्यों को निर्देश, स्वयं को पक्षकार के रूप में प्रस्तुत न करें प्रवक्ता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने अपने मीडिया पैनल के सदस्यों के लिए निर्देश जारी किया है। पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है वे पार्टी का पक्ष रखते समय स्वयं को 'पक्षकार' के रूप में प्रस्तुत करें, न कि प्रवक्ता या केन्द्रीय प्रवक्ता के रूप में। मीडिया पैनल के सदस्य समाचार चैनलों, अखबारों, वेब मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर पार्टी का पक्ष रखते समय स्वयं को केवल पार्टी के पक्षकार के रूप में ही प्रस्तुत करें।

**मीडिया पैनल के सदस्यों के लिए निर्देश :** अधिकृत प्रवक्ता का दर्जाः पार्टी ने स्पष्ट किया है कि अधिकृत प्रवक्ता का दर्जा केवल पार्टी द्वारा विशेष रूप से निर्धारित पदाधिकारियों को प्राप्त है। झामुमो ने यह निर्देश अपनी अनुशासन व्यवस्था और सार्वजनिक मंचों पर एकरूपता बनाए रखने के लिए जारी किया है। पार्टी ने यह सूचना पैनल के सभी सदस्यों को भेज दी है।

## अहमदाबाद विमान हादसे पर सीएम सहित अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**रांची।** गुजरात के अहमदाबाद में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होने पर पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपई सोरेन ने अपने शोक संदेश में एक्स पर लिखा कि अहमदाबाद में एक विमान दुर्घटना की दुखद खबर से मन उदास है। इस दुर्घटना के मद्देनजर सभी सार्वजनिक कार्यक्रम स्थगित किये जाते हैं। चंपई सोरेन को आज दुमका में कई कार्यक्रमों में शामिल होना था। पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर उन्हें प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करना था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज अहमदाबाद में जो भयावह त्रासदी घटी। उसने हम सभी को झकझोर कर रख दिया है। इस कठिन समय में हमारी प्रार्थनायें पीड़ित परिवारों के साथ हैं। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि घायल जल्द से जल्द स्वस्थ हों और जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, उन्हें यह असहनीय दुख सहने की शक्ति मिले।

## प्लेन क्रैश की घटना से अत्यंत मर्माहत हूं : सेठ

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुये लिखा कि अहमदाबाद में हुई प्लेन क्रैश की दुखदाई घटना से अत्यंत मर्माहत हूं। संकट की इस घड़ी में ईश्वर से सबके लिए सुरक्षा और शक्ति की प्रार्थना करता हूं। आज के सभी सार्वजनिक कार्यक्रम स्थगित कर रहा हूं।

## पूजा सिंघल मामले की सुनवाई टली

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में ट्रायल फेस कर रही आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा को बेटी का नामांकन विदेश में कराना है। दोनों ने अलग-अलग पासपोर्ट रिलीज करने की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर अब पीएमएलए कोर्ट में 21 जून को सुनवाई होगी। गुरुवार को याचिका पर सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। लेकिन, समय लिया गया। इसके कारण सुनवाई टल गई। अगली सुनवाई की तारीख 21 जून निर्धारित की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अगस्त महीने में नामांकन के लिये विदेश जाना है। अदालत की अनुमति के बाद ही देश छोड़ सकेंगे। मालूम हो कि मामले में पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी साक्ष्य प्रस्तुत कर रहा है। जबकि, अभिषेक झा पर आरोप गठित किया जाना है।

## विमान हादसे पर सुदेश महतो ने दुःख व्यक्त किया कहा ऐसे हादसों को रोकने की प्रणाली विकसित हो

**रांची।** अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने और यात्रियों तथा आम लोगों के हताहत होने पर आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने गहरी संवेदना जाहिर की है और कहा है कि लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान का अहमदाबाद हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त होना अत्यंत पीड़ादायक और मन को विचलित करने वाली घटना है।श्री महतो ने कहा कि इस कठिन घड़ी में उनकी संवेदनाएं सभी पीड़ितों और उनके परिजनों के साथ हैं। भविष्य में ऐसे हादसे न हों, इसके लिए विशेष कदम उठाए जाने चाहिए तथा सुरक्षित प्रणाली विकसित की जाए।

पार्टी के अन्य नेताओं सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक लंबोदर महतो, डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी, डोमन सिंह मुंडा आदि ने भी हादसे पर दुःख जताया है।

# शहद प्रोसेसिंग से जुड़े आदिम जनजाति परिवारों को उपयुक्त बाजार उपलब्ध करायेगा जिला प्रशासन

- उपायुक्त ने बोड़ाम में आदिम जनजाति समुदायों से की मुलाकात, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश
- आजीविका कार्यों को मजबूती देने और आदिम जनजाति परिवारों के आय वृद्धि पर जोर, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की ली गयी जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



शहद उत्पादन से जुड़ी आदिम जनजाति की महिलाओं से बात करते डीसी कर्ण सत्यार्थी। साथ में डीडीसी अनिकेत सचान, एसडीओ शताब्दी मजुमदार व अन्य पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी कर्ण सत्यार्थी ने बोड़ाम प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला परिषद भवन (डाक बंगला) पहुंचकर पहाड़िया, सबर और खड़िया आदिम जनजातीय समुदायों से संवाद किया। यह संवाद विशेष रूप से वन धन विकास केंद्र के तहत शहद प्रोसेसिंग से जुड़ी महिलाओं व परिवारों की आजीविका एवं विपणन की चुनौतियों पर केंद्रित रहा। इस दौरान उन्होने आदिम जनजाति परिवारों के सरकारी योजनाओं से आच्छादन आदि की जानकारी ली।

इस अवसर पर डीसी ने कहा कि शहद प्रोसेसिंग का काम कर रही महिलाओं से मिलना और उनकी गतिविधियों को नजदीक से समझना मेरा मुख्य उद्देश्य था। हमें देखना है कि कैसे इन प्रयासों को और बढ़ाया जाए, कैसे इनके उत्पादों के लिए नए और स्थायी बाजार तलाशे जाएं ताकि इनकी मेहनत का सही मूल्य मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि बोड़ाम जैसे क्षेत्रों में केवल शहद नहीं, बल्कि अन्य आजीविका आधारित कार्य भी हो रहे हैं। जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि इन कार्यों को संस्थागत रूप से गति दी जाए ताकि समुदाय की प्रति व्यक्ति आय में निरंतर वृद्धि हो सके। हम यह भी देख रहे हैं कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अगर कहीं कोई कमी है, तो उसे कैसे दूर किया जाए।

डीसी ने स्पष्ट किया कि जब कोई नया उत्पाद बनता है तो शुरूआती दौर में सबसे बड़ी चुनौती बाजार की होती है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि इन समुदायों द्वारा बनाए गए उत्पादों को अच्छे बाजार से जोड़ा जाए और उन्हें व्यापक पहचान दिलाई जाए। इस दिशा में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी और जेएसएलपीएस की टीम मिलकर कार्य कर रही है।

डीसी कर्ण सत्यार्थी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि आदिम जनजातीय समुदायों की पारंपरिक दक्षताओं और संसाधनों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की जाएं और उन्हें संसाधन, प्रशिक्षण एवं विपणन में भरपूर सहयोग दिया जाए। मौके पर डीडीसी अनिकेत सचान, एसडीओ धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, बीडीओ श्री किकू महतो, सीओ श्री रंजीत रंजन, डीपीएम जेएसएलपीएस श्री सुजीत बारी व अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# देश में समृद्धि बढ़ाने और विदेश में भारत की सशक्त छवि बनाने में पीएम सफल : मरांडी

- केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्षों पर भाजपा ने बिष्टुपुर चैंबर भवन में प्रोफेशनल मीट आयोजित
- प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विकसित भारत की दिशा में देश की प्रगति यात्रा पर शहर के प्रबुद्धजनों से किया संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो



प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी।


**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर भाजपा जमशेदपुर महानगर एवं पूर्वी सिंहभूम जिला के संयुक्त तत्वावधान में बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन में विकसित भारत की दिशा में तेजी से बढ़ती देश की प्रगति यात्रा को जन सामान्य विशेषकर प्रोफेशनल वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शहर के प्रबुद्धजनों के साथ सीधा संवाद किया और केंद्र की मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को विस्तारपूर्वक साझा किया। इससे पहले, प्रोफेशनल मीट में शामिल सभी प्रबुद्धजनों का भाजपा की ओर से अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। प्रोफेशनल मीट में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्धजनों जैसे डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, व्यापारी, उद्योगपति, किसान और शिक्षाविद से संवाद किया गया।

प्रोफेशनल मीट को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान बनाने के साथ देश के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। गरीबों के लिए शौचालय से लेकर आयुष्मान भारत और उज्जवला योजना तक, हर योजना ने भारत को सशक्त और स्वाभिमानी राष्ट्र में बदलने का कार्य किया है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने भ्रष्टाचार से सुशासन तक की यात्रा तय की है। केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि युवाओं को रोजगार दिया गया। नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला। किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान की गयी। दलितों, वंचितों, पिछड़ों और आदिवासियों के कल्याण को प्राथमिकता दी गई। पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर से देश की सुरक्षा को मजबूत किया है। राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक पर कानून, अनुच्छेद 370 की समाप्ति, जनधन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना जैसे कार्य हुए हैं। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने मेक इन इंडिया के बारे में भी उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक और तकनीक के क्षेत्र में प्रगति की है। साथ ही, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को भी दोबारा स्थापित किया है। योग व आयुर्वेद को वैश्विक मंच पर सम्मान मिला है। केंद्र सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलकर गरीब, युवा अन्नदाता और नारी शक्ति के उत्थान पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है।

प्रोफेशनल मीट में मंच संचालन जिला महामंत्री सह कार्यक्रम के जिला संयोजक अनिल मोदी ने किया। वहीं, विषय प्रवेश प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जटाशंकर पांडेय एवं धन्यवाद ज्ञापन पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव ने किया।

## स्पीड न्यूज

### के. प्रभाकर राव करेंगे बैडमिंटन टीम का नेतृत्व



**जमशेदपुर।** झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव और इंडिया पैरा बैडमिंटन के अध्यक्ष के प्रभाकर राव 17.06.2025 से 02.06. 2025 तक नाखोन, थाईलैंड में आयोजित होने वाली आगामी एशियाई पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारतीय पैरा बैडमिंटन टीम का नेतृत्व करेंगे। श्री राव बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव और पैरा-बैडमिंटन इंडिया के अध्यक्ष भी हैं। वे पैरा-बैडमिंटन इंडिया का नेतृत्व करने वाले पूर्वी भारत के पहले व्यक्ति थे, वे पिछले 8 से 10 वर्षों से बीएआई में संयुक्त सचिव के रूप में भी काम कर रहे हैं और बीएआई ने विश्वास व्यक्त किया था कि उनके पिछले अनुभवों को देखते हुए पैरा-बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा। श्री राव कई वर्षों से भारतीय बैडमिंटन का अभिन्न अंग रहे हैं और उन्होंने इस खेल में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन ने कई खिलाड़ियों को अपनी पूरी क्षमता हासिल करने में मदद की है।

### गायत्री परिवार का रक्तदान शिविर 29 को

**जमशेदपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार का नवयुग दल एवं प्रज्ञा महिला मंडल की एक बैठक आज भालू बासा गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से 29 जून को अपना 60 वा रक्तदान शिविर बिष्टुपुर ब्लड बैंक में आयोजित करने का निर्णय लिया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता रक्तदान शिविर के संयोजक संजीव सिन्हा ने की। नवयुग दल के द्वारा लगातार 2006 से रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है जो की इस बार 60 वा शिविर होगा उन्होंने शहर वासियों से इस रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया साथ ही आज अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा शांति हेतु 2 मिनट का मौन अर्पण किया गया।

### गम में नानी बाईरो मायरो कार्यक्रम आज

**गम्हरिया।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की ओर से गम्हरिया स्थित राजस्थान भवन में तीन दिवसीय नानी बाईरो मायरो नामक भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कृष्ण भक्ति पर आधारित इस कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को अपराह्न 3 से 7 बजे तक होगा। इसमें कथा वाचिका के रूप में बाल व्यास पाखी शर्मा शिरकत करेंगी। यह कार्यक्रम आगामी 15 जून तक चलेगा। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में काफी संख्या में मारवाड़ी समाज की महिलाएं उपस्थिति रहेगी। यह जानकारी महिला सम्मेलन की मधु जालान ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की ओर से इसके लिए भव्य तैयारी की गयी है।

### पीर शाह अहमद अली की पांचवीं बरसी 19 को

**जमशेदपुर।** मानगो जाकिरनगर इस्ट स्थित खानकाहे शरफ मे पीर मौलाना शाह अहमद अली फिरदौसी र . की पांचवी बरसी अगामी 19 जून को मनाई जा रही है । इस अवसर पर 19 जून को प्रात: 6 बजे कुरानख्वानी, 9 बजे चादरपोशी, 10 बजे मीलादुन नबी स., 11 बजे कुल कार्यक्रम तथा बाद नमाज जोहर लंगर कार्यक्रम किया गया है।

### चैंबर ने विमान हादसे पर जताया शोक

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने गुजरात में हुये विमान हादसे पर दुख जताया और इस हादसे में मारे गये लोगों एवं उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। इस हादसे पर दुख प्रकट करते हुये अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई इंटरनेशनल हवाई अड्डे से 230 यात्रियों एवं 12 क्रू मेम्बर के साथ उड़ान भरकर लंदन जाने वाली एयर इंडिया के विमान के उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद आग लग जाने के कारण बी.जे. मेडिकल कॉलेज के मेस के उपर गिरने से विमान यात्रियों के मारे जाने पर चैम्बर को गहरा आघात लगा है।

## एक नजर में

### एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड ने किया नवनियुक्त एसएसपी को सम्मानित



**जमशेदपुर।** गुरुवार को एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड के प्रदेश महासचिव शशि आचार्य, सरायकेला अध्यक्ष सुजाता सिंह, गोलमुरी थाना अध्यक्ष रविंदर कौर और बंदना गुप्ता प्रतिनिधियों ने नवनियुक्त एसएसपी पीयूष पांडेय से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता और पौधा देकर बधाई दी और उम्मीद और विश्वास जताया कि उनके कार्यकाल में अपराध, नशाखोरी, चोरी जैसे आपराधिक मामलों में कमी आएगी और जमशेदपुर की जनता को राहत मिलेगी और अच्छे काम होंगे।

### सरायकेला डीटीओ ने कांड्रा चौक पर विशेष जांच अभियान चलाकर 45,800 रुपये जुर्माना वसूले



**गम्हरिया।** जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो के नेतृत्व में कांड्रा चौक पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान वाहनों के इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट सहित अन्य आवश्यक कागजातों की जांच की गयी। मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन पर मौके पर ही कुल 45,800 की जुर्माना राशि वसूली गयी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना, नियमों का पालन कराना एवं वाहन चालकों में ट्रैफिक के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी वाहन चालकों से निर्धारित दस्तावेजों को अद्यतित रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

### एनसीपी ने अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए यात्रियों के लिए जताया शोक

**जमशेदपुर।** एनसीपी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता डॉ पवन पांडेय ने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया का बोइंग विमान जो 242 यात्रियों को लेकर लंदन जा रहा था जो कि अपने उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटना ग्रस्त हो गया। इस विमान के यात्रियों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी जी शामिल थे। इस बड़े विमान हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा कि शांति एवं घायलों के जल्द स्वस्थ होने कि ईश्वर से कामना करते हैं। साथ ही साथ हम केंद्र सरकार से यह मांग करना चाहते हैं कि पुराने विमानों के उड़ान भरने कि निति को और अधिक दुरूस्त करने की आवश्यकता है जिसमें विमान कंपनियों के लिए विमानों के उड़ान भरने कि वर्ष निर्धारित किया जाए। औसत से पुराने हो चुके विमानों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। ताकि ऐसे विमान हादसे यात्रियों कि जान से न खेल पाये। क्योंकि इतने बड़े देश में अब काफी लोग विमानों में यात्रा कर रहे हैं। इससे भारतीय विमान सेवा पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो सकता है और लोगों को भारतीय विमान में सफर करने में भय नहीं लगेगा।

### परीक्षा से भोजपुरी, मगही, अंगिका और मैथिली को पुन: शामिल करने की मांग पर प्रदर्शन 16 को



**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद् के बैनर तले जमशेदपुर की सभी भोजपुरी संस्थाओं की अपात बैठक गोलमुरी स्थित भोजपुरी भवन में सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद के अध्यक्ष अरविंद विद्रोही की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें झारखंड सरकार के द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा के स्थानीय विषय में से स्थानीय भाषा भोजपुरी, मगही, मैथिली और अंगिका को हटाने के विरोध में आयोजित थी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड सरकार का यह आदेश हम भोजपुरी मगही मैथिली अंगिका भाषियों के साथ सरासर अन्याय है और इस संदर्भ में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि 16 जून को डीसी ऑफिस पर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख भोजपुरी समाज विरोध प्रकट करेगा और उनसे आग्रह भी करेगा कि हम भोजपुरिया भी राज्य के एक सम्मानित नागरिक हैं और हमें भी झारखंड राज्य में वह संपूर्ण अधिकार मिले जो अन्य नागरिकों को है। साथ ही यह भी निर्णय हुआ कि अगर हमारी मांग को पूरा नहीं किया गया तो हमें विवश होकर न्यायालय के शरण में जाना होगा। बैठक प्रदीप सिंह, अप्पू तिवारी, मिथिलेश प्रसाद श्रीवास्तव, मुन्ना चौबे, जगदीश मिश्रा, सागर राय, वीर सिंह, रामेश्वर कुमार, अरुण शुक्ला, राजेश कुमार, उमेश प्रसाद, जयप्रकाश सिंह, ऋषभ सिंह, अमित सिंह, संदीप सिंह, श्याम जी तिवारी, दीपक सिंह, अनिकेत केसरी एवं आशीष आदि उपस्थित थे।

### जन सुविधा मंच ने साकची थाना प्रभारी के खिलाफ किया जनविरोध प्रदर्शन



**जमशेदपुर।** जन सुविधा मंच, जमशेदपुर ने साकची थाना क्षेत्र में बढ़ते अनैतिक कार्य, अवैध कारोबार, अतिक्रमण, नशाखोरी, चोरी, छिनतई, जुए का प्रसार जैसे आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध में साकची थाना परिसर में जोरदार जनविरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में मंच के कई सदस्यों ने भाग लिया और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारी साकची बसंत टॉकीज पार्किंग से एकत्र हुए और वहां से पैदल मार्च निकाला, जो साकची थाना परिसर पहुंचा। हाथों में बैनर और तख्तियां लिए हुए प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्वक विरोध दर्ज कराया और क्षेत्र में फैली असुरक्षा को लेकर आक्रोश जताया। गुंजन यादव ने कहा कि अगर साकची थाना क्षेत्र में 15 दिनों के अंदर अनैतिक कार्य, आपराधिक गतिविधि अगर बंद नही हुआ, तो जन सुविधा मंच उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। अमित अग्रवाल ने कहा कि हर जुल्म पे अब खामोशी नहीं होगी, जवां ताकत हर मैदान में दिखेगी।

# पोटका में विधायक संजीव सरदार ने किया बत्तख वितरण योजना का शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत पोटका प्रखंड में बत्तख (चूजा) वितरण योजना का शुभारंभ गुरुवार को पोटका प्रखंड मुख्यालय के सभागार में विधायक संजीव सरदार ने किया। विधायक ने 51 किसानों को प्रति किसान 15-15 बत्तख वितरित कर इस योजना की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की ओर से किसानों को खेती के अतिरिक्त आय स्त्रोत प्रदान करने का एक प्रयास है। बताया कि पिछले दिनों आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों द्वारा किए गए आवेदन के आलोक में यह योजना शुरू की गयी है। इस योजना के तहत किसानों को बत्तख, सुकर, गाय, पोल्ट्री मुर्गा आदि अनुदान मूल्य पर दिये जा रहे हैं।

# जीवन रक्षक आपातकालीन खिड़की सीढ़ी का मॉडल बनाने वाले सायरस दत्ता जायेंगे जापान

- यूसिल के डीजीएम मनोरंजन महाली ने आने-जाने को लेकर 25 हजार का सौंपा चेक, सहयोग राशि मिलते ही सायरस दिल्ली गये

खबर मन्त्र प्रतिनिधि




जीवन रक्षक आपातकालींन खिड़की सीढ़ी का मॉडल बनाने वाले गोंडाडीह (नरवा पहाड़) का छात्र सायरस कुमार दता को 25 हजार का चेक देते यूसिल के डीजीएम और अपने मॉडल के साथ सायरस दता व साथ में उसके पिता प्रेम जीत दता।

**जादूगोड़ा।** प्रतिभा बड़े-बड़े व महंगे स्कूलों में ही जन्म नहीं लेते। सरकारी स्कूलों में भी गुदड़ी के लाल मिल जायेंगे। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है नरवापहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट से सटे उत्क्रमित उच्च विधायल गोड़ाडीह के दसवीं के छात्र सायरस दत्ता ने। जापान सरकार की ओर से सकुरा कार्यक्रम के तहत पिछले साल पूरे देश के सरकारी स्कूलों में विज्ञान से जुड़ी मॉडल प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस छात्र ने राज्य स्तरीय जीवन रक्षक आपातकालींन खिड़की सीढ़ी का मॉडल तैयार की। यह मॉडल झारखंड , दिल्ली में चयन कर ली गई। जिसे तैयार किया था पीएम उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोंडा डीह के छात्र सायरस दत्ता ने। सायरस दत्ता के पिता प्रेम जीत दता आटोचालक है।

# मत्स्य उत्पादन के साथ पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

खबर मन्त्र ब्यूरो

- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत सीतारामपुर जलाशय में पहली बार शुरू होगी केज पद्धति से मछली पालन



**जमशेदपुर/ सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले में पहली बार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत सीतारामपुर जलाशय में केज पद्धति से मछली पालन की शुरूआत की जा रही है। यह योजना जनजातीय समुदाय की आजीविका, पोषण और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक नवाचारी पहल है। लगभग 70 हेक्टेयर क्षेत्र वाले सीतारामपुर डैम में 32 केज यूनिट की स्थापना कर मत्स्य पालन कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जलाशय में चार केज को एक यूनिट माना जाएगा, प्रत्येक केज का आकार 7 गुणा 5 गुणा 5 मीटर होगा। इन संरचनाओं में मत्स्य बीज डालकर उन्हें वैज्ञानिक तकनीक से पालन कर मछलियों की बिक्री से लाभ अर्जित किया जायेगा। योजना के तहत, 90 प्रतिशत अनुदान पर लाभुकों को मत्स्य पालन के लिए सहायता दी जाएगी। मछली की बिक्री के लिए दोपहिया वाहन, तीनपहिया वाहन, आइस बॉक्स आदि भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, जलाशय में शिकारमाही हेतु फाइबर बोट, फिशिंग नेट, नाव तथा कार्यालय शेड भी स्थापित किए जा रहे हैं। परियोजना के माध्यम से जनजातीय समुदाय के सदस्यों को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाये जा रहे हैं। इस पहल से मत्स्य उत्पादन के साथ-साथ पर्यटन की संभावनाएं भी विकसित होंगी। इसके अलावा, योजना के तहत 56 लाख की लागत से चार नये बायोफ्लॉक तालाब भी लेपाटांड (प्रखंड - ईचागढ़) में बनाये जायेंगे।

# विमान दुर्घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जताया गहरा शोक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने अहमदाबाद में हुई एयर इंडिया विमान दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के दुखद निधन का समाचार अत्यंत स्तब्ध करने वाला और पीड़ादायक है। कहा कि उनका जाना भारतीय राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हादसे में हताहत अन्य यात्रियों के प्रति भी संवेदना प्रकट की और कहा कि यह दुर्घटना पूरे देश को शोकसंतप्त कर गई है। बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करें। साथ ही, घायल यात्रियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस हृदयविदारक घटना से पूरे देश में शोक की लहर है। यह समय हम सबको एकजुट होकर पीड़ित परिवारों के साथ खड़े रहने का है।

# संकट के दौर में आपके असल चरित्र और लीडरशिप एबिलिटी उजागर होती है : नेस्ले इंडिया

खबर मन्त्र ब्यूरो



छात्र-छात्राओं को संबोधित करते सुरेश नारायण।

**जमशेदपुर।** देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआई-जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में आज सीएक्सओ सीरीज के अंतर्गत एक लेक्चर सेशन का आयोजन किया गया। इसमें नेस्ले इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर सुरेश नारायणन ने छात्रों को संकट के समय नेतृत्व विषय पर अपने अनुभवों से अवगत कराया। श्री नारायणन ने कहा, संकट चरित्र नहीं बनाता, वह उसे उजागर करता है। उनके ये शब्द न केवल विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन बने, बल्कि एक जीवन मंत्र के रूप में गूंजते रहे।

कार्यक्रम का एक भावनात्मक क्षण तब आया जब दीप प्रज्वलन से पूर्व श्री नारायणन ने मंच पर चढ़ने से पहले अपने जूते उतार दिए। यह साधारण-सा दिखने वाला व्यवहार उनके विनम्र स्वभाव और आयोजकों के प्रति सम्मान को दर्शाता है।

मैगी को लेकर भारतीय युवाओं की भावनात्मक जुड़ाव के चलते जब श्री नारायणन ने उसके पुनर्निर्माण की कहानी साझा की, तो वह न केवल बौद्धिक रूप से बल्कि भावनात्मक रूप से भी छात्रों को छू गयी। यह सत्र केवल एक कॉरपोरेट भाषण नहीं रहा, बल्कि इसके जरिए एक्सलर्स को लीडरशिप, नैतिक मूल्यों और कठिन दौर में निर्णय लेने की क्षमता को विभिन्न उदाहरण के साथ बताया गया। इस दौरान श्री नारायणन ने 2015 में मैगी संकट के दौरान नेस्ले इंडिया को जिस संयम और दूरदृष्टि से मजबूत नेतृत्व प्रदान किया, उसका भी जिक्र इस दौरान किया गया। उन्होंने अनुभव के आधार पर उन्होंने नेतृत्व के छह अहम सिद्धांत बताये।

**लीडरशिप में इन छह सिद्धांतों का समावेश है जरूरी :-**

1. स्पष्टता रखें, भ्रम नहीं: संकट में सबसे पहले समस्या की स्पष्ट पहचान करें।
2. सही मूल्यांकन करें: संकट की गंभीरता और उसके प्रभाव को समझें।
3. रणनीति तय करें: योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ें और प्रगति पर नजर रखें।
4. तथ्यों पर आधारित निर्णय लें: अफवाहों पर नहीं, सच्चाई पर भरोसा करें।
5. जवाबदेही तय करें: हर व्यक्ति की जिम्मेदारी स्पष्ट करें।
6. भावनाओं नहीं, तर्क से नेतृत्व करें: हर कदम सोच-समझकर और सच्चाई के आधार पर उठाएं।

इस व्याख्यान के लिए एक्सएलआरआई प्रबंधन की ओर से सुरेश नारायणन का आभार प्रकट किया गया।

## स्पीड न्यूज

### भाजपाइयों ने किया मुंडा का स्वागत



सतबरवा पलामू। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का स्वागत रांची से मेदिनीनगर आने के क्रम में ब्रह्मदेव स्थान के समीप मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र और फूल माला से स्वागत किया। मौके पर भाजपा कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, रवि प्रसाद,मोहन जोशी, विजय पाठक, बैजनाथ प्रसाद, पप्पू सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

सतबरवा। अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को सतबरवा पुलिस ने गुरुवार को बकोरिया से जब्त किया है। इसकी पुष्टि थाना प्रभारी विश्वनाथ राणा ने की है। श्री राणा ने बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान बकोरिया में औरंगा नदी से अवैध रूप से बालू लेकर आ रहे दो ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को लिखा गया है। मालूम हो कि सतबरवा प्रखंड में सरकारी बालू घाट नहीं है, कुछ वर्ष पूर्व प्रखंड के दो बालू घाट का टेंडर किया गया था।

### फरार आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया



सतबरवा। सतबरवा पुलिस ने लातेहार जिला के छिपादोहर पुलिस के सहयोग से हेहेगाड़ा गांव के अपराधी के घर इश्तहार चिपकाया। 11/06/25 को सतबरवा थाना कांड संख्या 47/25 दिनांक 16/04/25 धारा 64 बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त के घर सतबरवा थाना में पदस्थापित एसआई बंदी लकड़ा के नेतृत्व में इश्तहार चिपकाया गया। थाना प्रभारी विश्वनाथ राणा ने बताया कि लातेहार जिला के सहयोग से थाना छिपादोहर पुलिस के सहयोग से अपराधी राजू ठाकुर के घर पर इश्तिहार चिपकाये गये।

### स्टोन चिप्स लदा दो हाइवा जब्त



चैनपुर (पलामू)। निगम क्षेत्र के वन विभाग चेक नाका स्थित गुरुवार को सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने बिना परिवहन चालान के चिप्स ले जा रहे दो हाइवा को जब्त किया है। वाहन जांच में हाईवा (जेएच 03 एवी 0551 व बी आर जी बी 6099) स्टोन चिप्स लेकर डाल्टनगंज की ओर जा रही थी। जांच के दौरान सीओ के दस्तावेज मांगने पर चालक चालान सहित अन्य दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका। कार्रवाई कर सीओ ने वाहन जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द की। बताया कि पर्याप्त दस्तावेज नहीं होने पर वाहन जब्त हुआ है जिस पर जुर्माना व अन्य कार्रवाई के लिए खनन विभाग एवं परिवहन विभाग को पत्राचार किया जायेगा।

### निषिद्ध मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर शपथ कार्यक्रम का आयोजन



रामगढ़। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में जेएसएलपीएस कर्मियों और कैडरों ने निषिद्ध मादक पदार्थों के रोकथाम और जागरूकता हेतु शपथ ली। बीपीएम सुमित कुमार ने सभी कर्मियों और कैडरों को नशामुक्ति से होने वाले दुष्प्रभाव और इसका सेवन नहीं करने की महत्वता के बारे में बताया। बताया कि 10 से 26 जून तक नशामुक्त अभियान को लेकर विभिन्न कार्यक्रम किये जाने हैं, ताकि समाज में नशे से होने वाले दुष्प्रभाव एवं उपाय रूप से प्रचार-प्रसार हो सके। विशेषकर युवा वर्ग इस संदेश के माध्यम से जुड़ सके। मौके पर ब्लॉक लीड आदित्य रंजन, सैन्यूल अंसारी, शशि कुमार, प्रमोद कुमार और विभिन्न गांवों के बदलाव कर्ता आदि थे।

### झारखंड अर्चेरी संघ के अध्यक्ष व पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा का स्वागत : सतीश



मेदिनीनगर। झारखंड अर्चेरी संघ के केंद्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का मेदिनीनगर परिसदन भवन में राजा मेदिनीराय तीरंदाज एकेडमी ने जोरदार स्वागत किया। एकेडमी के सतीश कुमार ने शॉल ओढ़ा कर व दाऊद केरकेट्टा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पलामू तीरंदाजी से जुड़ी समस्या पर एक ज्ञापन सौंपा। समारोह में सिहानी संतोष कुमार, अस्लम अंसारी, राजू प्रजापति, डॉ अजो हसन सिद्दी, गजेंद्र ठाकुर, प्रदीप सिन्हा, दीपक गुप्ता, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, बसंत हेंब्रम भी थे।

### पलामू में हम पार्टी का हुआ विस्तार



मेदिनीनगर। नगर निगम में हम पार्टी का विस्तार किया गया। हम पार्टी के जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में मो अमजद खान को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष और मो नसीम अहमद उर्फ सिक्कू को नगर अध्यक्ष बनाया गया। मौके पर हम पार्टी के कई दिग्गज नेता मौजूद थे। आशुतोष ने कहा कि इस पार्टी के सभी कार्यकर्ता निष्ठावान व समर्पित हैं और यह पार्टी हमारा अभिमान है। मौके पर जिला सचिव वारिस आलम, जिला महासचिव भरत द्विवेदी, मीडिया प्रभारी मुकेश पाठक, मनोज पांडे, अबू फैजल, अफजल अंसारी भी थे।

### आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में जेटेट अभ्यर्थियों ने डीइओ से की मुलाकात



मेदिनीनगर। राज्य सरकार ने एक बार फिर भाषा विवाद को हवा दी है। जेटेट परीक्षा हेतु जारी नियमावली जिसपर सरकार ने सभी जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारियों से सुझाव मांगा गया है। उसमें पलामू और गढ़वा जिला के लिए राज्य के क्षेत्रीय भाषा के रूप में नागपुरी को स्थान दिया है। पूर्व में भी भाषा आधारित नीति के विरोध में आंदोलन करने वाले पलामू के आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में अभ्यर्थियों ने डीइओ पलामू से मुलाकात की।

# पीएम मोदी के 11 साल के कार्यकाल में भारत ने कई कीर्तिमान स्थापित किया : अर्जुन मुंडा

### प्रबुद्धजन संगोष्ठी

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पंडित दीनदयाल स्मृति भवन (टाउन हॉल) में विकसित भारत के अमृत काल मे सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पूरा होने पर भारतीय जनता पार्टी पलामू द्वारा प्रबुद्धजन संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार अर्जुन मुंडा और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम उपस्थित थे।

मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि ये 11 साल की यात्रा नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बेमिसाल रहा है। साथ ही साथ भारत 11 वर्ष में विभिन्न क्षेत्रों में कई कीर्तिमान स्थापित किया है जिससे विश्व के कई देश अचंभित हो गये हैं। चाहे वह सुरक्षा के मामले हो या आर्थिक प्रगति की मामले हों या शिक्षा, स्वास्थ्य समेत कृषि के क्षेत्र में भारत अग्रणी भूमिका निभाया है। इसे बेमिसाल बनाने में पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता और प्रबुद्ध जनों की अमूल्य योगदान रहा है क्योंकि इन्होने पलामू से भाजपा के सांसद के रूप में विकास पुरुष विष्णु दयाल राम को चुना।

उन्होंने कहा कि भारत को नुकसान पहुंचाने वाले लोग आज खुद ही रो रहा है, यदि मोदी सरकार के 11 वर्ष के उपलब्धियों को गिनाये तो समय कम पड़ जायेगा, भारत आज मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है। मोबाइल का प्रसिद्ध ब्रांड एप्पल की मोबाइल बनाने में आज खूंटी की लगभग 2000 महिला कार्य कर रही है। आने वाला दिन भारत का होगा। मौके पर पलामू प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 11 साल पूरे किए, जिसमें भारत ने आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक मंच पर प्रगति की। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान और आयुष्मान भारत ने योगदान दिया। श्री प्रीतम ने कहा कि पिछले 11 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं।

## 11 वर्ष में भारत गरीबी रेखा से बाहर आया : विकास प्रीतम

सरकार ने चार करोड़ मकान बनाये हैं और आगे तीन करोड़ मकानों का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने भारत को पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताते हुए चौथे स्थान की ओर बढ़ने का दावा किया. उन्होंने कहा कि 11 साल पहले की सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी थी, लेकिन आज आम नागरिक कहता है– मोदी है तो मुमकिन है। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाएं गरीबों, किसानों और मध्यम वर्ग को सशक्त बनाती हैं, साथ ही भारत को आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर करती हैं। मोदी सरकार की उपलब्धियों के 11 वर्ष पूरे होने पर मुझे गर्व है कि मैं शुरू से ही एक सिपाही के रूप में इस स्वर्णिम यात्रा का हिस्सा रहा हूँ। यह सरकार गरीबों, किसानों,





कार्यक्रम में मोदी सरकारी की उपलब्धियां गिनाते भाजपाई।

निम्न मध्यम वर्ग और आम लोगों के जीवन में बड़े बदलाव लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और उस राह पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। देश आत्मनिर्भर बनने के साथ–साथ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और विकसित भारत के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।गरीबों और वंचितों के लिए सरकार की दर्जनों योजनाओं ने क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आते ही जब स्वच्छ भारत का नारा दिया तो विपक्षी दलों ने इसका मजाक उड़ाया। लेकिन अगर स्वच्छ भारत मिशन की बारीकी से समीक्षा की जाए तो यह एक कालातीत फैसला था। प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प के कारण पीढ़ियों से खुले में शौच करने को मजबूर माताओं–बहनों को अपने घरों में शौचालय मिल गए। 2023 तक के आंकड़ों के मुताबिक इस योजना के तहत 11 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाये जा चुके हैं।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, पूर्व सांसद मनोज कुमार, घूरन राम, पूर्व विधायक पुष्पा देवी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, प्रथम उप महापौर राकेश सिंह, लवली गुप्ता, दुर्गा जौहरी, विभाकर नारायण पांडेय, उदय शुक्ला, परशुराम ओझा, विजयानंद पाठक, अविनाश वर्मा, विपिन बिहारी सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, अजय तिवारी, नरेंद्र पांडेय, अमलेश्वर दुबे, ईश्वर सागर चंद्रवंशी, टिकैत चौबे, शिव कुमार मिश्रा, विजय ओझा, अभिमन्यु तिवारी, श्वेतांग गर्ग, छोटू सिन्हा, अरविंद सिंह, सुनील पासवान, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद गुप्ता, ईश्वरी पांडे, पप्पू गुप्ता, शशि भूषण पांडेय, सरवन गुप्ता, इंद्रजीत सिंह डिंपल, महिला नेत्री स्मिता, रूपा सिंह, मंजू गुप्ता, अन्नपूर्णा तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। संचालन जिला महामंत्री ज्योति पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया।

## कांग्रेस के समय आतंकी पनाह लेते थे, मोदी के समय आतंकी ठिकाने तबाह हो रहे हैं : मुंडा



मेदिनीनगर। विकसित भारत का अमृतकाल सेवा सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल के अवसर पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह देश के पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एक दिवसीय पलामू दौरा पर परिसदन पहुंचे। उन्होंने प्रेस वार्ता कर कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में आतंकवादी पनाह लेते थे वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में आतंकवादी ठिकानों पर लगातार हमले किये जा रहे हैं। कांग्रेस आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखती थी जबकि भाजपा आतंकवादियों को खोज खोजकर ठिकाने लगा रही है। उन्होंने सेवा सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल के उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि विकास यात्रा यह आम जनता की यात्रा है। वर्ष 2014 के पूर्व देश की हालात क्या थी किस प्रकार की चर्चाएं होती थी , देश की जनता कई संकटों का सामना कर रही थी। साथ ही देश के साख पर लगातार प्रहार हो रहा था। अंतरर्राष्ट्रीय क्षेत्र के सभी क्षेत्रों में कई सवाल खड़ा होता था लेकिन देश की जनता ने जब 2014 में अपनी भविष्य व देश की संप्रभुता की चिंता करते हुए देश का बागडोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में दिया तबसे देश की हालात धीरे धीरे बदलता चला गया।

### पलामू उपायुक्त समीरा एस ने की आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# खाद्यान्न वितरण में प्रगति की समीक्षा कर दिये दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने गुरूवार को आपुर्ति विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय स्थित दूसरे तल्ले के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न एजेंडों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने एनएफएसए, ग्रीन कार्ड,



बैठक में उपस्थित उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

सोना-सोबरन धोतीसाड़ी योजना, आदिम जनजाति परिवार कल्याण योजना आदि का प्रखंडवार समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इसके पूर्व उन्होंने डीएसओ प्रीति किस्कू से जिले में विभिन्न कार्डधारियों की संख्या, गोडाउन से डीलर तक राशन पहुंचाने वाले वाहनों, सप्लाई चेन आदि की जानकारी ली। बैठक में झारखंड राज्य खाद्द सुरक्षा योजना अंतर्गत मई माह की समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित एमओ से कहा कि हो जायेगा, कर देंगे, इतने दिनों में पूर्ण हो जायेगा, इन सब बातों से बचें। उन्होंने कहा कि अगली समीक्षा में नतीजे दिखने चाहिये। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के वितरण कार्य टाइम बाउंड के भीतर करवाना सुनिचित करें।

उपायुक्त ने जिले के वैसे स्थानों जहां पीवीटीजी समूह निवास करती हैं, उन क्षेत्रों में शतप्रतिशत राशन का वितरण कराने की बात कही।

## डीसी ने की शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त समीरा एस ने गुरुवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक कर जिले में शिक्षा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने छात्रवृत्ति, पोशाक, पाठ्य पुस्तक मध्यान भोजन आदि की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये। इस दौरान जैक के मैट्रिक व इंटर के स्कूलों का परफॉर्मेंस पर भी उपायुक्त ने जानकारी ली। बैठक में उपायुक्त ने बच्चों की अटेंडेंस की समीक्षा के दौरान ईविद्यावाहिनी पोर्टल पर बच्चों के कम अटेंडेंस पर चिंता जाहिर की, इस दौरान वे इसके कारणों से अवगत हुईं। कहा कि बच्चों के अटेंडेंस मामले में पलामू में बड़ी सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने सबों को बीपीओ व बीईईओ को हर हाल में बच्चों के अटेंडेंस में बढ़ोतरी लाने की दिशा में कार्य करने को कहा।





### ग्रामीण क्षेत्रों में आरटीई का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

बैठक में आरटीई के तहत बच्चों के एडमिशन की समीक्षा करते हुए डीसी ने पाया कि आरटीई के तहत कई सीटें खाली पड़ी हैं। इस दौरान उन्होंने डीएसइ को इस विषय का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने पर बल दिया। इस कार्य के लिये उन्होंने प्रखंड स्तर पर कार्यरत बीआरपी,सीआरपी व अन्य स्टाफ का सहयोग लेने की बात कही। इसके अलावे समग्र शिक्षा अभियान की गतिविधि, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन की अद्यतन स्थिति, विद्यालय में बच्चों की इनरोलमेंट, डिजिटल शिक्षा, साइकिल वितरण, स्कूल किट, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई के माध्यम से चयन, आइसीटी प्रोग्राम एवं स्मार्ट क्लास, किचन गार्डन, विद्यालयों में लाइब्रेरी की उपलब्धता व मध्याह्न भोजन से संबंधित समीक्षा की गयी। मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अकाउंटेंट, बीपीओ, विभिन्न वार्डन समेत अन्य उपस्थित थे।

# शिमला में गूंजा जय पलामू, जोहार झारखंड, राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में झारखंड की जय जयकार...

- पलामू के कलाकारों ने जीते सात पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। ऑल इण्डिया आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा शिमला आयोजित अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में पलामू की संस्था मासूम आर्ट ग्रुप ने प्रथम पुरस्कार सहित कुल सात पुरस्कार जीत झारखंड का परचम लहरा दिया। पुरस्कार वितरण समारोह में जब जब पुरस्कारों की घोषणा हुई तब तब पूरा हॉल जय पलामू, जोहार झारखंड की नारो से गूंज उठा। मासूम को ग्रुप स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार तथा व्यक्तिगत स्पर्धा में पुरस्कार मिले। मासूम के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संस्था के कलाकार छह जून को शिमला गये थे, जहां नौ जून को उन्होंने अपनी प्रस्तुति दी। 11 जून को पुरस्कारों की घोषणा की गई। शिमला के गेटी थियेटर में नाटक का मंचन हुआ जबकि काली बाड़ी हॉल में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया था।





**खास बातें :** मौके पर एनएसडी के वरीय रंगकर्मी सह टीवी व सीने स्टार रोहिताश्व गौड़, एनएसडी के अरविंद गौर, श्रीश डोवाल सहित कई लोग मौजदू थे। श्री पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 27 दलों ने भाग लिया जिसमे झारखंड की ओर से पलामू के मासूम आर्ट ग्रुप ने सैकत चटर्जी के निर्देशन में मनोज मित्रा द्वारा लिखित नाटक संध्या तारा का मंचन किया। निर्णयकमंडली द्वारा इस नाटक को प्रतियोगिता की श्रेष्ठ नाटक का प्रथम पुरस्कार दिया गया। द्वितीय पुरस्कार पंजाब की टीम को मिली. प्रतियोगिता में बंगाल, मुंबई, हरियाणा, दिल्ली, कानपुर, गुजरात, असम आदि राज्यों से भी कलादलों ने भाग लिया. मासूम द्वारा प्रस्तुत नाटक संध्या तारा में निर्देशन के लिए सैकत चटर्जी को बेस्ट डायरेक्टर का प्रथम पुरस्कार मिला, इसके अलावा उन्होंने इस नाटक में ताराशंकर की भूमिका में उत्कृष्ट अभिनय किया जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा इसी नाटक में संध्यालता की भूमिका के लिए मुनमुन चक्रवर्ती को बेस्ट एक्ट्रेस का प्रथम पुरस्कार मिला।

### भाजपा नेता ने पूर्व सीएम को सौंपी पुस्तक



मेदिनीनगर। वरिष्ठ भाजपा नेता और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता किशोर पांडेय ने झारखंड के पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा से मुलाकात की। श्री पांडेय ने उन्हें हिंदूज इन हिंदू राष्ट्र पुस्तक व बुक्के देकर सम्मान दिया। कहा कि यह शिष्टाचार भेंट बहुत सुखद और आंनदायक रहा। श्री मुंडा भाजपा के 11 साल के कार्यकाल के उपलब्धि के कार्यक्रम में भाग लेने पलामू आये हुए थे।

### नारायण सोरेन बने नये थाना प्रभारी



मोहम्मदगंज पलामू। थाना में थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बुधवार को योगदान दिया। निवर्तमान थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बुके देकर स्वागत किया और पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने कहा कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश और शांति सौहार्द के साथ आम लोगों के साथ आपसी तालमेल बनाकर क्षेत्र में काम करना हमारी प्राथमिकता होगी।

### पाटन पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल



पाटन पलामू। थाना क्षेत्र के रझारा टोला विरहोरी निवासी संग्राम सिंह पिता जगेशर सिंह (48) को पाटन पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी शशी शेखर पांडेय ने बताया कि संग्राम पर वन विभाग का केस दर्ज था जिसमें कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया था। उसी के आलोक में संग्राम सिंह विरहोरी टोला निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### नशा मुक्ति को लेकर पाटन में निकाली गयी रैली



पाटन पलामू। सरकार के नशा मुक्ति अभियान के तहत जेएसपीएल ने प्रखंड मुख्यालय में रैली निकाली। जिसमें जेएसपीएल की महिलाओं ने नशा छोड़ो जीवन जोड़ो नशे को हटाना है हमने ये ठाना है समेत कई नारे लगाये। इस दौरान जेएसपीएल की महिलाओं ने नशे से नुकसान के बारे में लोगों को बताया। नशामुक्त हो भारत देश हमारा इसका लोगों को संकल्प दिलाया। नशा से घर परिवार उजड़ जाता है। समाज का विकास अवरूद्ध हो जाता है। बीमारी से लोग ग्रस्त हो जाते हैं इसके बारे में विस्तार से बताया तथा लोगों को नशामुक्त भारत बनाने के लिए आगे आने को प्रेरित किया। रैली में बीपीएम योगेंद्र, ज्योति जेंडर, सीआरपी सावित्री देवी, सुरमीला देवी, आइपी आरपी यशोदा मुंडा, पुनीता देवी, आरती कुमारी थे।

## डीसी ने की समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीगनगर। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में टीएचआर एवं पोषाहार की समीक्षा हुई। विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में सभी लाभुको को चेहरा सत्यापन किया जाना है।पलामू की स्थिति इसमें अभी अच्छी नहीं है। उपायुक्त ने 30 जून तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करते हुए चेहरा सत्यापन करवाने का निर्देश सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को दिया गया। जून माह के अंत तक उपलब्धि हासिल नहीं करने वाली महिला पर्यवेक्षिकाओं के विरूद्ध अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। पोषण ट्रैकर के सभी सूचकांको पर शत-प्रतिशत प्रविष्टि का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के सीएएस लाभुक का सत्यापन एक सप्ताह के भीतर हर हाल में करने एवं नये लाभुक का प्रविष्टि लक्ष्य के अनुरूप करने का निर्देश दिया गया।

## सोन नदी में नहाने गये थे चार दोस्त, एक की डूबने से मौत

- अनुमंडल प्रशासन व स्थानीय गोताखोरो ने 4 घंटे बाद शव खोजा
- शहर के लंबी गली से चार दोस्त गये थे डैम में नहाने

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद पलामू। गुरुवार को सुबह करीब 10 बजे चार दोस्तों के साथ सोन नदी में स्नान करने गये 18 वर्षीय नवयुवक की डूबने की खबर आयी। जानकारी के अनुसार शहर के कपड़ा व्यवसायी व लंबीगली के आबिद अंसारी के पुत्र साकिब चार दोस्तों के साथ जपला सोन नदी में नहाने गया था। इसी क्रम दो लड़के पानी के तेज धार में फंस गये व डूबने लगे। तभी स्थानीय नाविक ने किसी तरह एक को बचाया। लेकिन साकिब डूब गया। इसकी सूचना घर वालों को मिलते ही सैकड़ों लोग सोन नदी पहुंचे तभी एसडीओ गौरांग महतो व देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पंहुचे और जानकारी ली।

# मगही, भोजपुरी और हिंदी को जोड़ने के लिए सीएम से आग्रह करेगा झामुमो: दीपक तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता

- पलामू प्रमंडल के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को नियुक्तियों में नहीं होगी परेशानी
- विपक्षी दल भाजपा को नागवार गुजर रही झामुमो द्वारा राज्य का विकास
- राज्य के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर द्वारा मगही, भोजपुरी एवं हिन्दी भाषा को जोड़ने हेतु दिया गया है पत्र



मेदिनीनगर। राज्य में भाषा को लेकर विपक्ष द्वारा किए जा रहे राजनीति को लेकर झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने कहा कि पलामू प्रमंडल के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को नियुक्तियों में कोई परेशानी नहीं होगी। मगही, भोजपुरी एवं हिंदी को जोड़ने के लिए झामुमो मुख्यमंत्री से आग्रह करेगा। सीएम से आग्रह के लिए झामुमो ने तैयारी कर ली है। झामुमो केंद्रीय समिति जिला कमेटी, गढ़वा एवं वरिष्ठ सदस्यों की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया है। पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर के कल्याणपुर स्थित आवास के सभागार में जिलाध्यक्ष शंभू राम की अध्यक्षता में इसपर गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श हुआ। यहां की जन भावनाओं को देख पलामू प्रमंडल के युवाओं के हित में हिंदी को जोड़ने के लिए सहानुभूति पूर्वक विचार करने हेतु सीएम से आग्रह करने का निर्णय लिया गया है, ताकि पलामू प्रमंडल के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग में नियुक्ति हो सके।

दीपक तिवारी ने कहा कि पलामू के युवाओं के उत्थान के लिए झामुमो तत्परता के साथ कार्य करते रही है। भाषा के मामले में विपक्षी दल राजनीति कर लोगों को दिग्भ्रमित कर रहा है। ऐसा नहीं होना चाहिए। जिस दिन कैबिनेट में यह पारित हुआ था, उसी दिन राज्य के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री को मगही, भोजपुरी एवं हिंदी भाषा जोड़ने हेतु पत्र दिया गया है। भाषा के मामले पर गढ़वा विधायक का बयान मीडिया में आता है कि झामुमो के नेताओं का पलामू प्रमंडल में घुसने नहीं देंगे।

## सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया राजद सुप्रीमो लालू यादव का जन्मदिन

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर के राजद कार्यकर्ताओं ने सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप मे मनाया। बिश्रामपुर के सोरडिहा में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव व संचालन नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर किया गया। जिसके बाद नेताओं-कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और लालू के दीर्घायु होने की कामना की।



केक काटकर जन्मदिन मनाते राजद कार्यकर्ता।

मौके पर सतेंद्र यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने हमेशा गरीब गुरबो की आवाज को बुलंद किया है। वे सामाजिक न्याय की लड़ाई के महान योद्धा हैं। श्री यादव पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के मसीहा हैं। सिराजुदीन अंसारी ने कहा कि लालू प्रसाद यादव सामाजिक सदभाव के पुरोधा हैं। उन्होंने हमेशा सामाजिक समरसता को बरकरार रखने का काम किया है। राजद जिला महासचिव रमेश चौबे ने कहा कि लालू प्रसाद यादव सामाजिक आंदोलन से निकले हुये एक महान नेता हैं जिन्होंने हमेशा सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी है। मौके पर अनिल ठाकुर, मुन्ना यादव, इम्तियाज अंसारी सहित कई राजद नेता - कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर पीएलवी ने चलाया जागरूकता अभियान

**गढ़वा।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देश पर जिले के रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत में गुरुवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पंचायत सचिव सुष्मिता चौबे के मार्गदर्शन में पीएलवी राजेश कुमार चौधरी और अमरेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को बाल श्रम के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। अभियान के दौरान बताया गया कि बाल श्रम बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है और यह उनके शिक्षा, स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य को प्रभावित करता है। मौके पर पीएलवी राजेश चौधरी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए, न कि उन्हें काम पर लगाया जाए। उन्होंने बालश्रम मुक्त समाज की अपील की। पीएलवी अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि बच्चों को बाल श्रम से बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही। पीएलवी ने कहा कि जल्द ही पंचायत में चिकित्सा जांच शिविर और ओआरएस वितरण भी किया जाएगा ताकि गर्मी में बच्चों को लू से बचाया जा सके। ग्रामीणों ने भी बाल श्रम के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता जताई और बच्चों के अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल अधिकारों की दी जानकारी

**गढ़वा।** उच्च न्यायालय झालसा रांची एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर गुरुवार को जिले के भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत कैलान पंचायत में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सामाजिक कार्यकताओं और ग्रामस्तरीय संवेदक कार्यकताओं की संयुक्त बैठक कर बाल श्रम के दुष्परिणामों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पीएलवी अरविंद तिवारी ने कहा कि बाल श्रम करना और उसे सहन करना दोनों ही कानूनी अपराध हैं। उन्होंने कहा कि बाल श्रम बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है, जो उनके शैक्षणिक, मानसिक और सामाजिक विकास में बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा देना हर अभिभावक की जिम्मेदारी है। बालश्रम मुक्त समाज बनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। इस दौरान ग्रामीणों ने यह संकल्प लिया कि वे न तो अपने बच्चों से काम कराएंगे और न ही दूसरों के बच्चों को श्रम में लगाएंगे।

### मलेरिया रोधी माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**चिनियां।** गढ़वा जिले के चिनियां प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में मलेरिया रोधी माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव, पहचान और उपचार के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमपीडब्ल्यू लाल मोहम्मद अंसारी ने बताया कि मलेरिया एक संक्रामक रोग है जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इसके लक्षणों में ठंड के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, मितली और उल्टी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के बुखार को नजरअंदाज नहीं करें और तुरंत पास के स्वास्थ्य केंद्र या सहिया से संपर्क कर खून की जांच और आवश्यक उपचार कराएं। मौके पर सीएचओ प्रमिला कूजूर, एएनएम संजु कुमारी, सहिया एवं सहिया साथी भी मौजूद थे।

### जमीन विवाद में बहू और पोती ने बुजुर्ग दंपति पर किया टांगी से हमला

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के टाटीदीरी गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव निवासी 67 वर्षीय शहाबुद्दीन अंसारी को उनकी बहू तबस्सुम बीवी और पोती तकिबुन निशा ने धारदार टांगी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस संबंध में घायल शहाबुद्दीन अंसारी ने बताया कि उन्होंने अपनी जमीन का अधिकांश हिस्सा तीनों बेटों में बराबर बांट दिया था, लेकिन शेष बची जमीन को लेकर बहू और पोती ने विवाद किया। इसी दौरान दोनों ने उन पर टांगी से वार कर दिया, जिससे उनका माथा फट गया और शरीर पर कई जगह चोटें आईं। परिजनों ने आनन-फानन में शहाबुद्दीन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, धुरकी में भर्ती कराया और घटना की लिखित शिकायत थाना में दी। हमले में शहाबुद्दीन की पत्नी तैबुन बीवी भी घायल हो गईं, जिन्हें बहू और पोती ने मारपीट कर छाती और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट पहुंचाई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### सर्पदंश से चार वर्षीया डिंपल की मौत

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी गांव में एक दर्दनाक घटना में भीम पासवान की चार वषीर्या पुत्री डिंपल कुमारी की मौत सर्पदंश से हो गई। घटना के समय मासूम डिंपल अपने घर के दरवाजे पर खेल रही थी, तभी विषैले कोबरा सांप ने उसे डंस लिया। बच्ची की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल तुम्बागड़ा होते हुए इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। सीएचसी भवनाथपुर में प्राथमिक उपचार के बाद उसे गढ़वा रेफर किया गया, जहां से उसे पुनः रेफर कर दिया गया। इलाज के लिए तुम्बागड़ा ले जाने के क्रम में बच्ची ने दम तोड़ दिया। इधर देर रात जब घर की महिलाओं ने दरवाजे के पास फिर से देखा तो एक सांप बिल में दिखा, जिसे मार दिया गया।

### शादी की चर्चा से परेशान शिक्षिका ने की आत्महत्या

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के करमडीह गांव निवासी निवासी बिरेंद्र सिंह की 22 वषीर्या वर्षा सिंह ने बुधवार की रात अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वर्षा कॉर्नर पब्लिक स्कूल में शिक्षिका थीं और पिछले दो दिनों से स्कूल नहीं जा रही थीं। परिजनों के अनुसार बुधवार रात वर्षा के पेट में अचानक दर्द हुआ, जिसके बाद उन्हें तुरंत गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कुछ लोगों का कहना है कि वर्षा की शादी की बातचीत चल रही थी, जिससे वह कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थी और इसी कारण उसने आत्महत्या कर ली। हालांकि मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। परिजनों ने गुरुवार सुबह ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

### अनियमितता उजागर, पंचायत प्रतिनिधियों ने दी कड़ी चेतावनी

**सगमा।** प्रखंड के सोनडीहा उत्तरी में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर अभिभावकों द्वारा की गई शिकायत के बाद गुरुवार को प्रखंड प्रमुख अजय शाह और उप प्रमुख अर्जुन पासवान ने संयुक्त रूप से विद्यालय का निरीक्षण किया। अभिभावकों ने आवेदन में आरोप लगाया था कि विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति बेहद खराब है, मध्याह्न भोजन मीनू के विपरीत परोसा जा रहा है और प्रधानाध्यापक ललित राम द्वारा टीसी काटने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अधिकांश शिकायतें सही पाई गईं। प्रमुख व उप प्रमुख ने प्रधानाध्यापक को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि सुधार नहीं होने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का सफल समापन

## किसानों को दी गयी उन्नत तकनीकी की जानकारी



उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर और कृषि विभाग एवं आत्मा गढ़वा के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र, गढ़वा द्वारा चलाए गए विकसित कृषि संकल्प अभियान का 15वां एवं अंतिम दिन गुरुवार को संपन्न हुआ।

अभियान के तहत लक्षित 90 गांवों में सभी जगह सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान की अगुवाई कर रहीं वैज्ञानिक डॉ सुषमा ललिता बखला (पशुपालन) के साथ अभिलाषा दीपा मिंज, चंदन कुमार, नवलेश कुमार, विंध्याचल राम, राकेश रोशन, डॉ. रोहित कुमार सिंह, बृजभूषण पांडेय और प्रगतिशील किसान बृजकिशोर महतो की टीमें शामिल रहीं।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को पौध नर्सरी प्रबंधन, बीज उत्पादन, प्राकृतिक खेती, सब्जी उत्पादन, धान की सीधी बुआई, मिट्टी जांच की विधि जैसे विषयों पर विस्तृत तकनीकी जानकारी दी गई। चिनिया प्रखंड के सिगसीगा कला गांव में हुए कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमोद कुमार चौबे ने किया। जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक (आत्मा) शिव शंकर प्रसाद ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा, केसीसी जैसे लाभकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही प्रश्नोत्तरी सत्र में किसानों के सवालों का जवाब विशेषज्ञों ने दिया। पूरे अभियान का संचालन केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ राजीव कुमार के नेतृत्व में किया गया। मौके पर सियाराम पांडेय, सुनील कुमार, राकेश रंजन चौब, कृष्णा कुमार चौबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन

**रमना।** प्रखंड कार्यालय परिसर में आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, प्रधान सहायक रामानुज शुक्ला और बीपीओ राजदीप कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि आम बागवानी सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिससे किसान सब्जी और फल उत्पादन के जरिए न केवल अपनी जरूरतें पूरी कर सकते हैं बल्कि आर्थिक रूप से भी सशक्त हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से दीदी बाड़ी और बागवानी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि, बीस सूत्री उपाध्यक्ष, बीपीओ, प्रगतिशील किसान राजेश्वर चौधरी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर मेहता, रामचंद्र राम समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रमुख ने सभी 11 पंचायतों के स्टॉल का निरीक्षण किया और उत्कृष्ट उत्पाद प्रस्तुत करने वाले किसानों का उत्साहवर्धन किया। भागोडीह के किसान राजेश्वर चौधरी और उनके पिता सरयू चौधरी को आम बागवानी योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक रोहित शुक्ला ने किया।

# डीआईजी ने गढ़वा एसपी कार्यालय का किया दौरा

## पुलिसिंग में सुधार और जनता से बेहतर संवाद पर जोर



जानकारी लेते डीआईजी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पलामू पुलिस उप महानिरीक्षक नौशाद आलम अंसारी ने गुरुवार को गढ़वा समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उनके आगमन पर गढ़वा एसपी अमन कुमार ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान पुलिस केंद्र के 12 जवान और 2 हवलदारों ने सलामी दी। इसके बाद सभागार कक्ष में पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। जिसमें विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, नक्सल गतिविधियों पर अंकुश, महिला सुरक्षा, जनता दरबार की व्यवस्था, थाना स्तर पर जनता से संवाद, जमीन विवादों के निष्पादन, और पुलिसिंग में सुधार जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। डीआईजी ने निर्देश दिया कि थाना में आम नागरिकों के लिए विशेष व्यवस्था हो, महिलाओं की समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाए और जनता दरबार में लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन हो। उन्होंने कहा कि अगर किसी शिकायतकर्ता को जनता दरबार से संतुष्टि नहीं मिलती है, तो उस केस की जांच पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी करें। साथ ही, पुलिसकर्मियों को जनता के साथ अच्छा व्यवहार रखने और पुलिस की गरिमा बनाए रखने के लिए विवेकपूर्ण तरीके से काम करने की हिदायत दी गई।


झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

74वीं औपबंधिक सूची
जिला–चतरा (पार्ट–3)

विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पुष्कर महतो एवं राजेन्द दांगी द्वारा माननीय सदस्य नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| 128. | 1. आवेदन क्र0–226/25<br>2. आवेदक–अर्जुन दाँगी , पिता–स्व0 दशरथ दाँगी<br>3. ग्राम–बिसनापुर , पोस्ट–गांगपुर , थाना– गिद्धौर , प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने पैर से विकलांग । | कंडिका–2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0–227/25<br>2. आवेदक–राजदेव यादव , पिता–स्व0 समन यादव<br>3. ग्राम–मानगांव , पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां गर्दन में काला दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0–228/25<br>2. आवेदक–रूपलाल दाँगी , पिता–स्व0 पेमा महतो<br>3. ग्राम– गिद्धौर , पोस्ट– गिद्धौर , थाना– गिद्धौर , प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 131. | 1. आवेदन क्र0–229/25<br>2. आवेदक–शकुन्तला देवी , पति–तपेश्वर दाँगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर , पोस्ट– गिद्धौर , थाना– गिद्धौर , प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह– गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 132. | 1. आवेदन क्र0–230/25<br>2. आवेदक–सुरेश प्रसाद यादव , पिता–स्व0 रामनाथ यादव<br>3. ग्राम–कनौदी , पोस्ट– कामता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह– पेट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 133. | 1. आवेदन क्र0–231/25<br>2. आवेदक–मनोज गिरी , पिता–स्व0 भीखा गिरी<br>3. ग्राम– पत्थलगड्डा , पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 134. | 1. आवेदन क्र0–232/25<br>2. आवेदक–जुगनी देवी , पति–मूलचंद साव<br>3. ग्राम–बरवाडीह , पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–महिला , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह– जांघ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0–233/25<br>2. आवेदक–बहादुर दांगी , पिता–स्व0 नेमन महतो<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0–234/25<br>2. आवेदक–सहोदरी देवी , पति–स्व0 बासुदेव महतो<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 137. | 1. आवेदन क्र0–235/25<br>2. आवेदक–सुनैना देवी , पति–विनय दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 138. | 1. आवेदन क्र0–236/25<br>2. आवेदक–विनय दांगी , पिता–स्व0 सोमर महतो<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 139. | 1. आवेदन क्र0–237/25<br>2. आवेदक–नेमधारी यादव , पिता–धरम यादव<br>3. ग्राम–लोहड्डी , पोस्ट–गांगपुर , थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–84 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 140. | 1. आवेदन क्र0–238/25<br>2. आवेदक–बैजनाथ पांडेय , पिता–स्व0 भगन पांडेय<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर , थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0–239/25<br>2. आवेदक–मुकुटधारी दांगी , पिता–स्व0 तिलक महतो<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर , थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में अंगुली कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0–240/25<br>2. आवेदक–अलेक्जेंडर तिग्गा , पिता–स्व0 छोटा जोसेफ तिग्गा<br>3. ग्राम–ठेठांगी , पोस्ट–बहेरा , थाना–पीपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ कलाई में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0–241/25<br>2. आवेदक–प्रेम कुमार वर्मा , पिता–महादेव दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0–242/25<br>2. आवेदक–ताराचंद उरॉव , पिता–लालदेव उरॉव<br>3. ग्राम–कारो , पोस्ट–बहेरा , थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ कलाई में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0–243/25<br>2. आवेदक–सोहराई उरॉव , पिता–बिफा उरॉव<br>3. ग्राम–कारो , पोस्ट–बहेरा , थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में एड़ी में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 146. | 1. आवेदन क्र0–244/25<br>2. आवेदक–सीलू उरॉव , पिता–मंगा उरॉव<br>3. ग्राम–कारो , पोस्ट–बहेरा , थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ का अंगुली में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 147. | 1. आवेदन क्र0–245/25<br>2. आवेदक–संगीता देवी , पति–स्व0 मनोज दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन में एलो का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 148. | 1. आवेदन क्र0–246/25<br>2. आवेदक–लखन पाण्डेय , पिता–भगन पाण्डेय<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 149. | 1. आवेदन क्र0–247/25<br>2. आवेदक–शोभा दांगी , पति–चन्ददेव दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0–248/25<br>2. आवेदक–रामसेवक दांगी , पिता–स्व0 नेमधारी महतो<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 151. | 1. आवेदन क्र0–249/25<br>2. आवेदक–कपूर देवी , पति–भागनेश्वर ठाकुर<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0–250/25<br>2. आवेदक–बसन्ती देवी , पति–संतन सोनी<br>3. ग्राम–गिद्धौर, पोस्ट–गिद्धौर, थाना–गिद्धौर, प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0–251/25<br>2. आवेदक–ज्ञानेश्वर उरॉव , पिता–लालदेव उरॉव<br>3. ग्राम–कारो , पोस्ट–बहेरा , थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुड्डी में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0–252/25<br>2. आवेदक–निर्मल उरॉव , पिता–स्व0 देवनाथ उरॉव<br>3. ग्राम–कल्याणपुर , पोस्ट–बहेरा , थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में दूसरे अंगुली में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 155. | 1. आवेदन क्र0–253/25<br>2. आवेदक–गणेश उरॉव , पिता–स्व0 मुनेश्वर उरॉव<br>3. ग्राम–कल्याणपुर , पोस्ट–बहेरा , थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुड्डी में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 156. | 1. आवेदन क्र0–254/25<br>2. आवेदक–छत्तु गंझू , पिता–स्व0 बन्धु गंझू<br>3. ग्राम–सिदालू , पोस्ट–बहेरा , थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 157. | 1. आवेदन क्र0–255/25<br>2. आवेदक–राजू उरॉव , पिता–बिफा उरॉव<br>3. ग्राम–कारो , पोस्ट–बहेरा , थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर का सुपली में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 158. | 1. आवेदन क्र0–256/25<br>2. आवेदक–कार्तिक उरॉव , पिता–स्व0 सुखवा उरॉव<br>3. ग्राम–कारो , पोस्ट–बहेरा , थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 159. | 1. आवेदन क्र0–257/25<br>2. आवेदक–लालेश्वर उरॉव , पिता–बुधन उरॉव<br>3. ग्राम–कारो , पोस्ट–बहेरा , थाना–पिपरवार, प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर का एड़ी में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 160. | 1. आवेदन क्र0–428/25<br>2. आवेदक–राजेन्द प्रसाद , पिता–स्व0 भोला साव<br>3. ग्राम–गुरपा कठरा टोला , पोस्ट–गरपा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ के पीछे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 161. | 1. आवेदन क्र0–455/25<br>2. आवेदक–कैलाश प्रसाद , पिता–भुखन महतो<br>3. ग्राम–चैथी , पोस्ट–चैथी , थाना–चौपारण , प्रखण्ड–चौपारण<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 162. | 1. आवेदन क्र0–456/25<br>2. आवेदक–अशोक स्वर्णकार , पिता–स्व0 सरयू स्वर्णकार<br>3. ग्राम–जगडा , पोस्ट–रतनपुर, थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 163. | 1. आवेदन क्र0–258/25<br>2. आवेदक–विजय यादव , पिता–बैजनाथ यादव<br>3. ग्राम–पत्थलगड्डा , पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 164. | 1. आवेदन क्र0–259/25<br>2. आवेदक–भुनेश्वर दांगी , पिता–जोधी महतो<br>3. ग्राम–कुबा नावाडीह दमोल , पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 165. | 1. आवेदन क्र0–260/25<br>2. आवेदक–शिव कुमार दांगी , पिता–रामेश्वर महतो<br>3. ग्राम– नावाडीह दमोल , पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 166. | 1. आवेदन क्र0–261/25<br>2. आवेदक–तिर्थनाथ दांगी , पिता–स्व0 देवलाल दांगी<br>3. ग्राम–लेम्बोइया , पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 167. | 1. आवेदन क्र0–262/25<br>2. आवेदक–बेदनी देवी , पति– तिर्थनाथ दांगी<br>3. ग्राम–लेम्बोइया , पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–महिला , आयु–71वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 168. | 1. आवेदन क्र0–263/25<br>2. आवेदक–सुफैदा खातुन , पिता–मो महबूब आलम<br>3. ग्राम–बरवाडीह , पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49वर्ष, पहचान चिन्ह–जाँघ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 169. | 1. आवेदन क्र0–264/25<br>2. आवेदक–फुल देवी , पति– नवलकिशोर दांगी<br>3. ग्राम–बेलहर , पोस्ट–नवाडी , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– हाथ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 170. | 1. आवेदन क्र0–265/25<br>2. आवेदक–महेश्वरी देवी , पति–बैजनाथ यादव<br>3. ग्राम–पत्थलगड्डा, पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– लिलाट में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 171. | 1. आवेदन क्र0–266/25<br>2. आवेदक–संजय दांगी , पिता–इन्ददेव दांगी<br>3. ग्राम–पत्थलगड्डा, पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0–267/25<br>2. आवेदक–कौशिल्या देवी , पति–केवल महतो<br>3. ग्राम–ईचाक खुर्द , पोस्ट–नावाडीह , थाना–सिमरिया , प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–महिला, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 173. | 1. आवेदन क्र0–268/25<br>2. आवेदक–कपुरवा देवी , पिता–लालजी गोप<br>3. ग्राम–द्वारी , पोस्ट–द्वारी , थाना–गिद्धौर , प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 174. | 1. आवेदन क्र0–269/25<br>2. आवेदक–मनोरमा देवी , पति–अशेश्वर यादव<br>3. ग्राम–पत्थलगड्डा, पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 175. | 1. आवेदन क्र0–270/25<br>2. आवेदक–बैजनाथ यादव, पिता–स्व0 सीता यादव<br>3. ग्राम–पत्थलगड्डा, पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 176. | 1. आवेदन क्र0–498/25<br>2. आवेदक–संतोष गोस्वामी , पिता–स्व0 गोबर्धन गोस्वामी<br>3. ग्राम–बारूडीह , पोस्ट–बारूडीह , थाना–बालीडीह , प्रखण्ड–चास<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 177. | 1. आवेदन क्र0–271/25<br>2. आवेदक–अनिल कुमार दांगी, पिता–ज्ञानी महतो<br>3. ग्राम–पत्थलगड्डा, पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 178. | 1. आवेदन क्र0–272/25<br>2. आवेदक–तापेश्वर दांगी , पिता–प्रयाग दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर , पोस्ट–गिद्धौर , थाना–गिद्धौर , प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 179. | 1. आवेदन क्र0–273/25<br>2. आवेदक–मालती देवी , पति–भुनेशवर दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर , पोस्ट–गिद्धौर , थाना–गिद्धौर , प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 180. | 1. आवेदन क्र0–274/25<br>2. आवेदक–दुखन दांगी , पिता–प्रसाद महतो<br>3. ग्राम– नावाडीह दमोल , पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75वर्ष, पहचान चिन्ह– मुँह खेदा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 181. | 1. आवेदन क्र0–275/25<br>2. आवेदक–भुनेश्वर दांगी , पिता–स्व0 रोशन दांगी<br>3. ग्राम–गिद्धौर , पोस्ट–गिद्धौर , थाना–गिद्धौर , प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 182. | 1. आवेदन क्र0–276/25<br>2. आवेदक–अर्जुन महतो , पिता –केवल महतो<br>3. ग्राम–ईचाक खुर्द , पोस्ट–नावाडीह , थाना–सिमरिया , प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के अंगुली का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 183. | 1. आवेदन क्र0–277/25<br>2. आवेदक–तेतरी देवी , पति–दुखन दांगी<br>3. ग्राम– नावाडीह दमोल , पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–महिला, आयु–65वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 184. | 1. आवेदन क्र0–278/25<br>2. आवेदक–जागेश्वर राम दांगी , पिता–गुरूदयाल महतो<br>3. ग्राम– सिघानी , पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–77वर्ष, पहचान चिन्ह– मुँह गर्दन में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 185. | 1. आवेदन क्र0–279/25<br>2. आवेदक–चंद्रहास दांगी , पिता–जीवलाल दांगी<br>3. ग्राम–पत्थलगड्डा , पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75वर्ष, पहचान चिन्ह– पीठ के पीछे में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 186. | 1. आवेदन क्र0–280/25<br>2. आवेदक–सुरेन्द दांगी , पिता–स्व0 बुरामण महतो<br>3. ग्राम–बारियातु , पोस्ट–गांगपुर , थाना–गिद्धौर , प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के बगल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 187. | 1. आवेदन क्र0–281/25<br>2. आवेदक–कपूर देवी , पति–कोमल यादव<br>3. ग्राम–बारियातु , पोस्ट–गांगपुर , थाना–गिद्धौर , प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– पीठ के पीछे में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 188. | 1. आवेदन क्र0–282/25<br>2. आवेदक–नागेश्वर यादव , पिता–जगदीश यादव<br>3. ग्राम–पत्थलगड्डा , पोस्ट–पत्थलगड्डा , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47वर्ष, पहचान चिन्ह– पीठ के पीछे में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 189. | 1. आवेदन क्र0–283/25<br>2. आवेदक–सुरेन्द दांगी , पिता–रोहन दांगी<br>3. ग्राम–दरिआतु , पोस्ट–चतरा , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 190. | 1. आवेदन क्र0–284/25<br>2. आवेदक–ऐती देवी , पति–एतवा उरॉव<br>3. ग्राम–खैरा , पोस्ट–डारी , थाना–पत्थलगड्डा , प्रखण्ड–पत्थलगड्डा<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह– हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 354719 (Home) 25-26 (D)

# भीषण त्रासदी

अहमदाबाद हवाई अड्डे से गुरुवार दोपहर उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान (एआई171) का मलबा बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में चिकित्सकों के छात्रावास व आवासीय क्वार्टरों के आसपास बिखरा हुआ है। गुजरात के इतिहास में सबसे भीषण दुर्घटनाओं में से एक हादसे के बाद वायरल हुए वीडियो में मलबे में झुलसे हुए शव भी दिखाई दे रहे हैं।

सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद 242 यात्रियों को लेकर अहमदाबाद से लंदन जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटनास्थल के आसपास का इलाका घनी आबादी वाला है। विमान बीजे मेडिकल कॉलेज एवं सदर अस्पताल के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के छात्रावास तथा आवासीय क्वार्टरों के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान का एक हिस्सा पांच मंजिला इमारत से बाहर निकला हुआ था।चश्मदीद हरेश शाह ने बताया कि विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले बहुत तेजी से नीचे आ रहा था। इमारत से टकराने पर धमाके जैसी आवाज आई और विमान व इमारत में आग लग गई। घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचने वाले स्थानीय निवासियों ने यात्रियों के साथ-साथ इमारत में मौजूद लोगों को बचाने की कोशिश की। निवासियों द्वारा मोबाइल फोन पर शूट किए गए शुरूआती फुटेज में मलबे के बीच झुलसे हुए शव दिखाई दिए। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि विमान छात्रावास के डाइनिंग हॉल (खाना खाने की जगह) से टकराया, जहां लोग मौजूद थे। इस विमान की गुणवत्ता को लेकर कुछ सवाल उठाये जा रहे थे। ब्लैक बॉक्स मिलने के बाद स्थिति साफ होने का अनुमान है। निश्चित तौर पर इस विषय पर विशेष जांच और उच्च स्तरीय निगरानी की आवश्यकता को नकारा नहीं जा सकता है।

## आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8


कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मिलावट से होने वाले नुकसान का आकलन कब?





**- बृजमोहन ओझा**

> विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है।

**भारतीय** खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने ईट राइट इंडिया अभियान के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पोषक भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास शुरू किया है। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें।

भारत में बढ़ती आबादी के कारण और मांग एवं आपूर्ति में अंतर के चलते प्रायः खाद्य वस्तुओं की किल्लत और दामों में बढ़ोत्तरी होती ही रहती है और इसी किल्लत का फायदा जमाखोरों की टोलियां उठाने से नहीं चूकती हैं, तो वहीं घटिया एवं मिलावटी चीजें बेचने वालों की पौ-बारह हो जाती है। भारत में इन दोनों तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले लड्डुओं को मिलावटी देसी घी से बनाने से भक्तों की धार्मिक आस्था आहत होने का मुद्दा चर्चा में है। देवस्थानम को देसी घी की आपूर्तिकर्ता कंपनी एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य नियामक ने पूछा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए उसका केंद्रीय लाइसेंस निलंबित क्यों न कर दिया जाए?

आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मरते हैं।

भारत में दूध और डेयरी उत्पाद, वसा और तेल, फल और सब्जियां, अनाज, कॉफी, चाय, शहद और मसाले सहित लगभग हर खाद्य सामग्री में मिलावट का प्रतिशत अत्यधिक बढ़ गया है और स्वच्छता मानकों की बुरी तरह से अनदेखी हो रही है। इतना ही नहीं, भारत के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोलगप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ व पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं अपितु दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं।

सवाल उठता है कि आखिर ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को तत्काल जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के महानिदेशक डा. कू डोंग्यू के अनुसार, ह्यहमें अपने भोजन की पहचान, गुणवत्ता और सुरक्षा पर एक आम समझ की जरूरत है। लेकिन भारत में दूध में पानी मिलाने, नकली दूध, घी में केमिकल, दाल में सिंथेटिक रंग और वैक्स कोटिंग, सब्जियों में हॉर्मोन के इंजेक्शन तथा सिंथेटिक रंग, हर्बल उत्पादों में एलोपैथिक दवाइयां तथा केमिकल्स, सौंदर्य प्रसाधनों में और देसी घी बनाने में पशुओं की चर्बी होने की जानकारी किसी से छुपी हुई नहीं है। खाद्य अपमिश्रण से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबंधित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे असाध्य रोग हो सकते हैं।

मिलावटी और बासी खाद्य पदार्थों से निपटने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से 37 लाख रुपे की मोबाइल फूड सेफ्टी वैन भी मिली है।

खाद्य अपमिश्रण के परीक्षण के लिए मैसूर, पुणे, गाजियाबाद एवं कोलकाता में भारत सरकार द्वारा चार केन्द्रीय प्रयोगशालाएं व्यवस्थित रूप से स्थापित की गई हैं। खाद्य अपमिश्रण एवं रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा लोगों को गंदा और घटिया खाने-पीने की वस्तुएं बेचने से आगाह करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा ईट राइट इंडिया मूवमेंट की पहल की गई है।

ईट राइट मूवमेंट अभियान तीन प्रमुख विषयों पर आधारित है- सुरक्षित खाएं, व्यक्तिगत और आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित करें, स्वस्थ खाएं, आहार विविधता और संतुलित आहार को बढ़ावा दें एवं स्थानीय और मौसमी सब्जियों/भोजन को बढ़ावा दें, भोजन के नुकसान को रोकें।

खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें। भारत के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोलगप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ व पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं केवल अतिरिक्त सतर्कता और जागरूकता का पालन करने से ही हम अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित बना सकते हैं और अपमिश्रित एवं गंदी खाद्य सामग्री बेचने वालों के कुत्सित इरादों को परास्त कर सकते हैं।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**जब** महिलाएं निर्णायक भूमिकाओं में होती हैं, तो वे स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और आर्थिक स्थिरता जैसे क्षेत्रों में अधिक निवेश करती हैं। इससे संपूर्ण राष्ट्र का सतत विकास सुनिश्चित होता है। महिलाओं की नेतृत्व क्षमता में दूरदृष्टि, संवेदनशीलता और समावेशन का अद्भुत समन्वय होता है, जिससे समाज को दीर्घकालिक लाभ मिलता है।

**- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

'हमारा चीन के साथ सौदा हो गया है, जो शी और मेरी अंतिम मंजूरी के अधीन है। चीन की ओर से सभी जरूरी रेयर अर्थ मिनरल्स (दुर्लभ खनिज) पहले से ही सप्लाई किए जाएंगे। इसी तरह, अमेरिका चीन को वह सब कुछ देगा, जो तय हुआ है। **- ट्रंप**

# प्रधानमंत्री मोदी का जैव विविधता के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान

**मुकुंद**

**विज्ञान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस पर ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई थी। उन्होंने एक्स पर लिखा, "आज विश्व वन्यजीव दिवस पर आइए हम अपने ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। इसमें हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आइए आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें। हमें वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा में भारत के योगदान पर भी गर्व है।" आज अपने गृह राज्य गुजरात में विश्व वन्यजीव दिवस पर जूनागढ़ जिले में स्थित गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लिया और एशियाई शेरों को करीब से देखा।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डीएसएलआर कैमरे से एशियाई शेरों की तस्वीरें खींचते नजर आए। उन्होंने एक ऐसी भी तस्वीर खींची जिसमें मादा शेरनी अपने शावक को दुलारती नजर आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में एक वीडियो क्लिप भी अपलोड की। इसमें वो भारत की परंपरा में जैव विविधता के प्रति स्वाभाविक आग्रह का जिक्र कर रहे हैं। यह क्लिप 2023 की है। कर्नाटक के मैसूर में प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे होने के स्मरणोत्सव कार्यक्रम में उन्होंने विचार रखे थे। उन्होंने दुनिया भर के वन्यजीव प्रेमियों के मन में अन्य देशों, जहां बाघों की आबादी या तो स्थिर है या फिर उसमें गिरावट हो रही है, की तुलना में भारत में बाघों की बढ़ती आबादी के बारे में उठने वाले सवालों को दोहराया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, "भारत इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था के बीच संघर्ष में विश्वास नहीं करता, बल्कि वह दोनों के सह-अस्तित्व को समान महत्व देता है।"

यहां यह महत्वपूर्ण है कि जबसे मोदी सरकार आई है तब से देश ने बाघों के संरक्षण में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। 2010 में भारत में करीब 1,700 बाघ थे। 2022 में उनकी संख्या बढ़कर 3,600 से भी ज्यादा हो गई है। यानी सिर्फ 12 साल में बाघों की संख्या दोगुनी हो चुकी है। आज, दुनिया के करीब 75 फीसद बाघ भारत में रहते हैं। यह वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ी सफलता है और हम सब भारतवासियों के लिए गर्व का पल है। यह सरकार और समाज के सामूहिक प्रयास से संभव हुआ है।

यही नहीं, बाघों के रहने वाले जंगलों को पूरी तरह से सुरक्षित किया गया ताकि वह अपना जीवन बिना किसी खतरे के जी सकें। बाघों के शिकार (जैसे हिरण) की संख्या पर ध्यान दिया गया ताकि बाघों को पर्याप्त भोजन मिलता रहे। समाज को बाघों से जुड़ी जानकारी दी गई और गांवों में बाघों से जुड़े संघर्षों को कम करने के उपायों पर तेजी से काम किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी का जूनागढ़ जिले में स्थित गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लेना अनायास नहीं है। दरअसल भारत में शेरों की आबादी भी बढ़ी है। वैसे भी देश में शेरों का संरक्षण सांस्कृतिक और पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण है। शेर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक का अभिन्न और महत्वपूर्ण अंग हैं। शेरों का भारतीय मुद्रा और आधिकारिक दस्तावेजों में दिखाई देता है। भारत एशियाई शेरों का घर है। एशियाई शेर सिर्फ गुजरात के गिर के जंगलों में पाए जाते हैं। इस क्षेत्र में संरक्षण प्रयासों ने शेरों की आबादी को 2015 में लगभग 523 से बढ़ाकर 2020 में लगभग 674 तक पहुंचा दिया। केंद्र सरकार की 15 अगस्त, 2020 को घोषित प्रोजेक्ट लायन महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य लंबे एशियाई शेरों के भविष्य को सुरक्षित करना है। गुजरात में शेरों की संख्या और स्वास्थ्य की निगरानी के लिए नियमित रूप से गणना की जाती है। इसके अलावा आग प्रबंधन, बाढ़ की तैयारी और निरंतर वन्यजीव निगरानी जैसे उपाय यह सुनिश्चित करते हैं कि शेरों के पास सुरक्षित आवास हों और किसी भी आपात स्थिति का तुरंत समाधान किया जाए। बड़ी बात यह है कि अप्रैल 2023 में शुरू किया गया इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस दुनिया भर में शेरों सहित बड़ी बिल्लियों के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहा है। शेरों के इतिहास की बात करें तो वह 30 लाख वर्ष पूर्व अफ्रीका और यूरेशियन महाद्वीप में विचरण करते थे। शोधकताओं का अनुमान है कि वर्तमान में पृथ्वी पर शेरों की उपस्थिति 30,000 से 100000 के बीच है।

जहां तक गिर वन्यजीव अभयारण्य का सवाल है तो वह एशिया में शेरों का एकमात्र निवास स्थान होने के कारण जाना जाता है। गिर अभयारण्य 1424 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 258 वर्ग किलोमीटर में राष्ट्रीय उद्यान और 1,153 वर्ग किलोमीटर वन्य प्राणियों के लिए आरक्षित अभयारण्य है। पास में ही मितीयाला वन्य जीव अभयारण्य है।

# विश्वविद्यालयों में बदलाव की अर्थपूर्ण पहल

**डॉ. सुधीर कुमार**

**समाज**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति द्वारा अपने पदनाम को ह्यकुलपतिह्ल से बदलकर ह्यकुलगुरुह्ल करने का निर्णय शिक्षा जगत में एक विचारणीय पहल है। यह सिर्फ एक शब्द का बदलाव नहीं, बल्कि इसके पीछे भारतीय ज्ञान परंपरा, शैक्षणिक मूल्यों और गुरु-शिष्य परंपरा को पुनः स्थापित करने की सोच निहित है। इस कदम पर व्यापक चिंतन की आवश्यकता है।

कुलपति शब्द कुल (परिवार या समुदाय) और ति (स्वामी या मुखिया) से मिलकर बना है। यह प्रशासनिक अधिकार और स्वामित्व का बोध कराता है। इसमें सम्मान और अधिकार का भाव तो है, लेकिन शिक्षा और मार्गदर्शन का उतना नहीं। ह्यकुलगुरुह्ल शब्द का मूल संस्कृत में है, और यह ह्यकुलह्ल (परिवार/समूह) और ह्यगुरुह्ल (शिक्षक/मार्गदर्शक) से मिलकर बना है। यह शब्द न केवल प्रशासनिक प्रमुखता को दर्शाता है, बल्कि इससे कहीं अधिक, यह ज्ञान, मार्गदर्शन, नैतिक नेतृत्व और छात्रों के प्रति पितृतुल्य स्नेह की भावना को भी समाहित करता है। ह्यकुलगुरुह्ल वह होता है जो अपने कुल के सदस्यों को ज्ञान के मार्ग पर ले जाता है, उनके आध्यात्मिक और बौद्धिक विकास में सहायता करता है। एक विश्वविद्यालय केवल डिग्रियां बांटने वाली संस्था नहीं, बल्कि ज्ञान का मंदिर और छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र होता है, और शिष्य -परंपरा के प्रति गहन प्रतिबद्धता को भी समाहित करता है।

स्पष्ट है कि ह्यगुरुह्ल शब्द में जो सम्मान, त्याग, ज्ञान और परोपकार का भाव निहित है, वह ह्यपतिह्ल शब्द में नहीं। एक विश्वविद्यालय का प्रमुख केवल उसका प्रशासक नहीं होना चाहिए, बल्कि उसका ह्यगुरुह्ल होना चाहिए, जो छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को ज्ञान, नैतिकता और समग्र विकास के मार्ग पर प्रेरित करे।

निःसंदेह, विश्वविद्यालयों के प्रमुखों के लिए ह्यकुलगुरुह्ल की उपाधि ह्यकुलपतिह्ल से कहीं अधिक उपयुक्त और श्रेष्ठ है। यह एक प्रतीकात्मक बदलाव हो सकता है, लेकिन इसका गहरा मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक प्रभाव पड़ेगा। यह विश्वविद्यालय के प्रमुख को केवल एक प्रबंधक नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक, एक संरक्षक और एक ज्ञानी व्यक्ति के रूप में स्थापित करेगा जो अपने ह्यकुलह्ल के सभी सदस्यों के प्रति जिम्मेदार है। हां, यह बदलाव रातों-रात नहीं होगा और इसके लिए गहन विचार-विमर्श और सर्वसम्मति की आवश्यकता होगी।

देश के विश्वविद्यालय को इस बदलाव पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। यह केवल एक भाषाई बदलाव नहीं, बल्कि एक वैचारिक बदलाव है जो भारतीय शिक्षा प्रणाली को उसकी मूल भावना से जोड़ सकता है। अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा ह्यकुलपतिह्ल के स्थान पर ह्यकुलगुरुह्ल की उपाधि अपनाना एक सकारात्मक और दूरगामी कदम होगा। यह बदलाव विश्वविद्यालय के प्रमुख की भूमिका को केवल प्रशासनिक मुखिया से ऊपर उठाकर एक नैतिक और शैक्षणिक मार्गदर्शक के रूप में स्थापित करेगा, जिससे भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा का पुनरुद्धार होगा। यह हमारी संस्कृति और मूल्यों के प्रति सम्मान का प्रतीक भी बनेगा।

हालांकि, यह भी समझना आवश्यक है कि केवल पदनाम बदलने से रातों-रात बदलाव नहीं आ जाएगा। ह्यकुलगुरुह्ल की उपाधि को सार्थक बनाने के लिए कुलपति को वास्तव में गुरु की भूमिका निभानी होगी- छात्रों के साथ संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना, उन्हें अकादमिक और व्यक्तिगत रूप से मार्गदर्शन करना, और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रहना। यह बदलाव एक प्रतीकात्मक शुरूआत है, जिसका वास्तविक प्रभाव तब दिखेगा जब यह भावना विश्वविद्यालय के संपूर्ण कार्यप्रणाली में प्रतिबिंबित होगी।

भारतीय परंपरा में गुरु का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

**देश में सेना के शोध विंग ने एक अत्याधुनिक रडार प्रणाली विकसित कर दुनिया में तहलका मचा दिया।**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज


### चौपारण में गिट्टी लदा हाइवा और बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

चौपारण। सीओ संजय यादव के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते हुए गिट्टी से लदा एक मिनी हाइवा और बालू से लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन में शामिल लोगों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना वैध कागजात और अनुमति के बालू व गिट्टी ढुलाई पर पूर्ण प्रतिबंध है। जब्त किए गए वाहनों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित थाने को सौंप दिया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य में एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) के निर्देशों के अनुपालन में अवैध खनन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। हालांकि, वैध बालू की आपूर्ति बाधित होने के कारण ग्रामीण इलाकों में निर्माण कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बालू की किल्लत और कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी से गरीब व मध्यम वर्ग के लोग परेशान हैं और अपने घरों के निर्माण कार्य रोकने को मजबूर हैं।

### युवक ने वर्कशॉप में की आत्महत्या

केरेडारी। बेंगवरी गांव में एक युवक ने की आत्महत्या। मृतक की पहचान बसंत कुमार (पिता - खीरु साव) के रूप में हुई है, जो एनटीपीसी केरेडारी कोल खनन परियोजना की आउटसोर्सिंग कंपनी बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड में हेल्पर के रूप में कार्यरत था। शनिवार को उसका साप्ताहिक अवकाश था, इसके बावजूद वह कंपनी के वर्कशॉप परिसर में पहुंचा और वहां सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त वह अकेला था, लेकिन जब उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह तड़पने लगा तो कुछ कामगारों ने उसे देखा और तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल भेजवाया। उसे इलाज के लिए सबसे पहले बड़कागांव अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण इलाज में देरी हुई। इस देरी के चलते युवक की हालत और बिगड़ गई और अंततः उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से परिजनों के साथ-साथ कंपनी के सहकर्मियों में भी शोक की लहर है।

### ओड़िशा में जिंदल कृषि सेवा शुरू



भुरकुंडा (रामगढ़)। जिन्दल स्टील एंड पावर के चेयरमैन और कुरुक्षेत्र से तीसरी बार सांसद नवीन जिन्दल के विजन को आगे बढ़ाते हुए ओडिशा के अंगुल जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जिन्दल फाउंडेशन ने जिन्दल कृषि सेवा योजना की शुरूआत की है। इसकी शुरूआत फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने मंगलवार को मोबाइल सॉयल टेस्टिंग वैन को हरी झंडी दिखाकर की। इस योजना के तहत किसानों को रासायनिक खाद और कीटनाशकों से मुक्त प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले चरण में अंगुल जिले के 49 गांवों के 2,000 से अधिक किसानों को लाभ पहुंचाया जाएगा।

### तोपा : ग्रामीणों ने ट्रांसपोर्टिंग किया ठप

कुजू। सीसीएल के तोपा परियोजना से कुजू साइडिंग तक का कोयला ट्रांसपोर्टिंग को बनवार रविदास टोला के ग्रामीणों ने रोका। ग्रामीणों का कहना है कि बनवार के ग्रामीण स्व. महेश रविदास की विधवा को तय गुजारा भत्ता नियमित करने,बकाया भुगतान व पुत्र को ट्रांसपोर्टिंग कंपनी में मुंशी के पद जब तक नहीं रखा जायेगा, तब कार्य बाधित रहेगा। ग्रामीणों ने बताया कि गत 25 मार्च 2021 की रात तोपा कांटा घर में ड्यूटी के दौरान अपराधियों ने गोली मारकर महेश रविदास की हत्या कर दी थी। हत्या के विरोध में ग्रामीणों के आंदोलन के बाद सीसीएल प्रबंधन, तत्कालीन कोयला ट्रांसपोर्टर, राजनीतिक दलों की वार्ता में स्व. महेश रविदास की विधवा व उनके बच्चों के भरण पोषण के लिए कोयला ट्रांसपोर्टर द्वारा प्रतिमाह 5 हजार रुपए देने पर सहमति बनी थी। ठप करने वालों में ग्रामीण उमेश रविदास, सुरेश रविदास, अमर कुमार दास, सोनू कुमार दास, लालदेव मांझी,दीपक दास आदि शामिल थे।

### गर्मी में जल मीनार नहीं हुआ चालू



विष्णुगढ़। खरना पंचायत स्थित पूणाडीह गांव में दो साल पहले लाखों रुपये खर्च कर बनी नल-जल योजना अब सिर्फ देखने की चीज बनकर रह गई है। 2022 में 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत इस सोलर जलमीनार का निर्माण तो बड़े उत्साह से हुआ, लेकिन आज यह सिस्टम पूरी तरह ठप पड़ा है। मार्च 2025 से गर्मी शुरू होते ही यह जलस्रोत जवाब दे गया, और गांव जल संकट की चपेट में आ गया। ग्रामीणों का कहना है कि पहले कुछ घरों में पानी मिल भी रहा था, लेकिन अब पूरा सिस्टम बंद है। कुंआ पास में है, पर जलमीनार के कारण उसका जल स्तर भी नीचे चला गया। महिलाएं अब दूर-दराज के कुओं से पानी ढोने को मजबूर हैं। गांव में दो अन्य सोलर जलमीनार और लगाए गए थे, जो अभी तक अधूरे हैं। गांव के समाजसेवी चुन्नू लाल सोरेन ने स विभाग से अनुरोध किया है कि जलमीनारों की मरम्मत कराकर इसे चालू किया जाए।

# हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना भारत

**▸▸ घर में घुसकर मारने वाला देश बन चुका है भारत**

## रघुवर दास ने केंद्र सरकार की गिनायी उपलब्धियां



**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। हजारीबाग में पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास, विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और इसे गर्व का युग बताया । रघुवर दास ने कहा कि इन 11 वर्षों में भारत ने सिर्फ विकास नहीं किया, बल्कि वैश्विक राजनीति में अपनी मजबूत उपस्थिति भी दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सुरक्षा से लेकर स्वास्थ्य और शिक्षा से लेकर तकनीक तक हर क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। झारखंड में पांच मेडिकल कॉलेज और देवघर एम्स जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स इसका प्रमाण हैं। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ झारखंड बल्कि पूरे देश के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर है।

रघुवर दास ने बताया कि केंद्र सरकार की योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आम आदमी के जीवन में वास्तविक बदलाव लेकर आई हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने सीधे जनता की जिंदगी को छुआ है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अब भारत घर में घुसकर मारने वाला देश बन चुका है चाहे वह ऑपरेशन सिंधूर हो या पाकिस्तान को सख्त संदेश देने वाली नीति। कहा कि ये 11 साल सिर्फ सरकार के नहीं, हर उस भारतीय का उत्सव है जो अब अपने सपनों को साकार होते देख रहा है। यह भारत के स्वर्ण युग की शुरूआत है, जहां तकनीक, ताकत और तरक्की साथ चल रही है। मौके पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, विधायक रोशन लाल चौधरी, विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## बिजली की हालत नहीं सुधरी तो कल से होगा विभाग का घेराव : जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** जब जनता को बिजली नहीं, तो विभाग को चैन क्यों? इसी नारों के साथ हजारीबाग में बिजली संकट के खिलाफ अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान हो चुका है। दिल्ली से लौटते ही सांसद मनीष जायसवाल ने बिना किसी सूचना के सीधे बिजली विभाग के दफ्तर पर धावा बोल दिया। साथ में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी। तीनों ने अधिकारियों को दो टूक कहा कि अगर 13 जून तक बिजली सुधरी नहीं, तो 14 जून से पूरा विभाग ठप कर देंगे। सांसद ने कहा कि केरेडारी में दिन में 4 घंटे भी बिजली नहीं मिल रही। शहर में भी यही हाल है। महिलाएं रसोई में परेशान हैं, बच्चे बिना पढ़ाई के, और किसान सुखी जमीन की ओर ताक रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के अफसर ठंडे कमरों में बैठकर जनता के धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। सांसद ने अफसरों को चेतावनी दी कि अगर जल्द हालात नहीं बदले, तो 14 जून को विभाग का घेराव होगा। और ये सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं, पूरी व्यवस्था ठप कर दी जाएगी। साथ ही कहा कि अब कोई तकनीकी बहाना या ट्रिपिंग की कहानी नहीं चलेगी। शेड्यूल सार्वजनिक करो, शहर-गांव में समान वितरण हो यही जनता की मांग है। बिजली विभाग के बाहर मीडिया से बात करते हुए जायसवाल ने कहा कि झारखंड की जनता अब बहाने नहीं, समाधान चाहती है। जब केंद्र सरकार बिजली दे रही, दूसरे राज्यों में कोई संकट नहीं, तो हजारीबाग क्यों अंधेरे में डूबा है?

### चौपारण में वृद्ध महिला की हत्या

चौपारण। करमा पंचायत के कुबरीं डोइया गांव में गुरुवार सुबह एक महिला की खून से सनी लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 60 वर्षीय बद्रिका मसोमात के रूप में हुई है, वह स्वर्गीय सुखदेव मिस्त्री की पत्नी थीं। महिला घर में अकेले रहा करती थीं, जबकि उनका बेटा प्रमोद राणा और बहू रांची में काम करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह जब घर से कोई हलचल नहीं हुई तो पड़ोसी ने जाकर देखा, जहां महिला अपने कमरे में मृत में मिलीं। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ अजित कुमार विमल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्कॉट की टीम भी बुलाई गई, जो घटनास्थल की बारीकी से जांच में जुट गई है।

## चौपारण में धड़ल्ले से बिक रही केमिकल युक्त मिठाइयां

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चौपारण।** चौपारण प्रखंड में त्योहार और आयोजनों की मिठास अब खतरनाक करवट ले रही है। मिठाइयों के नाम पर लोगों को धीमा जहर परोसा जा रहा है। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी मात्रा में मिलावटी मिठाइयाँ बरामद की गईं।

बिहार से लाई जा रही एक इक्को वैन (बीआर 27 एन 6084) से करीब 150 किलो संदिग्ध मिठाई जब्त की गई, जिसे झारखंड के अलग-अलग जिलों में सप्लाई किया जाना था। गाड़ी को जब चौपारण थाना लाया गया, तो जांच के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रकाश गुगी मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक परीक्षण में मिठाइयों में भारी मात्रा में मैदा, खतरनाक रासायनिक रंग और कृत्रिम स्वाद पाए जाने की आशंका जताई गई। सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं और रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विशेषज्ञों का कहना है कि इन मिठाइयों में इस्तेमाल किए जा रहे सस्ते रसायन पेट की गंभीर बीमारियों, लिवर डैमेज और किडनी फेल का कारण बन सकते हैं। शादी-ब्याह, त्योहारों और स्थानीय बाजारों में ये मिठाइयाँ बिना रोक-टोक के बिक रही थीं। यह पहली बार है कि इतनी बड़ी मात्रा में मिलावटी मिठाइयों की खेप पकड़ी गई है।

**बिहार से लाई जा रही वैन से 150 किलो मिठाई जब्त**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि खाद्य सुरक्षा विभाग की लापरवाही के कारण मिलावटखोरों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे थे। घटना के बाद ग्रामीणों और व्यापारियों में भारी आक्रोश है। लोगों ने दोषियों पर त्वरित कार्रवाई और क्षेत्र में नियमित जांच की मांग की है। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सस्ते लालच में न आएं और संदिग्ध खाद्य पदार्थों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## भुरकुंडा : कई मांगों को ले सांसद प्रतिनिधि ने जीएम को सौंपा ज्ञापन



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा मंडल के सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा के नेतृत्व में चोरधरा पंचायत के उपमुखिया करण सिंह, विक्की सरकार और तरुण राज ने सामुदायिक स्थल को विवादित स्थल से हटाकर प्रदूषण रहित उचित स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की मांग को लेकर गुरुवार को बरका सयाल महाप्रबंधक को सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों की मांग पर महाप्रबंधक ने शीघ्र ही उपयुक्त स्थल चिन्हित कर अन्नपति प्रमाण पत्र जारी करने का आश्वासन दिया। सिर्फ स्थल स्थानांतरण ही नहीं, ग्रामीणों ने क्षेत्र में व्याप्त पानी और बिजली की गंभीर समस्याओं को भी महाप्रबंधक के समक्ष रखा। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महाप्रबंधक अजय सिंह ने बोरिंग के माध्यम से जल संकट का समाधान करने तथा सात नए बिजली पोल लगाने, कॉलोनी के पुराने व जर्जर तारों को बदलवाने और ट्रांसफार्मर में तेल भरवाने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपमुखिया करण सिंह, विक्की सरकार, तरुण राज सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### चौपारण : युवक पर हमला हालत नाजुक

चौपारण। मंगलवार रात ब्लॉक मोड़ के पास दो नकाबपोश बाइक सवारों ने युवक को अगवा कर हमला किया। शुभम बरही डीह निवासी किशोरी ठाकुर का पुत्र है, गर्मी की छुट्टियों में अपने ननिहाल ठाकुर टोला, चौपारण आया हुआ था। मंगलवार रात करीब 8 बजे वह ब्लॉक मोड़ के पास था, तभी नकाबपोश युवकों ने उसे रुमाल सुंघाकर बेहोश किया और बाइक पर सुनसान इलाके कोल्हुआ चक की ओर ले गए। वहां गले पर धारदार हथियार से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। परिजनों ने उसे तत्काल चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# मोदी के नेतृत्व में बेटियां हो रही हैं सशक्त : संजय सेठ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पूरा होने पर भाजपा ने रामगढ़ चैंबर भवन में गुरुवार को प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक रोशन लाल चौधरी, भाजपा प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, जिला प्रभारी शशि भूषण भगत विशेष रूप से उपस्थित थे। राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 वर्ष सेवा सुशासन गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में देश की बेटियां सशक्त हो रही हैं । आज रक्षा के क्षेत्र में मोदी ने बेटियों के लिए द्वार खोला है जिसका परिणाम है कि 1606 सैनिक बेटियां पदासीन हैं । वहीं 17 बेटियां एनडीए में पासिंग आउट होकर नया इतिहास रच दी। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए कहा कि आज महिलाएं जहां लखपति दीदी, लक्ष्मी लाडली योजन से जुड़ कर मजबूत हो रही है। वहीं उन्होंने आयुष्मान कार्ड योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, स्वच्छ भारत योजना के तहत इज्जत घर का निर्माण ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा कर रहा है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। सड़क, वायु, जल कनेक्टिविटी में तेजी से काम हो रही हैं। जम्मू कश्मीर में बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल,136 वर्ल्ड क्लास वन्दे भारत ट्रेन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1300 सौ से अधिक रेलवे स्टेशन का पूर्णनिर्माण हुआ है। हर सेक्टर में आज भारत विश्व को टक्कर दे रहा है। आज विश्व का सबसे बड़ा इंटरनेट का उपयोग भारत में होता है। मोदी जी के नेतृत्व में देश की तकदीर और तस्वीर बदली है। हम कह सकते हैं कि नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत और उन्नतिशील भारत का स्वर्णिम काल है। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि 11वर्ष के मोदी सरकार को बेमिसाल बताया उन्होंने झारखंड राज्य में बिजली की लचर व्यवस्था पर हेमंत सरकार की तीखी आलोचना की और कहा कि राज्य में सिर्फ केन्द्र सरकार की योजना ही फलीभूत हो रही है। मौके पर रंजीत कुमार सिन्हा ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, रणंजय कुमार, डॉ संजय सिंह, प्चंद्रशेखर चौधरी, डॉ संजय प्रसाद सिंह, राजीव जायसवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।


झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

74वीं औपबंधिक सूची
जिला-चतरा (पार्ट-4)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कण्डिका |
|---|---|---|
| विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पुष्कर महतो एवं राजेन्द्र दांगी द्वारा माननीय सदस्य नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 191. | 1. आवेदन क्र0-285/25<br>2. आवेदक-कौलेश्वर यादव, पिता-स्व0 लालजी महतो<br>3. ग्राम-डूमरिया, पोस्ट-दारी, थाना-गिद्धौर, प्रखण्ड-गिद्धौर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-48 वर्ष, पहचान चिन्ह- हाथ में तिल का निशान | कण्डिका-2(ix) |
| 192. | 1. आवेदन क्र0-286/25<br>2. आवेदक-सतीश कुमार, पिता-मिश्चन राम दांगी<br>3. ग्राम-तेतरिया, पोस्ट-पत्थलगडा, थाना-पत्थलगडा, प्रखण्ड-पत्थलगडा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें हाथ में तिल का निशान | कण्डिका-2(ix) |
| 193. | 1. आवेदन क्र0-287/25<br>2. आवेदक-दीनानाथ दांगी पिता-खुशलाल महतो<br>3. ग्राम-मझौली, पोस्ट-राजपुर, थाना-राजपुर, प्रखण्ड-राजपुर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह- पीठ के पीछे में तिल का निशान। | कण्डिका-2(ix) |
| 194. | 1. आवेदन क्र0-288/25<br>2. आवेदक-लखन दांगी, पिता- लालधारी महतो<br>3. ग्राम-गिद्धौर, पोस्ट-गिद्धौर, थाना-गिद्धौर, प्रखण्ड-गिद्धौर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह- अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 195. | 1. आवेदन क्र0-289/25<br>2. आवेदक-एतवा उरॉव पिता-फकीर उरॉव<br>3. ग्राम-खैरा, पोस्ट-पत्थलगडा, थाना- पत्थलगडा, प्रखण्ड-पत्थलगडा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह- पीठ के पीछे में तिल का निशान। | कण्डिका-2(ix) |
| 196. | 1. आवेदन क्र0-290/25<br>2. आवेदक-फूलमती देवी ,पिता-चन्द्रहारा दांगी<br>3. ग्राम-पत्थलगडा, पोस्ट-पत्थलगडा, थाना- पत्थलगडा, प्रखण्ड-पत्थलगडा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-69 वर्ष, पहचान चिन्ह- पीठ के पीछे में तिल का निशान। | कण्डिका-2(ix) |
| विवरण :- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामेश्वर महतो एवं चमन महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 197. | 1. आवेदन क्र0-291/25<br>2. आवेदक-लक्ष्मण साव, पिता-मन्दोरी साव<br>3. ग्राम-केन्दुआ बमन्डीह, पोस्ट-मयुरहण्ड, थाना- मयुरहण्ड, प्रखण्ड-मयुरहण्ड<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाया गाल में कटा का निशान। | कण्डिका-2(ix) |
| 198. | 1. आवेदन क्र0-292/25<br>2. आवेदक-अनिल कुमार भारती, पिता-जय कुमार महतो<br>3. ग्राम-बेलखोरी, पोस्ट-मयुरहण्ड, थाना- मयुरहण्ड, प्रखण्ड-मयुरहण्ड<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-होठ पर तिल का निशान। | कण्डिका-2(ix) |
| 199. | 1. आवेदन क्र0-293/25<br>2. आवेदक-मुन्नी देवी, पति-नन्दू साव<br>3. ग्राम- मयुरहण्ड, पोस्ट-मयुरहण्ड, थाना- मयुरहण्ड, प्रखण्ड-मयुरहण्ड<br>4. लिंग-महिला, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाया गाल में तिल का निशान। | कण्डिका-2(ix) |
| 200. | 1. आवेदन क्र0-294/25<br>2. आवेदक-बसन्त साव, पिता-स्व0 सीताराम साव<br>3. ग्राम- मयुरहण्ड, पोस्ट-मयुरहण्ड, थाना- मयुरहण्ड, प्रखण्ड-मयुरहण्ड<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाया पैर में जख्म का निशान। | कण्डिका-2(ix) |
| 201. | 1. आवेदन क्र0-210/25<br>2. आवेदक-सत्येन्द्र कुमार कुशवाहा, पिता-जय कुमार महतो<br>3. ग्राम-नवादा बस्ती, पोस्ट-झुमरी तिलैया, थाना-झुमरी तिलैया, प्रखण्ड-झुमरी तिलैया<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाया हाथ में कटा का निशान। | कण्डिका-2(ix) |
| 202. | 1. आवेदन क्र0-295/25<br>2. आवेदक-भीम राम चंद्रवंशी, पिता-स्व0 त्रिवेणी राम<br>3. ग्राम-दुब्बी, पोस्ट-नरचाथी, थाना- मयुरहण्ड, प्रखण्ड-मयुरहण्ड<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-ओठ के उपर कटे का निशान। | कण्डिका-2(ix) |
| 203. | 1. आवेदन क्र0-210/25<br>2. आवेदक-जीतेन्द्र कुमार कुशवाहा, पिता-जय कुमार महतो<br>3. ग्राम-नवादा बस्ती, पोस्ट-झुमरी तिलैया, थाना-झुमरी तिलैया, प्रखण्ड-झुमरी तिलैया<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां कंधा में तिल का निशान। | कण्डिका-2(ix) |
| 204. | 1. आवेदन क्र0-296/25<br>2. आवेदक-रामावतार प्रजापति, पिता-स्व0 चुरण प्रजापति<br>3. ग्राम- मयुरहण्ड, पोस्ट-मयुरहण्ड, थाना- मयुरहण्ड, प्रखण्ड-मयुरहण्ड<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-55 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 205. | 1. आवेदन क्र0-297/25<br>2. आवेदक-बिन्दुल साव, पिता-स्व0 लालधारी साव<br>3. ग्राम-मयुरहण्ड, पोस्ट-मयुरहण्ड, थाना-मयुरहण्ड, प्रखण्ड-मयुरहण्ड<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने सिना में दाग का निशान। | कण्डिका-2(ix) |
| 206. | 1. आवेदन क्र0-298/25<br>2. आवेदक-नागो महतो, पिता-स्व0 बोधा महतो<br>3. ग्राम- किचटो, पोस्ट-बहेरा, थाना- पिपरवार, प्रखण्ड-टण्डवा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-66 वर्ष, पहचान चिन्ह-माथा पर कटा हुआ निशान। | कण्डिका-2(ix) |
| विवरण :-पिपरवार थाना काण्ड सं0 49/98 एवं केरेडारी (ओ0पी0 बचरा) थाना काण्ड सं0 33/92 एवं सदर थाना चतरा थाना सनहा सं0 365, दिनांक-19.12.1998 में चिन्हित सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी टहलु महतो द्वारा आयोग के मा0 सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 207. | 1. आवेदन क्र0-366/25<br>2. आवेदक-जगेश्वर महतो (आश्रित पुत्र), पिता-स्व0 रामदयाल महतो (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम-सुगू (टोला -धवैया), पोस्ट-सारले, थाना-बुढ़मू, प्रखण्ड- बुढ़मू<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-33 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 208. | 1. आवेदन क्र0-367/25<br>2. आवेदक-काजो देवी, पति-अनिरूध महतो<br>3. ग्राम-अकतान (टोला -डम्माटांड), पोस्ट-सारले, थाना-बुढ़मू, प्रखण्ड- बुढ़मू<br>4. लिंग-महिला, आयु-66 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां घुटना में ऑपरेशन से घाव का दाग। | कण्डिका-2(ix) |
| 209. | 1. आवेदन क्र0-302/25<br>2. आवेदक-राजनाथ महतो, पिता-स्व0 तिरथ महतो<br>3. ग्राम-चौड़ा, पोस्ट-बहेरा, थाना-पिपरवार, प्रखण्ड- टण्डवा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-77 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 210. | 1. आवेदन क्र0-303/25<br>2. आवेदक-सुकरी देवी, पति-सरजू महतो<br>3. ग्राम-चौड़ा, पोस्ट-बहेरा, थाना-पिपरवार, प्रखण्ड- टण्डवा<br>4. लिंग-महिला, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 211. | 1. आवेदन क्र0-304/25<br>2. आवेदक-जिरवा देवी, पति-ललकू गझू<br>3. ग्राम-विरैयाटांड, पोस्ट-बहेरा, थाना-पिपरवार, प्रखण्ड- टण्डवा<br>4. लिंग-महिला, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 212. | 1. आवेदन क्र0-305/25<br>2. आवेदक-इन्ददेव राम, पिता-स्व0 हरि मिस्त्री उर्फ हरि नायक<br>3. ग्राम-अशोक विहार कॉलोनी (पुराना टंकी के पास), पोस्ट-बचरा, थाना-पिपरवार, प्रखण्ड- टण्डवा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 213. | 1. आवेदन क्र0-306/25<br>2. आवेदक-किरण देवी, पति-इन्ददेव राम<br>3. ग्राम-अशोक विहार कॉलोनी (पुराना टंकी के पास), पोस्ट-बचरा, थाना-पिपरवार, प्रखण्ड- टण्डवा<br>4. लिंग-महिला, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 214. | 1. आवेदन क्र0-307/25<br>2. आवेदक-झमन महतो, पिता-स्व0 बालदेव महतो<br>3. ग्राम-नईपारम, पोस्ट- टण्डवा, थाना- टण्डवा, प्रखण्ड- टण्डवा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 215. | 1. आवेदन क्र0-308/25<br>2. आवेदक-झनवा देवी, पति-झमन महतो<br>3. ग्राम-नईपारम, पोस्ट- टण्डवा, थाना- टण्डवा, प्रखण्ड- टण्डवा<br>4. लिंग-महिला, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 216. | 1. आवेदन क्र0-309/25<br>2. आवेदक-रोसाइन देवी, पति-धीरजनाथ महतो<br>3. ग्राम-कारो, पोस्ट-बहेरा, थाना-पिपरवार, प्रखण्ड- टण्डवा<br>4. लिंग-महिला, आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह-पैर के घुठी में गोदना का निशान। | कण्डिका-2(ix) |
| 217. | 1. आवेदन क्र0-310/25<br>2. आवेदक-बब्लु महतो, पिता-स्व0 श्यामलाल महतो<br>3. ग्राम-असनातरी, पोस्ट-राहम, थाना- टण्डवा, प्रखण्ड- टण्डवा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 218. | 1. आवेदन क्र0-311/25<br>2. आवेदक-बिलवा देवी, पति-चमन महतो<br>3. ग्राम-बिलारी, पोस्ट-बहेरा, थाना-पिपरवार, प्रखण्ड- टण्डवा<br>4. लिंग-महिला, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-ललाट पर खोदा /गोदना का बिन्दिया। | कण्डिका-2(ix) |
| 219. | 1. आवेदन क्र0-312/25<br>2. आवेदक-बिलसी देवी, पति-स्व0 कैला महतो<br>3. ग्राम-बचरा (टोला-पहरिया), पोस्ट-बचरा, थाना-पिपरवार, प्रखण्ड-टण्डवा<br>4. लिंग-महिला, आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें आंख के पलक में मासा। | कण्डिका-2(ix) |
| 220. | 1. आवेदन क्र0-313/25<br>2. आवेदक-सुगी देवी, पति-निर्मल महतो<br>3. ग्राम-बचरा (टोला-पहरिया), पोस्ट-बचरा, थाना-पिपरवार, प्रखण्ड-टण्डवा<br>4. लिंग-महिला, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-ललाट में खोदा/गोदना का बिन्दिया। | कण्डिका-2(ix) |
| 221. | 1. आवेदन क्र0-314/25<br>2. आवेदक-निर्मल महतो, पिता-स्व0 टहलु महतो<br>3. ग्राम-बचरा (टोला-पहरिया), पोस्ट-बचरा, थाना-पिपरवार, प्रखण्ड-टण्डवा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना तरफ नाक के नीचे जन्म दाग। | कण्डिका-2(ix) |
| 222. | 1. आवेदन क्र0-315/25<br>2. आवेदक-जितेन्द कुमार, पिता-स्व0 पुरन महतो<br>3. ग्राम-बचरा (टोला-पहरिया), पोस्ट-बचरा, थाना-पिपरवार, प्रखण्ड-टण्डवा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-42 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना तरफ होंठ के नीचे दाढ़ी में तिल का निशान। | कण्डिका-2(ix) |
| 223. | 1. आवेदन क्र0-316/25<br>2. आवेदक-फोकली देवी, पति-महावीर महतो<br>3. ग्राम-असनातरी, पोस्ट-राहम, थाना-टण्डवा, प्रखण्ड-टण्डवा<br>4. लिंग-महिला, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 224. | 1. आवेदन क्र0-317/25<br>2. आवेदक-रूनिया देवी, पति-बैचन महतो<br>3. ग्राम-असनातरी, पोस्ट-राहम, थाना-टण्डवा, प्रखण्ड-टण्डवा<br>4. लिंग-महिला, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 225. | 1. आवेदन क्र0-318/25<br>2. आवेदक-आसो देवी, पति-देवधन महतो<br>3. ग्राम-असनातरी, पोस्ट-राहम, थाना-टण्डवा, प्रखण्ड-टण्डवा<br>4. लिंग-महिला, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 226. | 1. आवेदन क्र0-319/25<br>2. आवेदक-देवधन महतो, पिता-पुनित महतो<br>3. ग्राम-असनातरी, पोस्ट-राहम, थाना-टण्डवा, प्रखण्ड-टण्डवा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना कान के नीचे गर्दन में जख्म घाव का दाग। | कण्डिका-2(ix) |
| 227. | 1. आवेदन क्र0-320/25<br>2. आवेदक-बैचन महतो, पिता-ललकू महतो<br>3. ग्राम-असनातरी, पोस्ट-राहम, थाना-टण्डवा, प्रखण्ड-टण्डवा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-72 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 228. | 1. आवेदन क्र0-321/25<br>2. आवेदक-बालदेव महतो, पिता-दसई महतो<br>3. ग्राम-असनातरी, पोस्ट-राहम, थाना-टण्डवा, प्रखण्ड-टण्डवा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 229. | 1. आवेदन क्र0-322/25<br>2. आवेदक-महावीर महतो, पिता-पनु महतो<br>3. ग्राम-असनातरी, पोस्ट-राहम, थाना-टण्डवा, प्रखण्ड-टण्डवा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-60 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 230. | 1. आवेदन क्र0-323/25<br>2. आवेदक-सुदन महतो, पिता-पनु महतो<br>3. ग्राम-असनातरी, पोस्ट-राहम, थाना-टण्डवा, प्रखण्ड-टण्डवा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |
| 231. | 1. आवेदन क्र0-324/25<br>2. आवेदक-कल्पू महतो, पिता-भोगल महतो<br>3. ग्राम-राहम, पोस्ट-राहम, थाना-टण्डवा, प्रखण्ड-टण्डवा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-55 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कण्डिका-2(ix) |

नोट :-
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो)<br>सदस्य | (नरसिंह मुर्मू)<br>सदस्य | (दुर्गा उराँव)<br>अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 354721 (Home) 25-26 (D)


## डोमचांच सीओ के खिलाफ चल रहा धरना उपायुक्त से वार्ता के बाद स्थगित

**कोडरमा।** वाम जनवादी मोर्चा कोडरमा द्वारा डोमचांच सीओ का भू-माफिया के साथ गठजोड़ के खिलाफ जिला मुख्यालय के समक्ष चल रहा अनिश्चितकालीन धरना आज तीसरे दिन उपायुक्त की पहल पर समाप्त किया गया। उपायुक्त द्वारा डोमचांच सीओ को अपने कार्यालय में बुलाकर तथा वाम जनवादी मोर्चा के नेताओं के बीच वार्ता करायी गयी। उपायुक्त ने सीओ को आदेश दिया कि जमीन की पुन: मापी करवाकर रिपोर्ट जमा करें। वहीं दूसरी ओर वाम जनवादी मोर्चा ने भूमि दान में मिले पर्चा के बावजूद भी कई एससी, एसटी परिवार के लोग अपनी जमीन पर दखल नहीं कर पा रहे हैं, इस पर अपनी बात रखी। जिसपर उपायुक्त ने कहा कि इस प्रकार का जो भी मामला है आपलोग लाएं निश्चित रूप से जिला प्रशासन उनको हक और अधिकार दिलाएगा। इन सभी सकारात्मक बातों के बाद वाम जनवादी मोर्चा ने रिपोर्ट आने तक तीन दिनों से चल रहे अनिश्चितकालीन धरना को स्थगित करने की घोषणा की। वहीं धरना की अध्यक्षता सीपीएम के नेता रमेश प्रजापति तथा संचालन तुलसी राणा कर रहे थे।

# पर्यावरणीय संतुलन बनाये रखने के लिए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें : उपायुक्त

- **जिला पर्यावरण समिति की बैठक में पर्यावरणीय नियमों के अनुपालन पर दिया गया जोर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला पर्यावरण समिति ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक की गई। बैठक में पर्यावरण अधिनियमों एवं नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में सदस्य सचिव-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित सभी अधिनियमों की जानकारी दी गई एवं उनके कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। वहीं उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिला स्तरीय पर्यावरण समिति में दो पर्यावरण विशेषज्ञों के मनोनयन हेतु स्थानीय समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित की जाए। सड़क किनारे वृक्षों पर कील लगाकर लगाए जा रहे विज्ञापनों को तत्काल हटाया जाए ताकि वृक्षों को नुकसान से बचाया जा सके।

जिले में संचालित खनन लीज, क्रशर इकाइयां एवं अन्य औद्योगिक इकाइयों की सीमाओं पर वृक्षारोपण की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने क्रशर और खनन लीज के चारों ओर पौधरोपण करने का निर्देश जिला खनन पदाधिकारी को दिया।

वहीं उन्होंने कहा कि जिले के वेटलैंड क्षेत्रों को चिन्हित कर उनका सीमांकन किया जाए। साथ ही वेटलैंड क्षेत्रों पर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

मौके पर एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीटीओ विजय कुमार सोनी, एनएचएआई के परियोजना निदेशक, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के क्षेत्रीय पदाधिकारी, मुख्य कारखाना निरीक्षक, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद झुमरीतिलैया के कार्यपालक पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता व सभी सीओ मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### ब्राउन शुगर और अफीम की तस्करी का भंडाफोड़, महिला तस्कर गिरफ्तार



**चतरा।** जिले के पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र में अवैध ब्राउन शुगर और अफीम की तस्करी के मामले का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस अधीक्षक चतरा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक विशेष छापामारी दल ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए हैं और एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने 11 जून 2025 को पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के कुम्हार टोला में छापेमारी की। इस दौरान मधु कुमारी, पति-उद्देश कुमार दांगी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मधु कुमारी के घर से 3.821 किलोग्राम ब्राउन शुगर, 2.784 किलोग्राम अफीम, 1.019 किलोग्राम सफेद पाउडर, चार बोतल एसिटिल क्लोराइड, इलेक्ट्रॉनिक नापतौल मशीन, रबड़ बंडल, 23,60,700 रुपये नगद तथा दो मोबाइल फोन (ओप्पो और वीवो) बरामद किए। पूछताछ में मधु कुमारी ने खुलासा किया कि इस अवैध धंधे में रौशन दांगी, पिता अरुण कुमार दांगी, साकिन तेतरिया, थाना पत्थलगड्डा, भी संलिप्त है। पुलिस ने उक्त दोनों के विरुद्ध पत्थलगड्डा थाना कांड संख्या-24/2025 के तहत एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार मधु कुमारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं अन्य फरार तस्करों की तलाश में लगातार छापेमारी और जांच की जा रही है। छापेमारी दल में शामिल अधिकारी शुभम कुमार खंडेलवाल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमरिया,संदीप सुमन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर चतरा, अमिता लकड़ा, पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय), चतरा, राकेश कुमार, थाना प्रभारी, पत्थलगड्डा, थाना सशस्त्र बल एवं गृहरक्षक महिला बल की टीम पुलिस ने मामले को बेहद गंभीर मानते हुए अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए कई ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है। चतरा पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे नशे के खिलाफ चल रही मुहिम में सहयोग करें।

## सदर अस्पताल की व्यवस्था से रूबरू हुई पाकुड़ की टीम



**कोडरमा।** पाकुड़ की तीन सदस्यीय टीम सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों, चिकित्सा उपकरणों समेत अन्य चिकित्सा सुविधाओं से रूबरू हुई। इस संबंध में डीएस डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि पूरे राज्य में कोडरमा सदर अस्पताल चिकित्सा सुविधा समेत अन्य मामलों में अव्वल है, यही कारण है कि अलग-अलग जिलों के डॉक्टरों की टीम यहां की सुविधाओं का अवलोकन करने पहुंच रही है। इसके पूर्व करीब सप्ताह भर पहले धनबाद सदर अस्पताल का एक चिकित्सकीय दल यहां का दौरा कर चुकी है। वहीं उन्होंने बताया कि पाकुड़ सदर अस्पताल से जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ.अमित कुमार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय दल सदर अस्पताल पहुंची और अस्पताल के विभिन्न वार्डों, मॉड्यूलर ओटी, इमरजेंसी वार्ड, ब्लड बैंक, पैथोलॉजी आदि का अवलोकन कर उपलब्ध सुविधाओं से रूबरू हुए। वहीं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि यह कोडरमा के लिए प्रसन्नता की बात है कि सदर अस्पताल का दौरा राज्य के विभिन्न जिलों के सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है, जिलेवासियों को सदर अस्पताल में नर्सिंग होम की तरह सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है।

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह के प्रांगण में गुरुवार को छात्र-छात्राओं के बीच 87 साइकिल का वितरण किया गया। वहीं प्रधानाध्यापक शाहिद सलीम ने बताया कि दूर दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को विभाग की ओर से साइकिल मुहैया कराया गया है ताकि छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कमी ना हो और समय पर स्कूल पहुंच सके। मौके पर बीआरपी संतोष कुमार, विवेकानन्द शांडिल्य, राजेश कुमार यादव आदि मौजूद थे।

## बच्चों के विवाद में मारपीट, दो महिला समेत तीन लोग घायल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बासोडीह पंचायत अंतर्गत डुमरी में गुरुवार को बच्चों को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इसमें दो महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। वहीं 43 वर्षीय त्रिवेणी तिवारी पत्नी 36 वर्षीय इंदु देवी व पुत्री 22 वर्षीय नेहा कुमारी घायल हो गए। वहीं परिजनों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक किया गया। वहीं घायल त्रिवेणी तिवारी के अनुसार बच्चों के बीच विवाद हुआ था, जिसको लेकर दोनों भाई सबिता तिवारी के बीच मारपीट हो गयी। वहीं खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों की ओर से थाने में आवेदन देने की तैयारी चल रही थी।

## सड़क हादसे में सतगावां के युवक की बगोदर में मौत

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कैरी निवासी 22 वर्षीय सूरज कुमार उर्फ पोलु पिता मदन प्रसाद यादव की सड़क दुर्घटना में बगोदर में मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक अभ्रक से लदे पिकअप वाहन को लेकर कोडरमा की ओर आ रहा था तभी अचानक बगोदर थाना क्षेत्र के जीटी रोड अटका लक्षीबागी के समीप आगे चल एक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पिकअप वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी एवं चालक सूरज कुमार उर्फ पोलु की मौत हो गई।

## जामुन तोड़ने के दौरान किशोर की पेड़ से गिरकर मौत

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत करचौता में गुरुवार को जामुन के पेड़ से गिरने से एक किशोर की मौत हो गयी। वहीं मृतक की पहचान शिवदानी प्रसाद यादव के 15 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वह अपने गांव स्थित जामुन के पेड़ पर जामुन तोड़ने के लिए चढ़ा था, तभी टहनी टूट जाने से वह नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं आनन फानन में घायल को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गयी। वहीं घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जब वह पेड़ से गिरा तब कुछ ही दूरी पर गांव के लोग थे, तभी टहनी टूटने की आवाज सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे और शोर मचाने लगे तभी लोगों का शोर सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल पर पहुंचकर बच्चे को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे, तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं मौत की सूचना मिलने पर परिवार में मातम फैल गया एवं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक एकलौता पुत्र बताया जा रहा है।

## विश्व बालश्रम उन्मूलन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**सतगावां (कोडरमा)।** राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान द्वारा संचालित समुदायिक सशक्तिकरण सीइपी-3 के अंतर्गत ग्राम पंचायत राजाबर एवं ईटायं पंचायत में गठित 8 बाल मंच के बच्चों द्वारा विश्व बालश्रम उन्मूलन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम स्तर पर बालमंच के बच्चों द्वारा सुबह प्रभात फेरी के माध्यम से समुदाय के बीच बालमजदूरी, बाल शोषण से सम्बंधित नारे के साथ किया गया। वहीं प्रभात फेरी में ग्रामीण महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा सहयोग किया गया। प्रभात फेरी के उपरांत बच्चों के साथ गोष्ठी सभा का आयोजन किया गया, जिसमे बच्चों के साथ चर्चा एवं खुलकर अपनी बात रखने का मौका दिया गया। साथ ही बच्चों ने ड्राइंग के माध्यम से बाल मजदूरी, बाल शोषण के दुष्प्रभावों को समझाने का प्रयास किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा शैक्षणिक वातावरण तैयार करने का प्रयास किया गया। मौके पर योगेन्द्र कुमार, धनेश्वर राय, पुलबर्ती कुमारी, गायत्री कुमारी, बिनोद कुमार, शक्ति कुमार एवं ग्रामीण महिलाएं मौजूद थे।

# बाल मजदूरी कराना अपराध, इसके लिए कानून में दंड का प्रावधान : अरुण

- **बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** विश्व बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। वहीं एलईडीसीएस के अधिवक्ता नवल किशोर व अरुण कुमार ओझा ने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के लड़का या लड़की किसी से भी मजदूरी कराना बाल मजदूरी कहलाता है और यह कानून की नजर में अपराध है, जिसे हम सभी को मिलकर दूर करने की जरूरत। उन्होंने कहा कि बाल मजदूरी रोकथाम कर इसे जड़ से समाप्त करना हम सबों के नैतिक जिम्मेवारी है। बाल मजदूरी रोकथाम के लिए कानून में दंड एवं जुर्माना दोनों का प्रावधान है, आज बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार एवं अनुशासन देना देश की जरूरत है। सभी लड़के एवं लड़कियों को उचित शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने पोक्सो एक्ट पर बोलते हुए कहा कि नाबालिग बच्चों लड़की हो या लड़का उसके साथ अगर किसी भी तरह का सेक्सुअल ऑफिंस किया जाता है तो न्यायालय में इसके लिए कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। इसमें दोषी पाए जाने पर तीन साल से लेकर आजीवन कारावास व फांसी की सजा तक की सजा का प्रावधान किया गया है। वहीं उन्होंने बाल विवाह, बाल तस्करी, शिक्षा का अधिकार पर भी विस्तृत रूप से जानकारी दी। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य ने नशा के दुष्परिणाम पर विस्तृत रूप से जानकारी दिया। मौके पर पीएलबी शेखर श्रीवास्तव, नेहा सिंहा आदि मौजूद थे।

## जिला आरसीएच पदाधिकारी ने टीकाकरण सत्र का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जयनगर अंतर्गत टीकाकरण सत्र आंगनबाड़ी केन्द्र मोदीटोला धमराय, कुशवाहा टोला, पीएचसी तिलैया डैम समेत अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने उपस्थित एएनएम, सहिया तथा सेविका को नियमित टीकाकरण की स्थिति में सुधार लाने सभी लाभार्थियों तक सेवाओं की पहुंचने तथा सेवाओं को गुणवत्ता परक बनाए रखने से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं को लेकर निर्देशित किया। वहीं उन्होंने टीकाकरण सत्र स्थल पर एएनएम द्वारा मैत्री शिशु स्वास्थ्य रजिस्टर में उपलब्ध कराए गए ट्रैकिंग प्रपत्र में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की समस्त सूचनाओं भरने, टीकाकरण सत्र में समस्त सेवाएं देने के उपरांत वर्क प्लान सेट में सेवाओं को अद्यतन करने आदि का निदेश दिया। वहीं उन्होंने आंगनबाडी में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को बताया कि टीकाकरण के उपरांत लाभार्थी को कम से कम 30 मिनट तक सत्र स्थल पर रोक कर रखना अति आवश्यक है।

**कोल्ड चेन का रखरखाव तथा कार्य योजना का परीक्षण :** वहीं उन्होंने पीएचसी तिलैया डैम कोल्ड चैन में कार्यरत कर्मी को स्थापित कोल्ड चैन उपकरणों की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने एवं प्रत्येक उपकरण के भंडारण तापमान को थर्मोमीटर से दिन में दो बार जांच करने एवं लॉग बुक प्रतिदिन भरने का निर्देश दिया। मौके पर सन्नी कुमार, एएनएम, सहिया, सेविका आदि लोग मौजूद थे।

## थाना प्रभारी ने किया पदभार ग्रहण



**कोडरमा।** थाना प्रभारी के रूप में पुलिस निरीक्षक विकास पासवान ने पदभार ग्रहण किया। मौके पर निवर्तमान थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने पदभार ग्रहण कराया। वहीं पदभार ग्रहण के दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही थाना क्षेत्र के लोग को किसी भी तरह के थाना संबंधित कार्य हो मैं उनके समस्याओं के समाधान के लिए सदा तत्पर रहूंगा। साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## बबन मेहता की गिरफ्तारी पर वाम दल के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के मसनोडीह में विवादित जमीन पर मंदिर निर्माण को लेकर कुछ दिन पूर्व विवाद हुआ था, जिसे लेकर पिंकू मोदी ने डोमचांच थाना में मामला दर्ज कराया था। मामले में बीती रात मसनोडीह के पंचायत समिति सदस्य व माले नेता बबन मेहता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की खबर सुनते ही मसनोडीह के ग्रामीण व वाम दल के कार्यकर्ताओं ने उग्र होकर कोडरमा-जमुआ मुख्य मार्ग को सुबह पांच बजे से ही जाम कर दिया। लगभग 6 घंटे जाम के बाद प्रशासन के पहल पर जाम 11:05 बजे हटा। जाम के दौरान बबन मेहता को रिहा करो-रिहा करो नारे लगाये गये। वहीं जाम की खबर सुनते ही डोमचांच पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और जाम कर रहे लोगों से जाम हटाने को कहा। जैसे ही पुलिस जाम स्थल पर पहुंची तो प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। वहीं सीओ रविन्द्र पांडेय, थाना प्रभारी ओम प्रकाश, एसआई सुबोध पाठक, कमल कांत तांती आदि प्रशासन ने जाम स्थल पर पहुंचकर समझा बुझाकर जाम को हटाया।

## खरीफ मौसम 2025-26 के लिए 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरण प्रारंभ

**कोडरमा।** जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खरीफ मौसम के अंतर्गत 50 प्रतिशत अनुदान दर पर धान बीज वितरण की शुरुआत कर दी गई है। इस योजना के तहत बीज वितरण का शुभारंभ नोडल पैक्स व्यापार मण्डल में किया गया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं लरियाडीह मुखिया मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम के दौरान किसानों को धान बीज वितरित किए गए और उन्हें योजना से अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि सभी किसान अपने नजदीकी पैक्स केंद्र से संपर्क कर बीज प्राप्त कर सकते हैं।

## बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के मायाडीह गांव में गुरुवार को बाल श्रम निषेध दिवस पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देश पर प्रखंड थाना पीएलभी पवन कुमार व कुमारी शारदा भारती के द्वारा किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को बाल श्रम से संबंधित कानून की जानकारी दिया गया। बाल श्रम को कानून अपराध के साथ मानवीय अपराध भी बताया गया। जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए पवन कुमार व कुमारी शारदा भारती ने कहा कि बाल श्रम समाज के लिए अभिशाप है। बाल श्रम से न सिर्फ बच्चों का भविष्य अंधकारमय बन रहा है। देश और समाज को भी अंधकार की ओर ले जा रहा है। बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए पीएलवी ने उत्प्रेरित किया। साथ ही स्कूली बच्चों को बताया गया कि अगर उनके अभिभावक इन्हें बेहतर शिक्षा देने के बजाय श्रमिक बनाने का काम कर रहे हैं तो इसकी सूचना संबंधित विभाग को जरूर दें। साथ ही क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं और कल कारखानों में काम करने वाले बाल श्रमिकों के बारे में जानकारी देने की भी अपील की गई।

## गिद्धौर थाना क्षेत्र में कोटपा-2003 की धारा 6ए, 6बी व धारा 4 का अनुपालन दुकानों में कराया गया

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 (कोटपा-2003) की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें गुरुवार को जिला छापामारी दल के द्वारा कुल 25 दुकानों की जांच की गई। जिसमें 10 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून का उल्लंघन करते हुये पाया गया। जिनसे अर्थदण्ड वसूली की गई। रश्मि दुबे जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम चतरा द्वारा बताया गया कि छापामारी के दौरान सभी दुकानों पर पाया गया कि लोग पोस्टर चिपका कर सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद का विज्ञापन कर रहे हैं, जो कि कोटपा-2003 की धारा 5 के तहत प्रतिबंध है। छापामारी के दौरान सभी दुकानों से विज्ञापन वाले पोस्टर हटाये गये साथ ही सभी दुकानों में कोटपा-2003 की धारा 6ए का अनुपालन कराया गया। सभी तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले को '18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू पदार्थ बेचना या बेचवाना कानूनन अपराध है' का पोस्टर दुकान के सामने लगाना आवश्यक है। जिला में प्रिन्ट मीडिया के सहयोग से लगातार दैनिक समाचार के माध्यम से सभी को अवगत कराया जा रहा है कि वह अपनी दुकानों पर सिगरेट व तम्बाकू उत्पाद के प्रचार प्रसार का पोस्टर न लगायें और न ही स्कूल के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री करें। मौके पर अंचल अधिकारी गिद्धौर, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अंजली, जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम सोशल वर्कर शशि भूषण शास्त्री उपस्थित थे।

## मंईयां सम्मान योजना के लिए दर-दर की ठोकरें खा रही है अनुसूचित जाति की महिला



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के बलूरी पंचायत के दुन्दू गांव में एक अनुसूचित जाति की महिला अभी तक मंईयां सम्मान योजना के लाभ से वंचित है। वंचित महिला वैजन्ती देवी पति संतोष गंझू है। इस बाबत महिला ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि महिला की लाख कोशिशों के बावजूद उसके खाते में आज तक मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं आयी। उक्त महिला ने ये भी बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए महिला कई बार प्रखंड कार्यालय के चक्कर भी लगायी है और लाभ पाने के लोभ में पैसे भी खर्च किये हैं, पर उक्त महिला को अभी तक लाभ नहीं मिल पाया है। उक्त महिला ने ये भी बताया कि इसके लिए अपने पंचायत के मुखिया से भी मिली पर मुखिया भी इसको महिला सम्मान योजना का लाभ दिलाने में असमर्थ साबित हुई। हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र में ऐसी सैकड़ों महिलायें दर दर की ठोकरें खा रही हैं मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए। महिला ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड कार्यालय में बार-बार जाने के बाद भी वहां से मुझे कोई लाभदायक जानकारी नहीं मिली। बस ये कहकर टाल दिया गया कि आपको भी योजना की राशि जरूर मिलेगी, पर बदकिस्मती से महिला को आज तक लाभ नहीं मिला। ये क्षेत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि एक अनुसूचित जाति की महिला अभी तक मंईयां सम्मान योजना के लाभ से वंचित है।

## अपराधियों ने कुंदा थाना क्षेत्र में दूसरी बार बीड़ी पत्ता में आगजनी की घटना को दिया अंजाम

**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के खपिया एमपीजिएल स्कूल भवन में बीड़ी पत्ता रखवाया गया था। जिसे अज्ञात अपराधियों ने बुधवार को देर रात आग के हवाले कर दिया। उक्त जानकारी के अनुसार 10 से 15 बोरा बीड़ी पत्ता रखा हुआ था। कुछ दिन पूर्व बनियाडीह के तालही में भी बीड़ी पता की बड़ी खेप में अज्ञात अपराधियों के द्वारा आग के हवाले कर दिया गया। लगातार दूसरी बार थाना क्षेत्र में घटना को अंजाम दिया गया है। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आपसी रंजिश में आगजनी की की घटना को अंजाम दिया गया है, छानबीन की जा रही है। हालांकि इस मामले में खबर लिखे जाने तक थाने में आवेदन नहीं दिया गया है।

# कोई भी बच्चा मजदूर नहीं, बल्कि समाज का भविष्य होता है : हेमंती

- **अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर बाल मित्र ग्रामों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर जिले के चंदवारा, कोडरमा एवं डोमचांच प्रखंड अंतर्गत संचालित बाल मित्र ग्रामों में विविध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा, बाल श्रम के दुष्परिणामों पर ध्यानाकर्षण और बाल श्रम मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों और युवाओं द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से की गई, जिसमें उन्होंने सशक्त नारों और चित्रों के माध्यम से बाल श्रम के खिलाफ अपना विरोध प्रकट किया। इसके पश्चात बच्चों और समुदाय के लोगों ने रैली निकालकर पूरे गांव में जागरूकता का संदेश फैलाया। वहीं गांव के बुजुर्ग, महिला मंडल, युवा और बाल पंचायत सदस्यों ने सामूहिक रूप से बाल श्रम मुक्त ग्राम की घोषणा करते हुए यह संकल्प लिया कि किसी भी बच्चे से मजदूरी नहीं कराई जाएगी और सभी बच्चों को शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं बाल पंचायत मुखिया हेमंती कुमारी व काजल कुमारी ने कहा कि कोई भी बच्चा मजदूर नहीं, बल्कि समाज का भविष्य होता है। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय रोहनियाटांड़ के सचिव शिक्षक विगन राम ने कहा कि बाल श्रम हमारे समाज की एक ऐसी विडंबना है, जिसे समाप्त करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन द्वारा समर्थित बाल मित्र ग्रामों में यह पहल करुणामय ग्राम निर्माण की दिशा में एक और प्रेरणादायक कदम साबित होगा। इसके तहत बाल मित्र ग्राम महुआदोहर, चौराही, रेघवाटांड, रोहनियाटांड, फुलवरिया, श्रीनगर, नावाडीह हरिजनटोला, गैठीबाद, डूमरडिहा एवं पिपरे में उक्त कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बाल पंचायत, महिला मंडल, युवा मंडल, बीएमजी समिति, पंचायत प्रतिनिधि, सेविका, ग्रामीण, बच्चे एवं स्कूल शिक्षक आदि मौजूद थे।

## सृजन महिला विकास मंच ने बाल श्रम निषेध दिवस पर किशोरियों के साथ निकाली जागरूकता रैली



**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत इंदरवा, लारियाडीह, गरायडीह में सृजन महिला विकास मंच द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर किशोरियों के साथ मिलकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समुदाय में रैली, नुक्कड़ नाटक और संवाद सत्र का आयोजन किया गया। रैली में भाग लेने वाली किशोरियों ने हाथों में स्लोगन और पोस्टर लेकर गांव की गलियों में मार्च निकाला, जिससे लोगों का ध्यान बाल श्रम की गंभीरता की ओर आकर्षित किया गया। रैली के पश्चात किशोरियों ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें यह दर्शाया गया कि बाल श्रम बच्चों के भविष्य को कैसे अंधकारमय बना देता है। वहीं सृजन महिला विकास मंच की सदस्य रोशनी, कंचन, बेबी व रिंकी ने समुदाय को बाल श्रम से होने वाले नुकसान, बच्चों के अधिकार और शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत आवेदकों का ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण करायें : उपायुक्त

- **जिला उद्योग केंद्र अंतर्गत प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं पीएमएफएमई योजना की समीक्षा बैठक आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिला उद्योग केंद्र अंतर्गत प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं पीएमएफएमई योजना की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने सभी प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत विश्वकर्मा आवेदकों का ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण करने हेतु निदेशित किया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत स्टेज 3 से स्वीकृत (523 आवेदकों, जिसमें 192-राजमिस्त्री, 115 बढ़ई मिस्त्री 192+115=307) शेष 15 क्राफ्ट के 216 प्रशिक्षित आवेदकों की सूची प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना (पीएमयू टीम, रांची) से प्राप्त करने की बात कही। अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत स्टेज 3 से स्वीकृत आवेदन जो बैंकों को दैनिक स्तर पर प्राप्त हो रहा है, उसे त्वरित कार्रवाई करते हुए ऋण स्वीकृत करने में विलम्ब न किया जाये। आगे उन्होंने कहा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक करवाना सुनिश्चित करें। पीएमएफएमई योजना की समीक्षा के दौरान सभी प्रखण्ड उद्यमी समन्वयकों को कहा कि ज्यादा से ज्यादा योग्य आवेदकों का चयन करें और बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए उन्हें लाभान्वित करें। बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र चतरा, अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ इण्डिया चतरा, जिला उद्यमी समन्वयक, प्रखंड उद्यमी समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड चतरा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### गुमला : विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर मुरकुंडा हाई स्कूल में डालसा ने किया कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कर उन्हें शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें: जिला जज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न ग्रामों में पीएलबीयों सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुमला के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय मुरकुंडा में विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के अधिकार और उनसे संबंधित कानूनों के संबंध में बच्चों को जानकारी दी गई। मौके पर प्रधान जिला जज ने कहा कि विश्व बाल श्रम निषेध



कार्यक्रम में शामिल जिला जज व अन्य।

दिवस हर वर्ष 12 जून को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कर उन्हें शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। बच्चों का सही स्थान स्कूल है, कामकाजी स्थल नहीं। यह दिन बाल श्रम के खिलाफ संघर्ष की ओर एक कदम है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम हर बच्चे को शिक्षा सुरक्षा और बेहतर जीवन देने के लिए मिलकर काम करें ताकि हमारे बच्चे पढ़ लिखकर अच्छे नागरिक बने और देश का नाम रोशन करें। शिक्षा का अधिकार के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य रूप से निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था है। बच्चों के सुरक्षा एवं विकास के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। बच्चों के हित के लिए अनेक कानून भी बने हैं। सचिव राम कुमार लाल गुप्ता ने भी बच्चों को विस्तृत रूप से कानून संबंधी जानकारी दी। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के प्रमुख डी एन ओहदर ने भी कानून संबंधी जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका शांता नीतू कुजूर ने भी सभा को संबोधित किया। संचालन शंभू सिंह व धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका उर्मिला टोप्पो ने किया। इस अवसर पर पीएलबी राजेश सिंह, प्रेम कुमार शाह, डीएलएसए के प्रकाश कुमार पांडे, शिवदयाल साहू, पंकज गुप्ता, उर्मिला टोप्पो, सूरज प्रकाश, सुरेंद्र विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

## किस्को पुलिस ने नक्सली संदीप को किया गिरफ्तार



लोहरदगा। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी के निर्देश पर एक बार फिर से किस्को थाना पुलिस और सशस्त्र सीमा बल 32वीं वाहिनी को बड़ी कामयाबी मिली है। नक्सली संदीप भगत को किस्को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेदान्त शंकर, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी सुमन मिंज, एसएसबी के इंस्पेक्टर मनीष चौबे और जवानों की टीम ने धर दबोचा। वेदांत शंकर ने बताया कि नक्सली संदीप भगत के विरुद्ध लोहरदगा जिला के किस्को, कुडू और सेन्हा थाना के अलावा रांची के नामकुम थाना एवं सिमडेगा जिले के बानो थाना में अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने और लेवी, रंगदारी, पोक्सो एक्ट, आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए एक्ट जैसे कई गंभीर धाराओं में वांछित है। एसडीपीओ वेदांत शंकर ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली संदीप भगत पीएलएफआई नक्सली संगठन में जुड़कर कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है,इसका आपराधिक गतिविधियां लोहरदगा जिला में बढ़ गया था।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले सांसद सुखदेव भगत, विकास से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास में मुलाकात किये। दोनों नेताओं में क्षेत्र, राज्य एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में लंबी बातचीत हुई। राज्य में विकास की बहुत संभावनाएं हैं। विकास के लिए खनिज संसाधन, कृषि, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण क्षेत्र में ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। झारखंड दुनिया के सबसे बड़े खनिज भंडारों में से एक है। खनिज उद्योग राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण है लेकिन इसे पर्यावरण के अनुकूल तरीके से विकसित



सीएम से चर्चा करते सुखदेव भगत।

करने की आवश्यकता है। कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए सिंचाई, आधुनिक तकनीक और बीच की आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पर्यटन को बढ़ावा देकर राज्य में आय एवं रोजगार के अवसर बढ़ा सकते हैं। झारखंड में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के सरकार एवं गैर सरकारी दोनों स्तर पर काम करने की जरूरत है। आदिवासी, दलित व अल्पसंख्यकों के विकास एवं उनके विकास में चल रहे योजनाओं में गति देने की बात हुई। सांसद सुखदेव भगत ने लोहरदगा में बने नये समाहरणालय भवन का शीघ्र उद्घाटन करने के संदर्भ में भी मुख्यमंत्री से चर्चा की।

## पड़हा जतरा सह आदिवासी महासभा सम्मेलन का आयोजन

**पेसा कानून से आदिवासियों के सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत को मिलेगा संरक्षण: निशा उरांव**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**लोहरदगा।** सेन्हा थाना के समीप सखुआ बागान में 12 पड़हा वेल लोहरदगा और कई पड़हा समिति के द्वारा पड़हा जतरा सह आदिवासी महासभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व पंचायती राज निदेशक आईएएस निशा उरांव शामिल हुई। कार्यक्रम में निशा उरांव का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया साथ ही स्वागत गीत भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के सैकड़ों अगुवा और लोग शामिल हुए। मौके पर निशा उरांव ने कहा यह कार्यक्रम पूरे झारखंड में सामाजिक रूप से पेशा कानून की जानकारी देने के लिए किया जा रहा है और आदिवासी समाज के लोगो को पेशा कानून की जानकारी दी जा रही है और साथ ही साथ पेशा कानून लागू करने की मांग की जा रही है पेशा कानून आदिवासी समाज के लिए ही है इससे आदिवासियों की धार्मिक सामाजिक और उनके जो प्रथा है उनका संरक्षण होगा उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा। पेशा कानून को लेकर पड़हा समिति और लोगो से सुझाव आ रहे हैं सरकार इसे जल्द लागू करे जिससे आदिवासी समाज को लाभ मिल पाए।

## लोहरदगा डीसी ने सभी मुखिया से किया संवाद, कार्य योजनाओं से कराया अवगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** डीसी डॉक्टर ताराचंद ने जिला के सभी मुखिया के साथ संवाद कार्यक्रम के जरिए संवाद स्थापित किया। डीसी ने सभी मुखिया को संबोधित करते हुए कहा कि अब नियमित रूप से जिला से सभी पंचायत से जुड़कर संवाद कायम किया जाएगा और लोगों की समस्याओं को दूर किया जाएगा और इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये नियमित रूप से जिला के पदाधिकारी भी शामिल होंगे जिनसे जुड़कर आप अपनी समस्याएं रख सकते हैं। विभाग के संबंधित



पदाधिकारी त्वरित रूप से उन समस्याओं को समाधान करने का कार्य करेंगे। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी जरूरतमंद सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। पंचायत के जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य योजना बनाकर विकास के लिए सुझाव दे सकते हैं।

## मोदी सरकार ने सेवा सुशासन की लंबी यात्रा पूरी की: दिनेशानंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला द्वारा मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्थानीय पर्यटक भवन में जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी सह प्रेस वार्ता आयोजित की गई। संगोष्ठी में प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सह पूर्व सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा को संकल्प बनाया। सुशासन संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। मोदी सरकार विकसित भारत के लिए समर्पित है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है। मोदी के इन 11 वर्षों के कार्यकाल में देश का सामग्र विकास हो रहा है। गरीबों



का उत्थान हुआ है। जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने देश कि सीमा सुरक्षित की। अर्थव्यवस्था मजबूत की और टेक्नोलॉजी जन-जन तक पहुंचने का कार्य किया। सुदर्शन भगत ने कहा भारत में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेस को ध्वस्त किया और यह साबित किया कि मोदी के नेतृत्व वाला भारत सिर्फ शांति की बातें नहीं करता बल्कि घर में घुसकर आतंक का सफाया करता है। 11 साल के कार्यकाल को कार्यकर्ताओं को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया।

## स्पीड न्यूज

### जन्म देने वाली कलयुगी मां ने नवजात बच्ची को झाड़ियों में फेंका, दूसरी औरत ने दिया सहारा

लोहरदगा। जिले के कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरी पुल के समीप एक कलयुगी मां ने मानवता को शर्मसार करने वाले घटना को अंजाम देते हुए नवजात बच्ची को मरने किए झाड़ियों में फेंक दिया। वही इसका एक दूसरा पहलू को देखने को मिला जहां एक परिवार ने मानवता का परिचय देते हुए उस नवजात बच्ची को झाड़ियों से बरामद कर लालन पालन करने लगे। लेकिन तबियत बिगड़ने पर सदर अस्पताल नवजात बच्ची को लाया गया। जहां पूरे मामले की जानकारी सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी को मिली उन्होंने इसकी तुरंत जानकारी जिला बाल कल्याण समिति को दी जिसके बाद समिति के देखरेख में बच्ची का इलाज चल रहा है। कहावत है जाको राखे साइयां मार सके न कोई ऐसा ही कुछ इस नवजात के साथ हुआ। मिली जानकारी अनुसार जन्म देने वाली मां ने इसे जन्म के साथ ही मरने के लिए चिरी पुल के नीचे झाड़ियों में फेंक दिया। रोने की आवाज सुनकर एक महिला झाड़ियों में देखा तो पाया एक बच्ची अकेले लावारिस हालत में है और आस पास कोई नहीं है जिसके बाद महिला द्वारा बच्ची को संरक्षण देते हुए अपने देख रेख में इसका लालन पालन करने लगी। तेरह दिनों के बाद शिशु की तबियत ठीक नहीं होने पर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां शिशु के बारे में जानकारी प्राप्त होने के बाद पुरे मामले की जानकारी बाल कल्याण समिति को दी गई। अब समिति के संरक्षण में शिशु का इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में चल रहा है फिलहाल शिशु स्वस्थ है। मामले को लेकर लोहरदगा सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी ने कहा एक महिला के द्वारा एक नवजात बच्ची को चीरी पुल के समीप से बरामद किया गया बच्ची का तबियत बिगड़ने पर सदर अस्पताल लाया गया जहां बच्ची का इलाज किया गया बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ है आगे की कागजी प्रक्रिया की जा रही है बच्ची फिलहाल सदर अस्पताल और बाल कल्याण समिति के देख रेख में है।

### घाघरा पुलिस ने दो युवकों को ब्राउन शुगर के साथ किया गिरफ्तार, भेजा जेल



घाघरा। घाघरा पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में गुरुवार को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव व थानेदार पुनीत मिंज ने घाघरा थाना मे प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि घाघरा प्रखंड मुख्यालय में एक अर्धनिर्मित मकान में बैठकर दो युवक ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री की जा रही है। उक्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया और छापेमारी दल अर्धनिर्मित मकान पहुंची। जहां दो युवक को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। पुलिस बल को देखते हुए दोनों युवक भागने की कोशिश करने लगे पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को पकड़ा गया। पकड़े गए दोनों युवको से पूछताछ में उन्होंने अपना नाम अमन कुमार सिंह व प्रभात कुमार सिंह बताया। इन दोनों के संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अमन सिंह व प्रभात सिंह के पास से करीब 5 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। चुकी ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थ को रखना बेचना एवं परिवहन करना एक अपराध की श्रेणी में आता है। जिसके बाद गुरुवार को दोनों को जेल भेज दिया गया है। इस दौरान एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, थानेदार पुनीत मिंज, अनिकेत कुमार गुप्ता, विकाश कुमार व मनीष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### चैनपुर : अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार



चैनपुर। चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में उत्पाद विभाग ने गुरुवार अवैध शराब के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। विभाग ने चैनपुर बाजार टाड़ स्थित सुमित टोप्पो और मेरी टोप्पो के घर से 5 लीटर महुआ शराब जब्त की और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई थी। इस छापामारी दल में अवर निरीक्षक उत्पाद, उत्पाद सिपाही और सशस्त्र गृहरक्षक बल शामिल थे। इस कार्रवाई के बाद से अवैध शराब विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है और कई विक्रेताओं ने अपना कारोबार बंद करने पर विचार करना शुरू कर दिया है। उत्पाद विभाग ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अवैध शराब के व्यवसाय में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार की कार्रवाई से स्थानीय निवासियों में एक सकारात्मक संदेश गया है, जिससे उन्हें सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जीने का आश्वासन मिला है।

### झारखंड नवनिर्माण दल के सदस्यों मृतका कविता के परिजनों से किया मुलाकात, बंधाया ढांढस

घाघरा। झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम टोटाम्बी गांव की कविता देवी की आत्महत्या की खबर सुनकर मृतका के परिजनों से मुलाकात कर शोक संपत परिवार को ढांढस बंधाया और घटना के बाबत जानकारी लिया। घटना के बारे में गांव वालों से भी पूछताछ की। परिजनों व गांव वालों तथा आत्महत्या की स्थिति के हर पहलू को देखने से कहीं से भी आत्महत्या नहीं लगता है। बल्कि हत्या प्रतीत होती है। सिंह ने मृतिका के पति कुलदीप गोप को आश्वासन देते हुए कहा है कि इस मामले में न्याय दिलाया जाएगा। 13 जून 2025 को पुलिस अधीक्षक गुमला को मामले से अवगत कराते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की जाएगी तथा जांच में दोषी पाए जाने की स्थिति में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना जिला कार्यालय, कोडरमा

**संशोधित विज्ञापन संख्या:– 761 / 11.06.2025**

**नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना**

1. राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 3863दिनांक 10.10.2023 एवं प्रशासी पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 4113 दिनांक 19.10.2023 तथा राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षापरियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 1701 दिनांक 05.05.2025 के आलोक में जिला में संचालित 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला/ पुरुष अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 30.06.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा, समग्र शिक्षा कार्यालय, समाहरणालय परिसर, राँची पटना रोड, कोडरमा में आमंत्रित किए जाते हैं। जिले में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में रोस्टर अनुमोदनोपरांत निम्नवत् पदों पर संविदा पर चयन किया जाना है–

| Sl. No. | Name of Post | Vacancy | Roster UR | BC-I | BC-II | SC | ST | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका हिन्दी (भाषा) वर्ग 01–08 हेतु | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, (गणित) वर्ग 01–08 हेतु | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, विज्ञान (विषय समूह– जीव विज्ञान–रसायन विज्ञान) वर्ग 01–08 हेतु | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान) वर्ग 01–08 हेतु | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (शारीरिक शिक्षा) वर्ग 01–08 हेतु | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (कम्प्यूटर) वर्ग 01–08 हेतु | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका अंग्रेजी (भाषा) वर्ग 09–10 हेतु | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, विज्ञान (विषय समूह– भौतिकी विज्ञान – गणित) वर्ग 09–10 हेतु | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 9 | पूर्णकालिक लेखापाल | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 10 | सपोर्ट स्टाफ (आदेशपाल एवं रात्रि प्रहरी) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 11 | मुख्य रसोईया | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 12 | सहायक रसोईया | 3 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| | कुल | 15 | 13 | 2 | 0 | 0 | 0 | 15 |

2.उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा, समग्र शिक्षा कार्यालय, समाहरणालय परिसर, राँची पटना रोड, कोडरमा में अनिवार्य रूप से दिनांक 30.06.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।साधारण डाक/हाथों–हाथ भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे ।

**3.चयन हेतु अहर्ता एवं निर्धारित परिलब्धि –**

| क्र.सं. | पदनाम | वांछित अहर्ता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका हिन्दी (भाषा) पद–01 | 1. **शैक्षणिक अहर्ता** :– किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक शिक्षिका यथा क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5 एवं 8 पर अंकित पदों हेतु आवेदन किया जा रहा हो) में संबंधित विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है।<br>➢ क्र. सं. 7 से 8 में अंकित पदों हेतु किसी भी विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक हो सकते हैं।<br>➢ अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यर्थियों को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 05 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस हेतु संबंधित अभ्यर्थी को प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।<br>➢ चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>➢ **कम्प्यूटर शिक्षक/शिक्षिका के लिए न्यूनतम अहर्ता BCA/BSc. in Computer Science/Any Graduate with 2 years diploma in computer science from recognized institute of AICTE होगी ।**<br>2. **प्रशैक्षणिक अहर्ता** :– मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता।<br>➢ शारीरिक शिक्षिका के लिये Bachelor in Physical Education/ Degree in physical education अनिवार्य होगा।<br>3. **शिक्षक पात्रता परीक्षा** :–<br>i. राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद ( NCTE) के द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका हिन्दी भाषा, गणित, जीव विज्ञान एवं रसायन एवं सामाजिक शिक्षा के पदों को कक्षा 1 से 8 हेतु वर्गीकृत किया गया है। अतः इन पदों के लिए अभ्यर्थियों को शिक्षक पात्रता परीक्षा ( JTET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा।<br>ii कक्षा 9 से 10 हेतु वर्गीकृत किए गए पद यथा– पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका विज्ञान विषय समूह (भौतिकी–गणित), पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका अंग्रेजी के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा ( JTET) उत्तीर्णता की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी।<br>iii पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका कम्प्यूटर तथा शारीरिक शिक्षक/ शिक्षिका के पद हेतु JTET की उत्तीर्णता अनिवार्य नहीं होगी।<br>4. **शिक्षक/ शिक्षिकाओं की नियुक्ति एवं परिलब्धि** :– शिक्षक/ शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर किया जाएगा तथा उन्हें निर्धारित परिलब्धि प्रदान की जाएगी। मासिक परिलब्धि संबंधित संस्थान से प्रमाण पत्र सत्यापन के उपरांत दिया जायेगा। किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर आपकी नियुक्ति रद्द कर दी जायेगी।<br>5. **शिक्षक/ शिक्षिकाओं के पद पर चयन** हेतु प्राप्त अभ्यावेदनों में से 1. मैट्रिक, 2. इण्टर, 3. स्नातक, 4. शिक्षक प्रशिक्षण तथा 5 शिक्षक पात्रता परीक्षा के कुल अंको को जोड़कर मेधांक तैयार की जाएगी जो 75 अंको का होगा। ततपश्चात् अभ्यर्थियों का दक्षता परीक्षा 50 अंकों का लिया जायेगा जो Qualifying Nature का होगा। जिसमें 30 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा।<br>➢ दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का 25 अंको की Classroom Observation की प्रक्रिया की जायेगी। Classroom Observation में उत्तीर्ण होनेवाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन जिले के अधिकारिक एन.आई.सी. के वेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा।<br>➢ अंतिम मेधा सूची शैक्षणिक प्रमाण पत्र के आधार पर मेधांक एवं Classroom Observation में प्राप्त अंक को जोड़कर तैयार किया जायेगा।<br>➢ अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची एवं डेटा बेस का प्रकाषन जिले के अधिकारिक एन.आई.सी. के वेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा।<br>Qualifying Nature का दक्षता परीक्षा एवं Classroom Observation मात्र शिक्षक/शिक्षिका पद के लिए होगा। | |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका अंग्रेजी (भाषा) पद–01 | | |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, (गणित) पद–01 | | |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, विज्ञान (विषय समूह– जीव विज्ञान– रसायन विज्ञान) पद–01 | | |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, विज्ञान (विषय समूह– भौतिकी विज्ञान–गणित) पद–01 | | |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान) पद–01 | | |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (शारीरिक शिक्षा) पद–01 | | |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (कम्प्यूटर) पद–01 | | 1. शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 15,840/– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 9 | 01पूर्णकालिक लेखापाल–सह– कम्प्यूटर ऑपरेटर पद–01 | 1. किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान/ विश्वविद्यालय से बी.कॉम प्रतिष्ठा में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्णता।<br>2. तकनीकि अहर्ता:– किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स में पी.जी.डी.सी.ए./ डी.सी.ए./समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्णता।<br>3. हिन्दी एवं अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाईपिंग के साथ टैली साफ्टवेयर ( Tally Software) की जानकारी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।<br>4. 1. मैट्रिक, 2. इण्टर, 3. स्नातक तथा 4.पी.जी.डी.सी.ए./डी.सी.ए./समकक्ष परीक्षा के कुल अंको को जोड़कर मेधांक तैयार की जाएगी जो 75 अंको का होगा।<br>5. 25 अंको का Computer Skill Test लिया जायेगा ( Qualifying Nature; 30% अंक लाना अनिवार्य होगा)। | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 11880/– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 10 | सपोर्ट स्टाफ पद–02 (अनुसेवक/ रात्रि प्रहरी) | शैक्षणिक अहर्ता – मैट्रिक उत्तीर्ण। | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 6000/– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 11 | मुख्य रसोईया पद–01 | शैक्षणिक अहर्ता – 8वीं पास। किसी संस्थान से कुकिंग कार्य में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा पाककला का जाँच परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा। | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 7200/– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 12 | सहायक रसोईया पद–03 | शैक्षणिक अहर्ता – 8वीं पास। किसी संस्थान से कुकिंग कार्य में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा पाककला का जाँच परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा। | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 5400/– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |

**4. चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्तें निम्नवत हैं :–**

i. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में चयन हेतु निर्धारित अहर्ता रखने वाले अभ्यर्थियों को राज्य कार्यकारिणी की 52वीं एवं 65वीं बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में चयन में निम्न प्रकार के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी:–

1.जो नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय/कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय/राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान/ साक्षर भारत/महिला समाख्या में कार्य करने का अनुभव रखते हों।

2.उपरोक्त संस्थान में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को इस प्रकार की छूट प्रदान की जायेगी–

(क) वैसे अभ्यर्थी जो 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हैं उन्हें शैक्षणिक अर्हता में न्यूनतम 05 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

(ख) वैसे अभ्यर्थी जितने वर्ष उपरोक्त संस्थान में कार्य किये हो उन्हें प्रत्येक वर्ष के लिए 01 अतिरिक्त अंक देय होगा। इसके लिए उपरोक्त संस्थान में कार्य करने का प्रमाण पत्र के साथ–साथ वेतन/मानदेय के रूप में प्राप्त राशि का प्रमाण पत्र देना भी अनिवार्य होगा।

ii महिला/पुरुष अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

iii चयनित होने वाले शिक्षक/शिक्षिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मी की सेवा अनुबंध के आधार पर प्रथमतया एक वर्ष के लिए ली जाएगी तथा कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में एक–एक वर्ष के लिए अवधि विस्तारित किया जा सकेगा। शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं अन्य गैर शैक्षणिक कर्मियों के कार्य संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर संविदा की समाप्ति का निर्णय लेने हेतु भी जिला स्तरीय चयन समिति सक्षम प्रधिकार होगी।

iv सभी पदों के चयन में जिला स्तरीय आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा। चयन में कार्मिक, प्रशासनिक तथा राजभाषा विभाग द्वारा निर्गत नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय आरक्षण के नियम का पालन किया जाएगा।

v सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं एवं लेखापाल को आवासीय परिसर में रहना अनिवार्य होगा।

**3.आयु सीमा :–**

i. चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होगी।

ii.कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या 29 दिनांक 04.01.2021 झारखण्ड सरकार के आलोक में कोटिवार अधिकतम उम्र सीमा निम्नवत् होगी :–

| Sl.No. | Category | Maximum age limit |
|---|---|---|
| 1 | Unreserved Category | 35 |
| 2 | Female (All category -UR/EWS/BC-I/BC-II) | 38 |
| 3 | Extremely Backward classes (Annexure I)/ Backward Classes (Annexure II) | 37 |
| 4 | SC/ ST (Male and Female) | 40 |
| 5 | Person with bench mark disability (PwBD) | A relaxation of 10 years in their respective category. |

iii. अनुभवी महिला Ex-Servicemen को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकत्तम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।

iv. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में पूर्व से दैनिक मानदेय पर अंशकालीन/ पूर्णकालीन रूप से कार्यकरत अभ्यर्थी को भी उनके प्रत्येक कार्य वर्ष हेतु एक वर्ष की उम्र सीमा में छूट देय होगी।

v. राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक 3863 दिनांक 10.10.2023 के आलोक में उम्र की गणना आवेदन करने का वर्ष 01.07.2023 के आधार पर की जायेगी।

4. **आवेदन** :– सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 30.06.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा (SSA) के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा ।

5. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्तें, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध है । चयन से संबंधित सभी दिशा–निदेश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे । उपरोक्त जानकारी संबंधित जिलों के NIC के अधिकारिक वेबसाईट पर भी अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी।

6. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा ।

7. अभ्यर्थियों का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का इस हेतु निर्णय अंतिम माना जाएगा।

8. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित/रद्द/परिवर्तन करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक अथवा जिले के उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा एवं जिला चयन समिति, कोडरमा को सुरक्षित रहेगा।

9. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफा के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षर में आवेदित पद का नाम एवं कोटि अंकित करना होगा। अन्यथा आवेदन अस्वीकार करने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे।

10. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

11. **आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अनुलग्नक :–**

i. 23 X 10 से.मी. का स्वपता लिखा हुआ दो लिफाफा ।

ii. सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वःअभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति संलग्न की जाए ।

iii. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (झारखण्ड राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।

iv. झारखण्ड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।

v. अनुभव प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, कोडरमा

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
समग्र शिक्षा, कोडरमा

PR 354809 (Jharkhand Education Project Council)25-26*D

## ठाकुरबाड़ी मंदिर में भगवान जगन्नाथ का स्नान, 27 को रथयात्रा

**रंका।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र का विधिवत स्नान कराकर महाआरती और महाभोग अर्पित किया गया। राजा कुमार गोवर्धन प्रसाद सिंह ने परंपरानुसार स्नान कराते हुए विशेष पूजा संपन्न करवाई। महाभोग के बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारियों ने बताया कि भगवान अब 15 दिनों के लिए एकांतवास में चले गए हैं। इस दौरान मंदिर के पट बंद रहेंगे। भगवान का पट 26 जून को खुलेगा और 27 जून को रथयात्रा महोत्सव का आयोजन होगा।

# टोरी साइडिंग में हुई फायरिंग की घटना की जांच करने पहुंचे डीआईजी

### ली घटना की जानकारी, अधिकारियों को किया निर्देशित

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** टोरी रेलवे फाटक के समीप स्थित कोयला साइडिंग में मंगलवार की रात्रि हुई फायरिंग की घटना के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है। फायरिंग की घटना के बाद पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरक्षक नौशाद आलम बुधवार की देर शाम घटना स्थल पर पहुंचे व जायजा लिया। इस दौरान कर्मियों से घटना की जानकारी ली व मौके पर घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ अरविंद कुमार व पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा की पुलिस पुरे मामले की जांच काफी गंभीरता से कर रही है, जल्दी ही सभी अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे। व्यवसायी को घबराने की जरूरत नहीं है, पुलिस हर संभव सुरक्षा मुहैया कराने का प्रयास करेगी। आप बेफिक्र होकर अपना कार्य करे। किसी भी प्रकार की धमकी भरा फोन आने पर तुरंत इसकी सुचना सम्बंधित थाना को दे ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ विनोद रवानी, पुअनि अजीत कुमार के अलावे टोरी साइडिंग से जुड़े कई लोग मौजूद थे। सोशल मीडिया पर राहुल सिंह ने ली है घटना की जिम्मेदारी

इधर घटना के बाद आजाद सिरकार नाम से फेसबुक आईडी से धमकी भरा पोस्ट कर कुख्यात अपराधी राहुल सिंह ने घटना की जिम्मेदारी ली है।



डीआईजी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए।

## एक नजर में

## पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का किया गया भव्य स्वागत



पूर्व मुख्यमंत्री को गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का किया गया भव्य स्वागत। श्री मुंडा नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पलामू जा रहे थे। इस दौरान वे लातेहार एनएच-75 पर स्थित यम्मी रेस्टोरेंट पर भाजपाइयों के आग्रह पर अल्प विराम के लिए रुके थे।

जहां भाजपा नेताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं माला पहनाकर पूर्व केंद्रीय मंत्री का अभिनंदन किया। इस अवसर पर अर्जुन मुंडा ने कार्यकताओं से संवाद करते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया और संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश के सर्वांगीण विकास की चर्चा की और झारखंड में केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभ को भी विस्तार से बताया। यहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं और यम्मी रेस्टोरेंट के प्रोपराईटर सह वरीय भाजपा नेता राजन तिवारी, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह और उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर सीतामनी तिर्की, राजन तिवारी, अनिल सिंह, आनंद सिंह, मुकेश पाण्डेय, विवेक चंद्रवंशी, समेत कई भाजपा नेता मौजूद थे।

# ट्रेन से गिरकर महिला की मौत, जांच में पुलिस



ट्रेन से गिरकर महिला की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन से चेटर के बीच डाउन लाइन पोल संख्या 188/21- 23 के बीच कठपुलिया के पास ट्रेन के गिरकर एक महिला की मौत हो गई। गुरुवार की सुबह चंदवा पुलिस को रेलवे ट्रैक किनारे संदेहास्पद शव पड़े होने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। मृतिका के पास मिले कागजात से उसकी पहचान जूही देवी पिता महादेव सिंह ( ग्राम घघरी, पोस्ट बीरबल लातेहार) के रूप में हुई, मृतका के पास से बिना सिम लगा एक मोबाइल भी मिला है। जानकारी के अनुसार जूही देवी की ससुराल नगर उतरी में है, कयास लगाया का रहा है कि वह अपने मायके आने के लिए गुरुवार की अहले सुबह टाटा जम्मू तवी एक्सप्रेस में चढ़ी थी, लातेहार स्टेशन में किसी कारणवश ट्रेन से नहीं उतर पाई, ट्रेन लातेहार स्टेशन पार कर जाने का आभास होने के बाद ट्रेन से खुद गई जिस कारण उसकी मौत हुई होगी। इधर मामले में चंदवा पुलिस सभी तथ्यों एवं बिंदुओं के मद्देनजर जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला के मौत के कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान का लातेहार जिले के

# एक सौ पैंतीस गांवों में सफल आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** कृषी विज्ञान केंद्र बालूमाथ की ओर से भारत सरकार की पहल पर विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून 2025 किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को जागरूक करना और जमीनी स्तर पर वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना है ।गुरुवार को अभियान के तहत आईसीएआर राष्ट्रीय माध्यमिक कृषि संस्थान (आईसीएआर-निशा) तथा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बालूमाथ (लातेहार) के वैज्ञानिकों की तीन टीमों ने जिले के 135 गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियाँ, जल एवं संसाधन संरक्षण तकनीकें, जलवायु-अनुकूल खेती, और किसान कल्याण हेतु विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी स्थानीय समस्याओं को समझा और समाधान बताए। साथ ही मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती, समेकित कीट प्रबंधन, एवं मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। मौके रघुनंदन कुमार, बारियातू प्रखंड कृषि पदाधिकारी समीर सुमन भेंगरा, सहायक तकनीकी प्रबंधक मो शमीम, चंदवा प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडेय, सहयोगी मुनि सिंह, अशोक साव, संजय कुमार, सिद्धार्थ सहित कई लोग उपस्थित थे।




विकसित कृषि संकल्प अभियान का सफल आयोजन हुआ

## मनिका प्रखंड में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का किया स्वागत



पूर्व मुख्यमंत्री व कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत सिंजो पंचायत स्थित भाजपा नेता अजय कुमार गुप्ता के आवास पर दिन मंगलवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार के नेतृत्व में झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय आदिवासी कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा का भव्य स्वागत किया गया। जहां पर भाजपा नेताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं माला पहनाकर पूर्व मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। वहीं अर्जुन मुंडा ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया और संगठन को मजबूत करने का कार्यकर्ताओं को संदेश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश के सर्वांगीण विकास और झारखंड राज्य में केंद्र की योजनाओं के लाभ को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। बता दें की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्री मुंडा पलामू में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, इसी दौरान उनका मनिका में आगमन हुआ।

# मरीजों के बीच पोषण टोकरी का वितरण



पोषण टोकरी का वितरण किया गया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा परिसर में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित कर टीवी (यक्ष्मा) मरीज एवं उनके परिजनों के बीच अतिरिक्त पोषण टोकरी का वितरण किया गया। उक्त वितरण सीसीएल की पहल पर सिनी संस्था द्वारा कराया गया है। गुरुवार को सिनी संस्था के प्रखंड समन्वयक अरविंद कुमार की मौजूदगी में कुल 43 मरीजों व उनके परिजनों के बीच 70 पोषण टोकरी वितरित की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलिमा कुमारी, प्रखंड समन्वयक कुमार के अलावे एलटी रविशंकर मिश्रा, एसटीएस सुकृत टोप्पो, एसटीपीएलएस राजा महतो ने सभी लोगों के बीच पोषण टोकरी का वितरण किया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलिमा ने कहा कि टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रखंड में चिन्हित सभी टीवी मरीजों के बीच उक्त पोषण टोकरी का वितरण किया जाता है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर उक्त पोषण टोकरी वितरण के लिए निछय मित्र का चयन पूर्व में किया गया था। सीसीएल की पहल पर सिनी संस्था ने चंदवा में इसका बीड़ा उठाया है। मरीज को पौष्टिक आहार एवं समय-समय पर दवा लेने की जानकारी भी दी गई है। उन्हें टीवी से बचाव के उपाय की बात भी कही है। मौके पर बड़ी संख्या में मरीज एवं उनके परिजन मौजूद थे।

# प्रखंड समन्वय समिति का बैठक संपन्न

### विभिन्न योजनाओं के प्रगति पर हुआ चर्चा



बैठक करते आईटीडीए निदेशक एवं अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गारु।** गारू प्रखंड मुख्यालय के प्रखंड सभागार में गुरुवार को परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण गगराई की अध्यक्षता में प्रखंड समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें परियोजना निदेशक द्वारा विभागवार प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही बैठक में विभिन्न विभागों के महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में प्रगति की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने तथा आपसी समन्वय स्थापित कर पूर्ण पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं संवेदशीलता के साथ लंबित योजनाओं तथा मामलों को त्वरित त्रिव गति से समाधान करने का निर्देश दिया गया।

साथ ही अनुपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्टीकरण करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में गारु प्रखंड विकाश पदाधिकारी अभय कुमार ,गारु अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा , एसबीआई शाखा प्रबंधक ,बाल विकाश विकाश परियोजना पदाधिकारी ,शिक्षा विभाग , जेएसपीएस, लैंपस अध्यक्ष, अंचल निरीक्षक, बीपीआरओ गारु 15 वें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक एवं प्रखंड के सभी मुख्य पंचायत सचिव ओर रोजगार सेवक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## मनिका प्रखंड में भाकपा माले ने निकाला प्रतिरोध मार्च



प्रतिरोध मार्च में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में भाकपा माले प्रखंड कमेटी के द्वारा, पांकी प्रखंड स्थित बांसडीहा गांव निवासी दलित विधवा महिला लछोइया कुंवर के साथ शिक्षक सागर पाण्डे के द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में दिन मंगलवार को प्रतिरोध मार्च निकाला गया। मौके पर भाकपा माले के नेताओं ने कहा की पीड़ित महिला काफी गरीब है और घर-घर काम करके किसी तरह से अपना जीवन यापन करती है। वहीं 6 जून 2025 को सागर पांडे नामक एक शिक्षक है, जो पूर्व में मुखिया पति के रूप में जनप्रतिनिधि भी रह चुका है, वह लछोइया कुंवर को अपने घर से गोबर फेंकने को बोलता है लेकिन लछोइया कुंवर नहीं गई। जिससे शिक्षक सागर पांडे बौखला गया और लछोइया कुंवर के घर पर आकर गाली-गलौज करने लगा, साथ ही घर में रखे चावल, दाल, बर्तन, इत्यादि बाहर फेंक दिया और उक्त महिला के साथ क्रुरता से घर में बंद कर के बुरी तरह से मारपीट किया। वहीं माले के नेताओं ने बताया कि पांकी प्रखण्ड के तमाम न्याय प्रिय और भाकपा माले के नेताओं के विरोध के बावजूद भी अभी तक दोषी की गिरफ्तारी नहीं होना प्रशासन के मनमानी रवैए को दशार्ता है। मौके पर राजेंद्र भुईयां, मुनेश्वर सिंह, धनेश्वर सिंह, अशरफी भुईयां, विजय कुमार, लालू भुइयां, नागेंद्र राम,सकेंद्र भुईयां,गणेश भुईयां, फुलमतिया देवी, आशिक अंसारी, इंद्रदेव सिंह चेरो, वीणा देवी, बसंती देवी, महेंद्र भुईयां, बुधन भुईयां, नरेश भुईयां, गोविंद भुईयां, सुनील भुईयां, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# विधायक रामचंद्र सिंह ने दीपिका से की मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** मनिका विधायक एवं झारखंड विधानसभा के सभापति रामचंद्र सिंह ने गुरुवार को रांची में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह से मुलाकात की। यह भेंट शिष्टाचार से अधिक क्षेत्रीय विकास को गति देने की दिशा में एक अहम पहल के रूप में देखी जा रही है। विधायक ने इस दौरान लातेहार जिले, विशेषकर मनिका विधानसभा क्षेत्र की बुनियादी जरूरतों और जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से मंत्री के समक्ष रखा। बैठक में ग्रामीण सड़कों के निर्माण, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सशक्त करने, पंचायत भवनों की स्वीकृति और आधारभूत संरचनाओं के विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।



मंत्री दीपिका पांडेय और विधायक रामचंद्र सिंह

# सड़क हादसे में युवक की मौत



रंजीत कुमार फाईल फोटो

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के सीरम ग्राम में बुधवार की देर रात करीब 11 बजे सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान रंजीत कुमार 28 वर्ष पिता रतन साव ग्राम मुरपा थाना बालूमाथ निवासी के रूप में हुई। घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार रंजीत कुमार अपने स्कॉर्पियो से रांची से मुरपा लौट रहा था।

इसी दौरान बालूमाथ थाना क्षेत्र के सीरम गांव के समीप अनियंत्रित होकर स्कार्पियो सड़क किनारे पलट गई। जिसमे रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल रंजीत को वाहन से बाहर निकालकर बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार सर में गंभीर चोट लगने के कारण अत्यधिक रक्तस्राव हो जाने के कारण रंजीत की मौत हो गयी। वही घटना सूचना पाकर बालूमाथ थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

# आम जनता की समस्या निषपादन मेरी पहली प्राथमिकता: प्रकाश राम

### प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की सुनी समस्या, निष्पादन को लेकर अधिकारियों को किया निर्देशित

- जनता दरबार में आए जमीन संबंधी 67 मामले
- प्रकाश शाम के जनता दरबार के बाद जमीन मामलों के निष्पादन में आई तेजी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को विधायक प्रकाश राम के द्वारा मासिक जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता दरबार में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में फरियादी अपनी समस्या को लेकर विधायक के समक्ष गुहार लगाई, जिस पर विधायक प्रकाश राम ने विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के निष्पादन को लेकर निर्देशित किया। जनता दरबार के दौरान सबसे अधिक 67 जमीन संबंधी मामले आए, जबकि प्रखंड से 28 अन्य विभाग से भी कई मामले आए। जिसमें नाली, सड़क, पुल पुलिया, चपनल, डैम के मामले शामिल हैं। जमीरा ग्राम निवासी कैला उरांव ने 7 माह से मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर चक्कर काटने की समस्या को रखा, बारी पंचायत के एटे ग्राम निवासी राजमणि देवी आवास योजना सर्वे में नाम नहीं चढ़ाए जाने की शिकायत की, जिस पर विधायक ने संबंधित कर्मी को फटकार लगाते हुए चार दिन में आवास सर्वे करने का निर्देश दिया। युवा समाज सेवी इरशाद मुन्ना ने चंदवा में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर टेक्नो कंपनी के कर्मियों के द्वारा लाखों रुपए अवैध उगाही किए जाने की शिकायत की। जिस पर विधायक ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने भुक्तभोगियों की सूची बना कर बीडीओ व विभाग को समर्पित कर करवाई करने की बात कही। वहीं एनएचएआई विस्थापित समिति की ओर से अंचल में डिमांड नहीं घटने के कारण हो रही परेशानी को रखा गया, समिति ने बताया कि खरीद बिक्री के बाद भी डिमांड नहीं घट रहा है, जिस कारण विवाद उत्पन हो रहा है। समस्या सुनने के बाद विधायक ने सीओ को रैयतों कागजात देखकर डिमांड घटाने का निर्देश दिया। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रिकी वर्मा ने आईटीआई कॉलेज में कंप्यूटर शिक्षक बहाली में अनियमित का मामला उठाया। जिस पर विधायक ने विभाग से बात कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया। जनता दरबार के दौरान गत माह लगाए गए जनता दरबार में आए मामलों में प्रगति रिपोर्ट एवं कार्रवाई की समीक्षा की गई। इस दौरान जिन मामलों का निष्पादन अब तक निष्पादन नहीं हुआ है, उसके निष्पादन में गति लाने की बात कही गई।



विधायक के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।

**मौके पर ये रहे मौजूद :** जनता दरबार के मौके पर प्रखंड प्रमुख मनीषा उरांव, सीओ जय शंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार पाठक, आदर्श रवि राज एवं राजू उरांव, मनरेगा बीपीओ रतन शाहदेव, पीएम आवास समन्वयक कुश ध्वज कुमार, एम ओ चंदन कुमार, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, एई निशांत कुमार, दीपक निषाद, मनीष कुमार समेत प्रखंड एवं अंचल कर्मी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारी तेज

**गढ़वा।** आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा, तैयारियों और समन्वयात्मक कार्यों पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योग दिवस में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा, ₹योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो तन, मन और आत्मा को संतुलित रखता है। इसका प्रचार-प्रसार जनस्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है।

# बोर्ड परीक्षा का परिणाम सुधारें : अंजली यादव

**अधिकारियों को प्रतिदिन विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने का दिया निर्देश**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** डीसी अंजली यादव के द्वारा गुरुवार को जिले के कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतिशत में सुधार करने हेतु समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान डीसी ने दसवीं बोर्ड का प्रखंडवार विद्यालय का परफॉर्मेंस, खराब प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों, बच्चों की कम उपस्थिति वाले विद्यालयों की संख्या, शिक्षकों की कम उपस्थिति वाले विद्यालयों की संख्या जैसी विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत रूप से क्रमवार समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में डीसी ने पीयर लर्निंग (सहपाठियों से सीखने-सिखाने की प्रक्रिया) को बढ़ावा देने पर जोर दिया ताकि बच्चे एक दूसरे से आसानी से सीख सकें साथ ही बच्चों को दसवीं बोर्ड की परीक्षा की तैयारी पूर्व से ही प्रोजेक्ट रेल मासिक परीक्षा के जरिए कराने एवं पेपर चेक दूसरे विद्यालयों से कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा डीसी ने जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, डीएमएफटी की टीम, सभी बीआरपी/सीआरपी को प्रतिदिन विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालयों में पदस्थापित शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षा में उपस्थित बच्चों की संख्या, मध्याह्न भोजन की स्थिति, विद्यालय की आधारभूत आवश्यकताओं की स्थिति आदि बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त कर प्रतिवेदन जिला मुख्यालय को सौंपने तथा विद्यालय का औचक निरीक्षण का जियो टैग फोटो प्रतिदिन ग्रुप में भेजने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला शिक्षक अधीक्षक दीपक कुमार सहित

# रक्त संकट को देखते हुए बोकारो रक्तवीर परिवार ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

संस्थापक अध्यक्ष संजय शर्मा ने अपने जन्मदिन पर 53वीं बार किया रक्तदान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चास स्थित विमला कॉम्प्लेक्स में बोकारो रक्तवीर परिवार की ओर से गर्मी के मौसम में ब्लड बैंक में उत्पन्न होने वाली रक्त की कमी को दूर करने के निमित्त आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन नागेश्वर शर्मा के द्वारा किया गया। मौके पर बोकारो रक्तवीर परिवार के संस्थापक अध्यक्ष संजय शर्मा का कहना है कि गर्मी के समय लोग रक्तदान करने से कतराते हैं जिससे ब्लड बैंक की स्थिति अत्यंत नाजुक हो जाती है। ऐसे में संस्था की ओर से यह एक छोटी-सी पहल है ताकि जरूरतमंदों की समय पर मदद की जा सके। शिविर में कुल 19 लोगों ने रक्तदान किया। संस्थापक शर्मा ने बताया कि संस्था के सदस्य पिछले 14 वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। संस्था के पास इस समय लगभग 600 सक्रिय सदस्य हैं जबकि इनके अतिरिक्त भी सैकड़ों लोग रिश्तेदार दोस्त और शुभचिंतक हैं जो समय-समय पर रक्तदान करते हैं। लोगों में रक्तदान को लेकर कई भ्रांतियां हैं कि रक्तदान करने से शरीर कमजोर हो जाता है। इस पर संजय शर्मा ने कहा कि यह पूरी तरह मिथक है। एक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में पांच से छह लीटर खून होता है जबकि रक्तदान में केवल 350 मिलीलीटर रक्त लिया जाता है जिसकी पूर्ति महज 24 घंटे में हो जाता है। उन्होंने कहा- आज मेरा जन्मदिन है और मैंने आज 53वीं बार रक्तदान किया है। मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं और सभी से यही अपील करता हूं कि आप भी रक्तदान करें स्वस्थ रहे और समाज की मदद करें। शिविर को सफल बनाने में संस्था के रजनीश तिवारी हामिद खान गौरव गोलु जोशी कोकिल जी मनोज अजय विनीत सत्य संचित सहित केएम मेमोरियल ब्लड सेंटर के राजेंद्र जी बादल हेमंत सहित पूरी टीम का सहयोग रहा।

## एक नजर में

### गोड्डा : अज्ञात अपराधियों ने हाईवा को किया आग के हवाले, जांच में जुटी पुलिस



गोड्डा/ललमटिया। थाना क्षेत्र अंतर्गत ललमटिया-बोआरीजोर मुख्य सड़क पर बाबुपुर गांव के समीप बुधवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने एक हाईवा जिसका पंजीकरण संख्या जेएच एलएम एच 04एसी 8272 में आग लगा दी। हाईवा ललमटिया की ओर से आ रही थी, जिसे अपराधियों ने सड़क पर खजूर के पेड़ की डालियां रखकर रोका। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों और पीड़ित चालक ने बताया कि दर्जनों की संख्या में आए अज्ञात अपराधियों ने चालक को जबरन वाहन से उतार कर अलग किया और हाईवा को आग के हवाले कर दिया। घटना की सूचना पाकर ललमटिया थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक और महागामा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्र शेखर आजाद मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा दमकल वाहन को बुलाकर आग पर काबू पाया गया। वहीं बताया गया कि फिलहाल घटना के पीछे के कारणों और अपराधियों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

### बीसीसीएल के सीएमडी के रूप में मनोज कुमार अग्रवाल को चुने जाने पर दी बधाई



बेरमो। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के सीएमडी के पद के लिए मनोज कुमार अग्रवाल) का चयन किया गया है। वर्तमान में मनोज कुमार अग्रवाल, निदेशक (तकनीकी) पी एंड पी बीसीसीएल के है। इसके पूर्व एनसीएल खड़िया क्षेत्र के जीएम पद पर कर्मचारी हैं। इसके पूर्व मनोज कुमार अग्रवाल वर्ष सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम के रूप में चार वर्ष तक योगदान दिया। बधाइयां देने वाले में जीएम रंजय सिंहा, जीएम चितरंजन कुमार, पीओ राजीव कुमार सिंह, शैलेश प्रसाद, रंजीत कुमार व सुधीर सिंहा, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद व जी मोहंती, एसओ सिविल मनोज कुमार साह व सतीश सिंहा, एसओपी माला कुमारी, कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह व पी एन सिंह, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, यूनियन प्रतिनिधि इनमोसा राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, रविंद्र कुमार मिश्रा, विकास कुमार सिंह, भीम महतो, हरेंद्र प्रसाद सिंह, आर उनेश, जितेंद्र दूबे, विनय सिंह, साधु बाउरी, गणेश मल्लाह, जयराम सिंह, उत्तम सिंह, महफूज आलम, धीरज पाण्डेय, ओम शंकर सिंह, पवन सिंह, आनन्द विश्वकर्मा, मुरारी प्रसाद सिंह, बैजनाथ सिंह, कुलदीप, शिवनंदन चौहान, प्रवेज अख्तर, वृज विहारी पाण्डेय, मंगरा उरांव, मो कलीमुद्दीन, जवाहरलाल यादव, जितेंद्र राय आदि शामिल हैं।

### कसमार इंटरमीडिएट टॉपरों को डीसी ने किया सम्मानित


बोकारो/कसमार। पीएम श्री एसएस +2 उच्च विद्यालय कसमार के इंटरमीडिएट कला के तीनों टापर्स रिया कुमारी थर्ड टॉपर प्रमोद कुमार चतुर्थ टॉपर एवं पलक मुखर्जी षष्ठ टॉपर एवं मैट्रिक परीक्षा परिणाम में जिला अष्टम टॉपर प्रिंस कुमार महतो को बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथ लोहारा द्वारा बोकारो समाहरणालय में सम्मानित किया गया। इसपर विद्यालय परिवार ने अपने विद्यालय का मान बढ़ाने वाले सभी छात्र-छात्राओं के जिला स्तर पर सम्मानित किए जाने पर जिला प्रशासन के प्रति आभार एवं हर्ष प्रकट किया है। हर्ष प्रकट कर शुभकामना देने वालों में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक फारुक अंसारी वरीय शिक्षक डॉ रणजीत कुमार झा रामबाबू शुक्ल डॉ अवनीश कुमार झा महाकांत झा अशोक कुमार रजवार कैलाश कुमार सुमन कुमारी रितेश कुमार महथा जितेन्द्र कुमार सिंह समेत अन्य शामिल हैं।

### बेरमो : भाकपा माले पूरे प्रखण्ड में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करेगी



गोमिया। भाकपा माले गोमिया प्रखंड कमिटी की बैठक साडम में सम्पन्न हुई। बैठक में हाल के दिनों में निधन हुए पूर्व विधायक वास्ता सोरेन, जीतन मांझी और खेमलाल महतो को श्रद्धांजलि देकर प्रारम्भ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य स्थाई कमिटी सदस्य भूवनेश्वर केवट ने कहा कि देश में अघोषित आपात काल जैसी स्थिति है। जन मुद्दों और जन अधिकारों की बात करने पर सामाजिक कार्यकर्ताओं को आतंकित किया जा रहा है। देश की संपदा को निजी हाथों में बेचा जा रहा है। श्रम कोड और पूंजी परस्त गरीब विरोधी नीतियां किसान मजदूरों को गुलामी की दिशा में धकेला जा रहा है। इसके खिलाफ जिला स्तर पर व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा। माले जिला कमिटी सदस्य जगलाल सोरेन ने कहा कि भूमि दलालों की तरह सरकार ही जमीन छीनने में जुटी है भूमि बैंक रद्द कर, गैरमजरुआ भूमि का मालिकाना अधिकार किसानों को नहीं मिला। 15 जुलाई को गोमिया प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। साडम पंचायत की मुखिया शोभा देवी ने कहा कि महिला स्वावलंबन और सशक्तिकरण के बजाय आज माइक्रोफाइनेंस कंपनियों की कर्ज उगाही में दादागिरी से महिलाओं का जीना दूभर हो गया है, इस स्थिति पर रोक नहीं लगाई गई तो महिलाएं सड़कों पर उतरेगी। माले गोमिया लोकल कमिटी सचिव सुरेन्द्र यादव ने कहा कि प्रखंड की जनता के सवालों को लेकर 1 जुलाई से 14 जुलाई तक सभी पंचायतों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक में सामूदास मुंडा, परिमल कुमार दे, राजू रजक, तारा देवी, सकुनतला देवी, धीरज कुमार पासवान, चोवालाल प्रजापति, चन्द्रनाथ मांझी, भोला सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

### बुद्धनारायण यादव 9वीं बार निर्विरोध बोकारो राजद के जिलाध्यक्ष निर्वाचित



बोकारो। राजद बोकारो जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर बुद्ध नारायण यादव ने रिकॉर्ड नौवीं बार निर्विरोध चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया। इस अवसर पर अंबिका विवाह मंडप सेक्टर 9 में आयोजित चुनावी बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी विक्रम प्रसाद यादव ने उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। घोषणा के साथ ही सैकड़ों की संख्या में मौजूद राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जयघोष के साथ उत्सव मनाया। राजद के प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि यादव का लगातार नौवीं बार निर्वाचित होना उनकी जनप्रियता संगठन पर पकड़ और गरीबों के लिए समर्पण को दशार्ता है। अपनी जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बुद्ध नारायण यादव ने कहा-मैं लालू जी का सिपाही हूं और जीवन भर गरीब दलित पिछड़े और अल्पसंख्यकों की सेवा करता रहूंगा। उन्होंने सभी राजद नेताओं कार्यकर्ताओं और क्रियाशील सदस्यों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसी बैठक में राज्य परिषद के चार सदस्य बोकारो से घनश्याम चौधरी चंदनकियारी से प्रमोद सिंह बेरमो से बोढ़न यादव और गोमिया से मनीरुद्दीन अंसारी निर्वाचित हुए। बधाई देने वालों में रामजीत यादव कुंदन कुमार गुप्ता हृदया देवी यादव संतोष गिरि मनोज यादव वीरेंद्र यादव सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गोड्डा-पीरपैंती नयी रेल लाइन के विरोध में रैयतों ने सौंपा मांग पत्र



गोड्डा। मेहरमा अंचल क्षेत्र के ग्रामीण रैयतों ने गुरुवार को गोड्डा-पीरपैंती नयी रेल लाइन के प्रस्तावित रूट के विरोध में एकजुट होकर अंचल कार्यालय पहुंचकर अंचलाधिकारी मदन महली को ज्ञापन सौंपा। रैयतों ने अपने मांग पत्र में पुरानी सीमांकन के अनुसार मेहरमा अंचल क्षेत्र से ही रेल लाइन निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में प्रस्तावित रूट स्थानीय हितों के अनुसार था और वह रैयतों की भूमि, आजीविका तथा पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अधिक अनुकूल था। ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वर्तमान प्रस्तावित रूट में बिना स्थानीय हितों की अनदेखी करते हुए बाहरी प्रभाव में बदलाव किया गया है, जिससे क्षेत्र के कई किसानों की जमीन अधिग्रहित होने की संभावना है। रैयतों की इस पहल में दर्जनों गांवों के प्रतिनिधि, पंचायत सदस्यों व सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित रहे। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर विचार नहीं किया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान सीओ मदन महली ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्या को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का मिला विश्वास दिलाया।

### दुमका : विश्व बाल-श्रम निषेध दिवस के अवसर पर डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान

दुमका। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिले भर के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में जागरूकता शिविर का आयोजन गुरूवार को किया गया। शिविर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार अध्यक्ष के निर्देश पर आयोजित हुई। शिविर में पारा लीगल वोलंटियर द्वारा ग्रामीणों को बताया कि बाल श्रम एक अपराध है। उन्होंने विभिन्न कानूनी पहलुओं पर भी चर्चा कर लोगों को जागरूक किया। उन्होने बताया गया कि आज हमे यह प्रतिज्ञा करना चाहिए कि हम नहीं तो स्वयं कभी किसी बच्चे से श्रम कराएंगे और नहीं बाल श्रम में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल किसी भी गतिविधि का समर्थन करेंगे। हम हर उस बच्चे के अधिकार का सम्मान करते हैं, जिसे शिक्षा प्राप्त करने, खेलने और एक स्वस्थ बचपन जीने का अवसर मिलना चाहिए। बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता फैलाने और इसे जड़ से खत्म करने के लिए अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता जताते हुए हर बच्चा अपने सपनों को पूरा कर सके और एक उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सके। ग्रामीणों के बीच पंपलेट एवं पुस्तिकाओं का विवरण किया गया।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो के गेमन कॉलोनी में मिला शव

बोकारो। बोकारो स्टील सिटी थाना अंतर्गत गेमन कॉलोनी में स्थानीय सेक्टर 3 निवासी 19 वर्षीय देवाशीष कुमार का क्षत विक्षत शव बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक के गुमशुदगी की रिपोर्ट उसकी माँ रीता देवी ने 10 जून को ही दर्ज कराई थी। मृतक के मामा के अनुसार अपने दोस्त के फोन पर बुलाने पर वह निकला था। उसके बाद से उसका मोबाईल स्विच ऑफ बताता रहा है। चर्चा है कि मृतक के ममेरे भाई को मृतक के अपहरणकर्ताओं ने 25 लाख की फिरौती मांगी थी और देवाशीष को धनबाद में रखने की बात कही थी। पुलिस ने मोबाईल लोकेशन के आधार पर जांच की तो उसका अंतिम लोकेशन गेमन कॉलोनी मिला जहां पुलिस ने मृतक का शव बरामद किया।

### गोड्डा : हत्यारोपी गिरफ्तार

गोड्डा/देवडाड पुलिस उप अधीक्षक मुख्यालय जय प्रकाश नारायण चौधरी ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के माध्यम से बताते हुए कहा एक अज्ञात हत्यारे द्वारा बाबूलाल मुर्मू नाम के व्यक्ति की हत्या ग्राम हथिया पातर में चबूतरे के पास कर लाश फेक दी गई। इस संबंध में वादी चुनूं मुर्मू पिता घुमा मुर्मू ग्राम हथिया पातर के फर्द बयान पर देवदांड थाना में सुसंगत धाराओं के अनुसार मामला दर्ज कर लिया गया। प्रेस वार्ता में साथ बैठे पुलिस निरीक्षक सदर प्रभाग मधुसूदन मोदक एवं पुलिस निरीक्षक नगर थाना प्रभारी दिनेश मोहली ने भी सहमति जताते हुए घटना के बारे में पुष्टि की। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक गोड्डा ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन कर मामले के तहकीकात का आदेश निर्गत किया। पुलिस टीम की जांच और तकनीकी विभाग की जांच में अप्राथमिक अभियोगी प्रधान सोरेन उम्र 25 वर्ष पिता पटवारी सोरेन ग्राम हथियापाथर थाना देव डांड जिला गोड्डा का नाम सामने आया। उसे कब्जे में लेकर सख्ती से पूछताछ हुई तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और उसके जले बैंट को पुलिस के सामने प्रस्तुत किया। गिरफ्तार किए गए अभियोगी को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। पुलिस की जांच टीम में देव डांड थाना प्रभारी पुअनि राहुल कुमार, पुअनि रौशन कुमार देव डांड थाना, सअ नी शिवनंदन उरांव शामिल थे।

### के बी कॉलेज बेरमो ने चलाया बाल श्रम निषेध जागरूकता

बेरमो। गुरुवार विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, के बी कॉलेज बेरमो ने राजकीयकृत मध्य विद्यालय, जरंगडीह कथारा में बाल श्रम निषेध जागरूकता कार्यशाला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में स्वयं सेवकों की उपस्थिति में चलाया। डा प्रभाकर कुमार ने कहा बाल विकास से ही राष्ट्र की उन्नति संभव है। बच्चे किसी भी राष्ट्र के भावी निमार्ता होते हैं। इस भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी राष्ट्र के साथ साथ हम सबकी है। बच्चों को बाल श्रम जैसे शिकंजे से शिक्षा के अवसर उपलब्ध करवाने से ही इनका भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा 14 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को किसी भी व्यावसायिक प्रक्रिया में नियोजित करने की अनुमति नहीं है। साथ ही 14 से 18 वर्ष के आयु वाले बच्चों को खतरनाक व्यवसायों में नहीं लगाया जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति 14 वर्ष से कम या 14 से 18 वर्ष के बीच की आयु के किसी बच्चे को किसी खतरनाक व्यवसाय या प्रक्रिया में नियोजित करता है, तो उसे एक से छह महीने जेल और या 20,000 से 50,000 रुपए के जुर्माने की सजा का प्रावधान है। एन एस एस के स्वयं सेवकों में सुमीत कुमार सिंह, पीयूष कुमार मंडल, सुधांशु कुमार, सोनू कुमार शर्मा, आकांक्षा अग्रवाल आदि ने पोस्टर स्लोगन के माध्यम से विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का संदेश दिया। जागरूकता अभियान में तिलेश्वर राम, शिक्षक प्रेम कुमार, एन एस एस के स्वयं सेवकों की उपस्थिति रही।

## गोड्डा : विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर विधिक जागरुकता अभियान

# बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध : डालसा




खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह पीडीजे रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर गुरुवार को जिला मुख्यालय सहित पोड़ैयाहाट, महागामा, मेहरमा, बोआरीजोर, बसंतराय, सुंदरपहाड़ी व ठाकुरगंगटी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में डालसा की ओर से गठित टीम में शामिल पीएलवी नवीन कुमार, अविनाश कुमार, मो हसीब आदि ने नगर परिषद क्षेत्र के असनबनी में शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को नालसा की शिशु प्रोजेक्ट, मानव तस्करी आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि होटल, संस्थान या निजी आवास पर कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनन अपराध है। पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल जरुर भेजें। पढ़ाने की बजाय बच्चों से मजदूरी नहीं करायें। बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। कहा कि 14 वर्ष से कम आयु का व्यक्ति बाल मजदूर कहलाता है। ऐसे में इन्हें बाल मजदूरी की मनाही है। ये बच्चे कोयला बीनने, राख के गड्ढे को साफ करने, रेलवे परिसरों में निर्माण कार्य करने, बंदरगाह पर काम करने,पटाखों की दुकान पर काम करने व आतिशबाजी का सामान बेचन, गैरेज में काम करने ढ़लाई के कारखाने में सहित विभिन्न खतरे वाले कामनों से अलग रखने का निर्देश जारी किया गया है। जो व्यक्ति नाबालिग को काम पर रखता है उसके लिए दंड व जुमार्ना का प्रावधान है। इसी प्रकार अन्य प्रखंडों के लीगल एड क्लिनिक की ओर से जगह- जगह शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को बाल मजदूरी से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी

## दुमका : कोयला डंपिंग को लेकर पीएम को आयुक्त के माध्यम से सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** रेलवे स्टेशन पर कोयला डंपिंग और लोडिंग से हो रही समस्याओं से निजात दिलाने के लिए गुरुवार को सिविल सोसायटी प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन सौंपा है। पीएम मोदी को ज्ञापन आयुक्त कार्यालय कक्ष में आयुक्त संताल परगना लालचंद डाडेल के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में बताया कि दुमका रेलवे स्टेशन ही सम्पूर्ण भारत वर्ष में एक मात्र ऐसा स्टेशन जहां प्लेट फार्म संख्या एक और दो पर यात्री एवं प्लेट फार्म संख्या तीन पर कोयला लोडिंग कार्य हो रहा हैं। ज्ञापन में सिविल सोसायटी व दुमका वासियों के द्वारा जब से दुमका रेलवे स्टेशन पर कोयला डंपिंग और लोडिंग कार्य शुरू किया गया। तब से लेकर अबतक स्थानीय प्रशासन, सांसद, विधायक, मुख्यमंत्री, रेलवे के अधिकारी, प्रदुषण नियंत्रण व पर्यावरण विभाग, रेल मंत्री आदि को जितना भी पत्राचार किया गया उनका छायाप्रति संलग्न कर आयुक्त को सौंपा गया। जिससे जल्द से जल्द प्रधानमंत्री इसे संज्ञान में लेकर आमजनता को हो रही परेशानी से निजात दिलाने का काम करेंगे। यदि एक माह के अंदर कोई कार्रवाई नहीं हुआ तो बाध्य होकर सिविल सोसायटी आमजन, छात्र-छात्राओं के सहयोग से कोयला गाड़ी रोको अभियान की शुरूआत धरना के माध्यम से करेगी। प्रतिनिधि मंडल में सोसायटी अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेम केसरी, सचिव संदीप कुमार जय बमबम, कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मी नारायण साह शामिल थे।

## कारो खुली खदान में सुरक्षा नियमों की अवहेलना कर हो रहा कोयला उत्पादन

असुरक्षित ढंग से खदान संचालित होने की शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई : डीएमएस



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल की बीएंडके क्षेत्र की कारो खुली खदान में सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर कोयला उत्पादन किया जा रहा है। फोरेस्ट पैच मे ट्रांसपोर्टर के द्वारा ओबी निस्तारण और कोयला उत्पादन और डिस्पैच की जा रही है। यहां हाईवाल के नीचे असुरक्षित ढंग से कामगारों से काम लिया जा रहा है। इससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है। यूनियन नेताओं के मामले से अवगत कराने के बावजूद प्रबंधन कोई कदम नहीं उठा रहा। जानकारी के मुताबिक खदान में निचले तली मे पानी भरा हुआ है। उसी के समीप ब्लास्टिंग की जा रही है। लोडर और पीसी मशीन द्वारा कोयले की कटाई की जा रही है। क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा परियोजना क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण करने के लिए करोड़ो की लागत से ग्रीन कॉटन बॉल लगाई गई थी। जो लगभग फट कर बर्बाद हो गई है। हरिपाठ के परदे से बनाई गई दीवार पहले कोल माइल से उड़ती धूल को नहीं रोक सकी। इसमें लगाए गए परदे वहीं गिर गए, कहीं फट गए, तो कहीं उड़ गए। लगभग 10 से 12 फीट ऊंची हरे रंग की टाट की दीवार कारो परियोजना सहित कारो बस्ती से करगली गेट स्थित पीओ व करगली वाशरी, कार्यालय रीजनल अस्पताल करगली आदि में लगाई गई थी। खदान में ब्लास्टिंग एवं ट्रांसपोटिंग के क्रम में उड़ती धूल से आसपास के क्षेत्रों के लोगों को परेशानी होती है। कोडरमा जोन के डीएमएस एन पी देवरी ने कहा कि खदान को सुरक्षित ढंग से संचालित करनी है। असुरक्षित ढंग से खदान संचालित होने की लिखित शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैफिक व्यवस्था ठीक करने के लिए शहर को अतिक्रमण मुक्त कराना जरूरी : दुमका डीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** शहर की मुख्य चौक चौराहों से अतिक्रमण हटाने को लेकर जिला प्रशासन ने गुरूवार को अभियान चलाया। अभियान डीसी अभिजीत सिन्हा एवं एसपी पितांबर सिंह खेरवार की संयुक्त अध्यक्षता में चलाया गया। यह अभियान सिंधी चौक से होते हुए टीन बाजार सब्जी मार्केट पहुंची। सिंधी चौक से टीन बाजार के बीच में कई दुकानदारों ने अपने दुकान के सामने अतिक्रमण कर रखा था। जिस पर डीसी ने संज्ञान लेते हुए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए फाइन करने का निर्देश दिया। इसी दौरान रास्ते में दो पहिया वाहन अव्यवस्थित रूप से खड़े दिखे, इसे देखते हुए डीसी ने मुख्य रोड के किनारे फुटपाथ की मरम्मती करते हुए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। टीन बाजार से होते हुए सब्जी मंडी के तरफ बढ़ने के क्रम में देखा गया कि कई दुकानों ने अतिक्रमण कर रखा था। डीसी ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए अतिक्रमण मुक्त करना बहुत जरूरी है। अनावश्यक रूप से लगाए गए दुकानों को अविलंब हटा लेने का निर्देश दिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने डीसी को अवगत कराया कि सब्जी मंडी के समीप बनी पानी टंकी जर्जर स्थिति में है। डीसी में संबंधित अधिकारी को जर्जर स्थिति में पड़े पानी टंकी को हटाने का निर्देश दिया। टीन बाजार से निकलने के बाद यह अभियान रसिकपुर होते हुए टावर चौक पहुंची। इस बीच कई जगहों पर बालू, गिट्टी, कूड़ा आदि रास्ते पर दिखी। साथ ही विभिन्न जगहों पर पथ मरम्मती की भी आवश्यकता थी। संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में डीसी ने टावर चौक, गांधी मैदान, बस स्टैंड आदि जगहों पर भी अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया। इस पूरे अभियान में उपायुक्त ने साफ सफाई पर विशेष बल दिया। साथ ही आमजनों से भी अपील करते हुए कहा कि घरों से निकले कचरो को व्यवस्थित रूप से रखें, रास्ते पर कूड़ा नहीं फेंके। आपके सहयोग से ही शहरी क्षेत्र में सफाई एवं ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ की जा सकेगी। मौके पर एसडीओ, डीटीओ, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, पुलिस उपाधीक्षक सहित व अन्य उपस्थित थे।

## बेरमो : बाल मजदूरी के खिलाफ बच्चों ने उड़ान संस्था के अगुवाई में निकाली प्रभात फेरी, शिक्षा की ली शपथ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बड़कीटांड़ के स्कूली बच्चों ने समाजिक संस्था उड़ान की अगुवाई में गुरुवारको बाल मजदूरी के खिलाफ प्रभातफेरी निकाल अपनी आवाज को बुलंद की। यहां बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल बाल श्रम के खिलाफ संदेश दिया गया। बच्चो ने श्रम नहीं, शिक्षा का संकल्प लिया व कहा कि हम बाल मजदूरी नहीं करेंगे, हम शैक्षणिक कार्यों में योगदान देंगे। हम शिक्षाके मुख्यधारा से जुड़े रहेंगे, हम माता-पिता के कहने पर भी बाल मजदूरी नहीं करेंगे। यहां कार्यक्रम की अगवाई उड़ान संस्था अध्यक्ष शिवलाल टुडू व सचिव मरियम कुमारी ने किया। यहां संस्था अध्यक्ष शिवलाल टुडू ने कहा कि उड़ान संस्था बच्चों के शिक्षा के प्रति संकल्पित हैं और हम लोग चाहते हैं कि गोमिया प्रखंड में कोई भी बच्चा बाल मजदूर न करें और न ही शिक्षा से वंचित रहे। उन्होंने कहा कि हर समाज में जागरूकता फैला कर हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना जरूरी है। बाल श्रम के खिलाफ चल रहे प्रयासों,कानूनों और जमीनी सच्चाई पर चर्चा करते हुए सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। तथा संस्था सचिव मरियम कुमारी ने यह कहा बाल मजदूरी एक अभिशाप है जोहमें आगे बढ़ने से रोकता है,हम शैक्षणिक कार्यों से वंचित हो जाते हैं और हमारी शिक्षा बीच में रुक जाती है तो हम आगे नहीं बढ़ पाते हैं। वही उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा कि कोई भी अपने बच्चों को बाल मजदूर नहीं कराएंगे। प्रभात फेरी में विद्यालय बड़की टांड के प्रधानाध्यापक दीपचंद महतो, तेजू महतो और अर्जुन महतो, लालधन महतो एवं ग्रामीण तथा बच्चे उपस्थित थे।

## श्याम सुंदर जैन के निधन पर जैन मिलन ने किया शोक व्यक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जैन मिलन के पूर्व सचिव एवं दिगंबर जैन समाज के सचिव तथा अन्य कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े श्याम सुन्दर जैन का अंतिम संस्कार गुरुवार को गरगा घाट पर कर दिया गया। बेहद धार्मिक आध्यात्मिक एवं सामाजिक व्यक्तित्व के स्वामी श्याम जैन का निधन इलाज के क्रम में कोलकाता में हो गया था। उनके निधन का समाचार से जैन समाज में शोक की लहर दौड़ गई। अपनी लगनशीलता कर्मठता ईमानदारी व यवहार कुशलता से श्याम सुंदर जैन बोकारो के सफलतम व्यवसायियों में शुमार थे। वे नीलकमल होटल का सफल रूप से संचालन कर रहे थे। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि श्याम सुंदर जैन का निधन समाज के लिए अपूर्णिय क्षति है। श्याम जैन के पुत्र पीयूष जैन ने मुखाग्नि दी। श्याम जैन अपने पीछे पत्नी पुत्र पुत्र वधू,दो पुत्रियां पौत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार में रिषभ जैन डॉ महेंद्र जैन कमल जैन प्रदीप कुमार बैसाखिया संजय जैन विनोद चोपड़ा मनीष जैन सुभाष जैन विकाश जैन सतीश जैन प्रकाश कोठारी सुनील जैन बिमल जैन अनिमेष जैन सुशील बैद अनिमेष जैन मनोज जैन आकाश जैन विकाश जैन अनिल बैद माणिक छल्लाणी निवर्तमान विधायक बिरंची नारायण सहित समाज के लोग एवं व्यवसायी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## विमान हादसे में राजस्थान के 11 लोगों की मौत

**जयपुर।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे में राजस्थान के 11 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में प्रदेश के छह परिवारों के सदस्य शामिल हैं। इनमें 5 बांसवाड़ा, 4 उदयपुर, तथा एक-एक बालोतरा और बीकानेर के निवासी हैं। उदयपुर के प्रतिष्ठित मार्बल व्यवसायी संजीव मोदी के पुत्र शुभ मोदी और पुत्री शगुन मोदी हादसे में मारे गए। दोनों एमबीए करने के बाद पारिवारिक व्यवसाय में सक्रिय थे और लंदन यात्रा पर निकले थे। हादसे की सूचना मिलते ही संजीव मोदी अहमदाबाद के लिए रवाना हुए। उदयपुर जिला कलेक्टर नमित मेहता स्वयं सहेली नगर स्थित मोदी निवास पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। वल्लभनगर निवासी वरदीचंद मेनारिया, जो वर्तमान में हिरणमगरी क्षेत्र में रह रहे थे। हाल ही में लंदन से लौटे थे और पुनः काम के लिए रवाना हो रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी और पुत्र दीपक भी एयरपोर्ट तक पहुंचे थे। इसी यात्रा में रोहिड़ा (ईंटाली) निवासी प्रकाश मेनारिया भी थे, जो लंदन में उनके साथ खाना बनाने का काम करते थे। उदयपुर डीएम ने चारों मृतकों की पुष्टि की है।

## अतुल्य हॉस्टल के चार इमारतें खंडहर में तब्दील

**अहमदाबाद।** सिविल हॉस्पिटल के ठीक पास स्थित 'अतुल्य हॉस्टल' पर एअर इंडिया का ड्रीमलाइनर बोइंग 787 आकर गिरा। हादसा इतना जबर्दस्त था कि हॉस्टल की चारों बिल्डिंग एक साथ धराशायी हो गईं। चारों इमारतें अब सिर्फ धूल, काले धुएं और टूटे सपनों का ढेर बन चुकी हैं। अहमदाबाद के सिविल अस्पताल परिसर में उस वक्त हाहाकार मच गया जब आसमान से एक मौत का परिंदा उतर आया। दोपहर का वक्त था... हॉस्टल की कैंटीन में इंटर्न डॉक्टर लंच कर रहे थे, कोई रोटियाँ तोड़ रहा था, कोई फोन पर मां से बात कर रहा था, कोई नाइट ड्यूटी के बाद सोने की तैयारी में था। किसे पता था कि चंद सेकंड बाद उनकी जिंदगी हमेशा के लिए मलबे में दब जाएगी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसे के बाद यहां सिर्फ चीखें, घुटन और मातम का माहौल था। हर तरफ मलबा था... ईंट-पत्थरों के बीच से कुछ किताबें झाँक रही थीं... कहीं स्टेथोस्कोप दबा था तो कहीं आधी जली डायरी... अस्पताल का कोई कंपाउंडर मलबे से एक व्हाइट कोट निकाल रहा था, जो अब लाल हो चुका था। अंदर जाकर देखा तो पूरा हॉस्टल जैसे खंडहर में बदल चुका था। चारों तरफ सिर्फ राख, धुआँ और बिखरी ज़िंदगियाँ थीं। जो इंटर्न डॉक्टर कल तक अपने सीनियर बनने के सपने देख रहे थे, आज उनकी लाशें बेजान पड़ी थीं। छह शव अब तक मलबे से निकाले जा चुके हैं।

## दिल्ली में भीषण गर्मी को ले रेड अलर्ट जारी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को भीषण गर्मी जारी रहने पर मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया। आईएमडी ने कहा कि राजधानी दिल्ली में गुरुवार को चौथे दिन प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी रहा। विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक राजधानी में 13 जून तक प्रचंड गर्मी और लू जारी रहेगी।

## अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गये डॉ. श्रीनिवास

**वाशिंगटन।** अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) के 178 साल के इतिहास में पहली बार संगठन की कमान एक भारतीय मूल के व्यक्ति ने संभाल ली। डॉ. श्रीनिवास मुक्कमाला को अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। उन्हें लोग प्यार से बॉबी मुक्कमाला कहते हैं। शिकागो में 10 जून की रात श्रीनिवास मुक्कमाला ने 180वें अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए भावुक क्षण हैं। वह इसे व्यक्त नहीं कर सकते। बस यह दिल को छू लेने वाला और विस्मयकारी अवसर है।

# ड्रीमलाइनर की है यह पहली भीषण दुर्घटना

▸▸ भारत में पहली बार एयर इंडिया में 2012 में शामिल किये गये थे ड्रीमलाइनर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुई भीषण विमान दुर्घटना अमरीकी विमान विनिमार्ता कंपनी बोइंग के किसी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का दुनिया में पहला भीषण हादसा है, जिसमें यात्रियों और चालक दल के सदस्यों सहित विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया है। समाचारपत्र न्यूयार्क टाइम्स में प्रकाशित एक लेख के मुताबिक बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों में परिचालन संबंधी कई खामिया प्रकाश में आती रही हैं, जिनमें यात्रियों के घायल होने की भी सूचना भी है। इस लेख के अनुसार इस विमान के साथ अभी तक कोई जानलेवा हादसा नहीं हुआ है। ड्रीमलाइनर भारत में पहली बार एयर इंडिया विमानों में 2012 में शामिल किए गए थे। ये विमान अपनी उच्च तकनीक, ईंधन की बचत और यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक होने के कारण ये विमान विश्वभर की एयरलाइनों की पंसद में ऊपर बने हुए हैं।

ड्रीमलाइनर बोइंग 787 विमान गुरुवार को अपराह्न अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में 230 यात्री, दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सवार थे।



## बीजे मेडिकल कॉलेज में बिखरा शव

### मृतकों की शिनाख्त के लिए होगा डीएन टेस्ट

**अहमदाबाद।** एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान (एआई171) का मलबा बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में चिकित्सकों के छात्रावास व आवासीय क्वार्टरों के आसपास बिखरा हुआ है। गुजरात के इतिहास में सबसे भीषण दुर्घटनाओं में से एक हादसे के बाद वायरल हुए वीडियो में मलबे में झुलसे हुए शव भी दिखाई दे रहे हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद 242 यात्रियों को लेकर अहमदाबाद से लंदन जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटनास्थल के आसपास का इलाका घनी आबादी वाला है। पूरे दुर्घटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है। बचे हुए लोगों की जान बचाने तथा शवों को निकालने का काम जारी है। विमान ने अपराह्न एक बजकर 39 मिनट पर उड़ान भरी और इसके तुरंत बाद ही यह बीजे मेडिकल कॉलेज एवं सदर अस्पताल के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के छात्रावास तथा आवासीय क्वार्टरों के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान का एक हिस्सा पांच मंजिला इमारत से बाहर निकला हुआ था। चश्मदीद हरेश शाह ने बताया कि विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले बहुत तेजी से नीचे आ रहा था। इमारत से टकराने पर धमाके जैसी आवाज आई और विमान व इमारत में आग लग गई। घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचने वाले स्थानीय निवासियों ने यात्रियों के साथ-साथ इमारत में मौजूद लोगों को बचाने की कोशिश की। निवासियों द्वारा मोबाइल फोन पर शूट किए गए शुरूआती फुटेज में मलबे के बीच झुलसे हुए शव दिखाई दिए। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि विमान छात्रावास के डाइनिंग हॉल (खाना खाने की जगह) से टकराया, जहां लोग मौजूद थे। उनमें से कई घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। अहमदाबाद शहर के पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने बताया कि बचाव अभियान अब भी जारी है और बचावकर्मी जीवित बचे लोगों को खोजने की कोशिश कर रहे हैं। विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए परीक्षण किया जाएगा। गुजरात स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि अधिकारी ने मृतकों की संख्या बताने से इनकार किया।

## विमान हादसे पर दुनिया के कई नेताओ ने जताया शोक


एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दुनियाभर के कई नेताओं ने गुरुवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास 242 लोगों को लेकर लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान हादसे को दुखद बताते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने विमान दुर्घटना में पीड़ित व्यक्तियों के प्रति सहानुभूति एवं संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ब्रिटेन के नागरिकों को लेकर अहमदाबाद से लंदन के लिये रवाना हुए दुर्घटनाग्रस्त विमान की तस्वीरें भयावह हैं। मुझे स्थिति के बारे में अपडेट दिया जा रहा है और दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाए यात्रियों और उनके परिजनों के साथ हैं।

इस बीच भारत में ब्रिटिश उच्चायोग ने कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर तथ्यों का पता लगाने और सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। उच्चायोग ने कहा कि किसी भी ब्रिटिश नागरिक को अगर कांउसलर सहायता की आवश्यकता है या जिन्हें दोस्तों या परिवार के बारे में चिंता है उन्हें आयोग की वेबसाइट के अनुसार 0207008 5000 पर कॉल करना चाहिए। इस बीच भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने इस हादसे को ' बड़ी दुखद आपदा बताया। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद से दिल दहला देने वाली खबर आ रही है। इस बड़ी दुखद आपदा पर पीड़ितों के परिजनों, करीबी लोगों तथा सभी भारतीयों और भारत सरकार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है।

### दुर्घटनाग्रस्त विमान की तस्वीरें भयावह : ब्रिटेन





अहमदाबाद में विमान हादसे के बाद राहत कार्य में लगे दमकर्मी।

## दुश्मनों की कमर तोड़ने को 'रुद्रास्त्र' तैयार

▸▸ पोखरण में डेढ़ घंटे में 170 किमी से अधिक दूरी तक क्षमता का किया प्रदर्शन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) ने पोखरण फायरिंग रेंज में अपने हाइब्रिड वीटीओएल यूएवी रुद्रास्त्र के परीक्षण पूरे कर लिए हैं। यह परीक्षण भारतीय सेना ने निर्धारित प्रदर्शन मापदंडों के अनुरूप किये, जिसमें वर्टिकल टेक ऑफ लैंडिंग शामिल थी। यूएवी ने डेढ़ घंटे में 170 किमी से अधिक दूरी तक जाकर मजबूत परिचालन क्षमता का प्रदर्शन करके मूल लॉन्च बिंदु पर सफलतापूर्वक वापस लौटा। भारत ने रक्षा प्रौद्योगिकी में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) ने हाइब्रिड वर्टिकल टेक ऑफ एंड लैंडिंग यूएवी 'रुद्रास्त्र' विकसित किया है। एसडीएएल ने यूएवी के परीक्षण 11 जून को राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में किये। यह परीक्षण भारत की सैन्य शक्ति को मजबूत करने और क्षेत्रीय चुनौतियों, विशेष रूप से पाकिस्तान के खिलाफ एक कड़ा जवाब देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। परीक्षण के दौरान



सटीक निर्देशित एंटी पर्सनल वारहेड की भी तैनाती की गई थी। परीक्षण के दौरान मध्यम ऊंचाई से गिराए जाने पर गोला-बारूद ने कम ऊंचाई पर विस्फोट किया, जिसने सामरिक प्रभावशीलता बेंचमार्क को पूरा किया। यह सफल प्रदर्शन भारत की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों की खोज में प्रमुख मील का पत्थर और आत्मनिर्भर पहल के तहत स्वदेशी सैन्य तकनीक को सुदृढ़ बनाने के भारत के प्रयासों में एक बड़ा कदम है।

मिशन की बहुमुखी स्थितियों को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए यूएवी रुद्रास्त्र ने अपनी प्रमुख विशेषताओं को प्रदर्शित किया, जिसमें वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग, विस्तारित उड़ान रेंज, रियल टाइम निगरानी और सटीक निशाना शामिल है। यूएवी रुद्रास्त्र वर्टिकल टेक ऑफ और लैंडिंग में माहिर है, जिसकी 170 किलोमीटर से अधिक की रेंज है और सटीक लक्ष्य को भेदने में कारगर है, जो इसे युद्ध के मैदान में एक शक्तिशाली हथियार बनाता है। रुद्रास्त्र अपने वर्टिकल टेक ऑफ और लैंडिंग क्षमता के कारण दुर्गम इलाकों में भी प्रभावी ढंग से परिचालन कर सकता है।

यह ड्रोन भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो डीआरडीओ के रूस्तम कार्यक्रम के साथ मेल खाता है, जिसने 180-220 हॉर्सपावर के स्वदेशी इंजनों के साथ इसी साल फरवरी में ट्रायल पूरे किए हैं।

## ईरान पर हमले की तैयारी में इजराइल

### अमेरिका ने अपने नागरिकों को क्षेत्र छोड़ने की दी सलाह

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर चल रही अप्रत्यक्ष वार्ता के बीच इजराइल ने बड़ा फैसला लिया है। अमेरिकी अधिकारियों को बताया गया है कि इजराइल, ईरान में सैन्य अभियान शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अमेरिका को लगता है कि ईरान पड़ोसी इराक में कुछ अमेरिकी साइटों पर जवाबी कार्रवाई कर सकता है। यही कारण है कि अमेरिका ने बुधवार को कुछ अमेरिकियों को इस क्षेत्र को छोड़ने की सलाह दी। एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि विदेश विभाग ने गैर-आपातकालीन सरकारी अधिकारियों को बढ़े हुए क्षेत्रीय तनाव के कारण इराक छोड़ने का आदेश दिया। पेंटागन ने सैन्य परिवार के सदस्यों को स्वेच्छा से मध्य पूर्व को छोड़ने के लिए अधिकृत किया है। दो अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ आने वाले दिनों में देश के परमाणु कार्यक्रम पर छठे दौर की वार्ता के लिए ईरान से मिलने की योजना बना रहे हैं। ट्रंप ने बुधवार को कैनेडी सेंटर में एक कार्यक्रम में ईरान के बारे में बात की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका नहीं चाहता कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करे। इस बीच, ईरान के रक्षा मंत्री अजीज नसीरजादेह ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि यदि परमाणु वार्ता विफल हो जाती है और हम पर संघर्ष थोपा जाता है तो इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स मेजबान देशों में सभी अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाएगा। इस घटनाक्रम के बीच यूके समुद्री व्यापार संगठन ने बुधवार को जहाजों को फारस की खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी में सावधानी बरतने की सलाह दी है। इजराइल के अधिकारियों और व्हाइट हाउस के प्रवक्ताओं ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ईरान के साथ किसी भी समझौते को लेकर बहुत संशय में रहे हैं। ईरान की 1979 की क्रांति के बाद से ही दोनों देश दुश्मन बने हुए हैं। नेतन्याहू के कार्यालय का कहना है कि इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के विकास को रोकने के लिए अनगिनत प्रत्यक्ष और गुप्त अभियानों का संचालन किया है। पिछले महीने ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने नेतन्याहू से आग्रह किया था कि जब तक उनका प्रशासन ईरान के साथ बातचीत जारी रखे, तब तक वह ईरान पर हमला न करें। उल्लेखनीय है कि 2015 में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ईरान के साथ एक समझौता किया था।

## योग दिवस पर विशाखापत्तनम में प्रधानमंत्री मोदी करेंगे योग

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशाखापत्तनम में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम में योग करेंगे। वे वहां पर 45 मिनट में 19 योग आसन करेंगे। उनके साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू भी वहां मौजूद रहेंगे।

केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने गुरुवार को नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विशाखापत्तनम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ 40 देशों के राजनयिक भी शामिल होंगे। साथ ही 20 देशों से आए योग आचार्य और प्रशिक्षित लोग भी मौजूद रहेंगे। इनके अलावा अन्य 20 देशों के भारत में रहने वाले छात्र-छात्राएं भी योग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष योग दिवस की थीम। यह थीम व्यक्तिगत संतुलन और वैश्विक सामंजस्य को बहाल करने की भारत की योग की शक्ति को रेखांकित करती है। दिल्ली में भी योग दिवस को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं।







## इजरायल-ईरान तनाव से शेयर बाजार में कोहराम

### सेंसेक्स 823 और निफ्टी 253 अंक लुढ़का

एजेंसी

**मुंबई।** इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार में कोहराम मच गया। सेंसेक्स 823.16 अंक अर्थात 1.00 प्रतिशत का गोता लगाकर 81,691.98 अंक और निफ्टी 253.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत लुढ़ककर 24888.20 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 45,827.04 अंक और स्मॉलकैप 1.38 अंक लुढ़ककर 53,531.47 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में कुल 4151 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2729 में



बिकवाली जबकि 1282 लिवाली वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2969 कंपनियों के शेयरों में से 2112 में गिरावट जबकि 783 में तेजी रही वहीं 74 में टिकाव रहा।

बीएसई के 21 समूहों में जबरदस्त बिकवाली हुई। कमोडिटीज 1.22, सीडी 1.67, ऊर्जा 1.76, एफएमसीजी 1.24, हेल्थकेयर 0.11, इंडस्ट्रियल्स 1.98, आईटी 1.04, दूरसंचार 0.93, यूटिलिटीज 2.18, ऑटो 1.71, बैंकिंग 0.82, कैपिटल गुड्स 1.95, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.02, तेल एवं गैस 2.10, पावर 2.19, रियल्टी 2.07, टेक 0.97, सर्विसेज 1.50 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.93 प्रतिशत गिर गए। सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में टाटा मोटर्स 2.89, टाइटन 2.52, इटरनल 2.28, पावरग्रिड 2.25, टाटा स्टील 2.24, एलटी 2.20, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.09, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.76, एक्सिस बैंक 1.53, इन्फोसिस 1.43, एनटीपीसी 1.36, अल्ट्रासिम्को 1.32, नेस्ले इंडिया 1.29, आईटीसी 1.21 और एसबीआई 1.14 प्रतिशत शामिल रही। एचसीएल टेक 1.13, टीसीएस 1.10, कोटक बैंक 0.87, एयरटेल 0.82, अदानी पोर्ट्स 0.80, बजाज फाइनेंस 0.64, रिलायंस 0.63, एचडीएफसी 0.39, आईसीआईसीआई बैंक 0.39 प्रतिशत उतर गए।

### निवेशकों को 6.15 लाख करोड़ की चपत

शेयर बाजार में गिरावट से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 6.15 करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप घट कर 449.42 लाख करोड़ रुपये हो गया। बुधवार को मार्केट कैप 455.57 लाख करोड़ रुपये था।

### एविएशन सेक्टर के शेयरों में भारी गिरावट

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के कारण एविएशन सेक्टर से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में भी जोरदार गिरावट दर्ज की गई। इंडिगो का संचालन करने वाली कंपनी इंटर ग्लोब एवियशन लिमिटेड के शेयर तीन प्रतिशत से अधिक टूट गए। स्पाइसजेट के शेयर भी 1.7 प्रतिशत से अधिक की गिरावट का शिकार हो गए। घरेलू बाजार के अलावा न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में प्री मार्केट ट्रेडिंग सेशन के दौरान बोइंग के शेयर भी 5 प्रतिशत से अधिक टूट गए। हादसे का असर अमेरिका के विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग के शेयर न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (एनवाईएसई) के प्री मार्केट ट्रेडिंग सेशन के दौरान 5 प्रतिशत से भी अधिक टूट गए। अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के शेयर 51.20 रुपये तक टूट गए।